CMYK

अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 23°C
तापमान

सेंसेक्स 81,330.56
निफ्टी 24,666.90

सोना 96,555
चांदी 97,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 15 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 264 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 16 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## CDS व तीनों सेना प्रमुखों ने राष्ट्रपति को दी ऑपरेशन की जानकारी

■ मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान-ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन ने इस बारे में सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई। इस पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के जवाब को शानदार सफल बना दिया। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली।** भाजपा बुधवार से देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। बुधवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ, देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ओडिशा के भुवनेश्वर में सीएम मोहन चरण माझी और ठाणे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं के जवानों ने जिस तरह से पाकिस्तान को जवाब दिया, पूरे विश्व ने उनके साहस का लोहा माना है। उन्होंने ये साबित कर दिया है कि अगर कोई भारत को छेड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।' 23 मई तक चलने वाली 10 दिवसीय तिरंगा यात्रा की शुरुआत मंगलवार को की गई थी। इस दौरान दिल्ली में कर्तव्य पथ पर यात्रा निकाली गई। इसमें दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, भाजपा नेता तरुण चुघ और राज्य सरकार के सभी मंत्री शामिल हुए। इसके साथ ही देश के कई राज्यों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंचकुला में हरियाणा के सीएम नवाब सिंह सैनी और गुजरात के अहमदाबाद में सीएम भूपेंद्र पटेल, गोवा में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यात्रा का नेतृत्व किया।

### न्यायमूर्ति गवई बने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति बीआर गवई ने बुधवार को यहां उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह इस वर्ष 23 नवम्बर तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है, जो मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गए। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश और कुछ पूर्व न्यायाधीश समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### पाक रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ को छोड़ा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। श्री शॉ 20 दिन से पाकिस्तान रेंजर्स के कब्जे में थे। बीएसएफ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बुधवार सुबह 10:30 बजे कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ द्वारा पाकिस्तान से वापस लाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार श्री शॉ 23 अप्रैल 2025 को लगभग 11:50 बजे फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी पर रहते हुए अनजाने में पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे और उन्हें पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

# बड़बोले मंत्री को महंगी पड़ी कर्नल सोफिया पर टिप्पणी

## हाईकोर्ट के आदेश पर विजय शाह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

भोपाल, वार्ता

**मध्य प्रदेश** सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि चार घंटे के भीतर मंत्री शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। बता दें कि विजय शाह का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया था। उनके इस बयान को लेकर देशभर में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। मध्य प्रदेश के कई शहरों में कांग्रेस मंगलवार से ही प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस मंत्री शाह के इस्तीफे की मांग पर अड़ी है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने शाह को तत्काल कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग करते हुए पीएम मोदी को भी पत्र लिखा है। इसी बीच अब जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान पर मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने एमपी के डीजीपी को विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए डीजीपी को 4 घंटे का समय दिया है। हालांकि इस बारे में कोर्ट का विस्तृत आदेश अभी -**शेष पृष्ठ दो पर**



अदालत ने विवादित बयान पर लिया स्वत: संज्ञान



मप्र हाईकोर्ट ने डीजीपी को दिए कार्रवाई करने के निर्देश

## एयर स्ट्राइक में कई पाक एयरबेस तबाह




**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए थे। प्राइवेट कंपनी मैक्सार के सैटेलाइट ने इन तबाह एयरबेस की फोटोज जारी की हैं। मैक्सार ने पाकिस्तान के जिन एयरबेस की फोटोज जारी की हैं, उनमें सरगोदा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर के एयरबेस हैं। फोटोज में साफ देखा जा सकता है कि हमले के पहले और बाद में वहां क्या स्थिति थी। सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और बीएसएफ के दो जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।

# JNU ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

## भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से किया इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओयू) खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा कि हम देश के साथ खड़े हैं।

वहीं, भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्की के सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर से बैन हटा लिया। दोनों अकाउंट सिर्फ 5 घंटे ब्लॉक रहे। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप था। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच भारतीय व्यापारियों में तुर्की के रुख को लेकर नाराजगी है। दिल्ली, यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक व्यापारियों ने तुर्की के सामान का विरोध किया है। इसकी वजह तुर्की का पाकिस्तान को समर्थन देना है। भारत के व्यापारी तुर्की से बड़ी मात्रा में सेब मंगाते हैं। इस बीच भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से इन्कार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्की से सालाना 1200 करोड़ रुपये का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है। गाजियाबाद के एक व्यापारी ने बताया, तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। इसी वजह से हमने फैसला लिया है कि तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। एक अन्य व्यापारी शादाब खान ने बताया कि हमने तुर्की के हर सामान का बायकाट किया है। सेब के अलावा तुर्की से हम कई सामान आयात करते थे। हमने ये फैसला इसलिए लिया, क्योंकि तुर्की, पाकिस्तान का सपोर्ट करता है।

■ कहा: हम देश के साथ हैं, तुर्की पाक को ड्रोन भेजता है?






## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय मानवाधिकार का प्रशिक्षण आज से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) युवा पीढ़ी में मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की व्यापक समझ बढ़ाने के उद्देश्य से देश के दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इस विषय में 'ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' गुरुवार से शुरू करने जा रहा है। मानवाधिकार आयोग ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 80 छात्र-छात्राओं को चुना गया है। इसके लिए देश भर 1,795 आवेदन प्राप्त हुए थे। आयोग के महासचिव ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज औपचारिक रूप से उद्घाटन किया और विस्तृत कार्यक्रम की शुरुआत कल होगी।

### मणिपुर में 12 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस और सुरक्षाबलों के विभिन्न अभियानों में कथिततौर पर कई उग्रवादी संगठनों के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज यहां बताया कि थौबल जिले के लिलोंग-पीएस के अंतर्गत लिलोंग नुनगेई इलाके में एक उग्रवादी को पकड़ा गया, जबकि बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग वार्ड नंबर 3 इलाके में एक-दूसरे अभियान में एक अन्य उग्रवादी को गिरफतार कर लिया गया। इस बीच राज्य पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के कोइरेंगेई काबुई खुल गेट से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उधर सुरक्षाबलों ने टेंग्नौपाल जिले के योंगखुल गांव से विभिन्न संगठनों के सात सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के वांगबल से एक अन्य उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया।

### शिवराज पूर्वोत्तर के तीन दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार से तीन दिन की पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और असम, मिज़ोरम एवं नागालैंड में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि दौरे के दौरान कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह किसानों तथा स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे। श्री चौहान 29 मई से शुरू होने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में राज्यों की सहभागिता पर भी चर्चा करेंगे।

### आंध्र में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूबे

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में ब्रह्ममगरी मट्टम मंडल के मल्लेपल्ली गांव में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूब गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राजेंद्र प्रसाद ने मीडिया को बताया कि मृतक बच्चे चरण (15), पार्थसारथी (12), हर्षवर्धन (12), दीक्षित (12) और थारुण यादव (12) मंगलवार रात नहाने के लिए सिंचाई टैंक में उतरे और डूब गए। उन्होंने बताया कि माता-पिता और रिश्तेदारों ने बच्चों की तलाश की और आखिरकार सिंचाई टैंक के किनारे उनके कपड़े मिले। पुलिस ने बच्चों के शवों को टैंक में खोजने के लिए विशेषज्ञ तैराकों को लगाया। इसके बाद सभी पांच शवों को सिंचाई टैंक से निकाल लिया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए प्रोड्डातुर के जीजीएच में भेज दिया गया।

# पाक ने की थी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

श्रीनगर, वार्ता



सीमा पार से जानबूझकर की गई गोलाबारी, पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की हुई मौत: उमर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि हाल ही में सीमा पार से की गई गोलाबारी में अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से जानबूझकर प्रयास किया गया। सीमा पार से गत सात मई से गोलाबारी शुरू हुई। गोलाबारी के चार दिनों में जम्मू-कश्मीर में पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की जान चली गई। पुंछ जिले में 15 लोग मारे गए, जहां पाकिस्तानी सेना की ओर से भारी गोलाबारी की गई थी।

बुधवार को बारामूला जिले के उरी में गोलाबारी प्रभावित इलाकों का दौरा करने पर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। अब्दुल्ला ने उरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो से तीन दिनों के दौरान, उन्होंने (पाकिस्तान ने) नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की और ऐसा लगा कि वे जानबूझकर अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने संघर्ष विराम पर राहत व्यक्त करते हुए कहा कि शुक्र है कि दूसरी तरफ से डीजीएमओ ने फोन उठाया और बात की, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हो सका। अभी तक सीमा और नियंत्रण रेखा पर शांति बनी हुई है। अब्दुल्ला ने संकट के प्रति प्रशासन की प्रतिक्रिया पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्षति का आकलन और राहत कार्य पहले ही शुरू हो चुका है और आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इसमें समय लगेगा, लेकिन हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित लोगों का पुनर्वास हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवासियों के बीच बढ़ते डर के देखते हुए व्यक्तिगत तौर पर बंकरों की फिर से उठी मांग उठी है। उन्होंने कहा कि लोगों ने हाल के वर्षों में बंकरों के बारे में सोचना बंद कर दिया था, लेकिन पिछले कुछ दिनों ने सभी को याद दिलाया है कि सीमा पर स्थिति कितनी खराब हो सकती है। चाहे वह जम्मू हो या कश्मीर की तरफ, मैं जहां भी गया, लोगों ने सामुदायिक बंकरों की बजाय व्यक्तिगत बंकरों की मांग की। सबसे पहले हम तुरंत राहत प्रदान करेंगे। फिर हम केंद्र सरकार से बात करेंगे और गोलाबारी से प्रभावित सभी क्षेत्रों के लिए बंकरों की व्यवस्था करेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि भारत ने इस लड़ाई की शुरुआत नहीं की। पहलगाम में हमारे निर्दोष लोगों पर हमला किया गया। हमले में 26 लोगों की जान चली गई। मैंने पहले दिन से ही यह कहा है। अगर वहां से बंदूकों की आवाज शांत हो जाती हैं, तो यहां से भी गोलियों की आवाज अपने आप शांत हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने गोलीबारी में जान गंवाने वाली नरगिस बेगम के परिवार के प्रति भी संवेदना व्यक्त की और कहा कि कोई भी शब्द उनके दुख या फिर इस त्रासदी की भयावहता को व्यक्त नहीं कर सकता।

### स्वदेशी जागरण मंच ने की तुर्की पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने पाकिस्तान को तुर्की के सैन्य समर्थन की निंदा करते हुए आर्थिक प्रतिबंध, उड़ान प्रतिबंध और पर्यटन बहिष्कार का आह्वान किया है। जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अश्विनी महाजन ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि तुर्की पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं और गैर-आवश्यक आयातों को प्रतिबंधित करें साथ ही संगमरमर, रसायन और मशीनरी जैसी प्रमुख तुर्की वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाएं जाए। तुर्की के लिए सीधी उड़ानों को अस्थाई रूप से निलंबित किया जाना चाहिए और विमानन 'कोडशेयर' विशेषाधिकारों को रद्द किया जाए। भारतीय पर्यटकों को तुर्की यात्रा के लिए हतोत्साहित किया जाए।

# महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में क्यों नहीं



केंद्र से सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया है कि अगर महिलाएं भारतीय वायुसेना में राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती हैं, तो फिर वे सेना की कानूनी शाखा में शीर्ष पदों पर क्यों नियुक्त नहीं हो सकतीं? सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है और केंद्र सरकार के जवाब के बाद पीठ अपना फैसला सुना सकती है। पीठ ने दो महिला अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर फैसला सुरक्षित करते हुए यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि जज एडवोकेट जनरल की परीक्षा में उनकी चौथी और पांचवीं रैंक आई थी, इसके बावजूद उनसे कम रैंकिंग वाले पुरुष अधिकारियों की नियुक्ति की गई। याचिका में कहा गया है कि विभाग में सिर्फ छह पद निकले थे, जिनमें से महिलाओं के लिए तीन ही रिक्तियां थीं। सुनवाई के बाद जस्टिस दत्ता ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से पूछा कि अगर भारतीय वायुसेना में महिलाएं लड़ाकू विमान राफेल उड़ा सकती हैं, तो फिर सेना की जज एडवोकेट जनरल पदों पर ज्यादा महिलाओं को शामिल करना क्यों मुश्किल है?

# जेवर में लगेगी छठी सेमी कंडक्टर इकाई

नई दिल्ली, वार्ता



पीएम की बैठक के बाद सूचना मंत्री ने बताया

केंद्र सरकार ने एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जेवर में 3706 करोड़ रुपये के निवेश से एक और सेमी कंडक्टर इकाई की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह इकाई 2027 में उत्पादन शुरू कर देगी। उन्होंने बताया कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाईयों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में शरू किए गए भारत सेमी कंडक्टर मिशन में जेवर में विकसित होने वाली इस छठी इकाई के साथ भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। ये यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। इस संयंत्र को 20,000 वेफर्स प्रति माह के हिसाब से तैयार किया गया है। इसकी उत्पादन क्षमता तीन करोड 60 लाख चिप प्रति माह होगी। इस संयंत्र में दो लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि सेमी कंडक्टर उद्योग पूरे देश में आकार ले रहा है। देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय संयंत्र स्थापित हो चुकी हैं। देश में 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नए उत्पादों के विकास के लिए विश्व स्तरीय नवीनतम डिजाइन प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है।

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना करते बोले योगी

# एक दिन आतंकवाद पाक को भी निगल लेगा

लखनऊ, वार्ता



जवानों के कारण भारत ने पाक के हौसले पस्त किए, सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं होगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए उन्होंने बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया औरप्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70.75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है। आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। योगी ने कहा कि खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी, लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे।

### प्रमाण के बाद भी बाज नहीं आया पाक

योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया। पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है।

### मिलावटखोरी सामाजिक अपराध

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं, जो लगातार निगरानी रखें। साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ होना चाहिए। योगी को बताया गया कि राज्य में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं के नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्व में कार्यरत छह प्रमुख मंडलों के अलावा अब अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन मंडलों में भी नई प्रयोगशालाएं और कार्यालय स्थापित किए गए हैं। लखनऊ, गोरखपुर और झांसी में प्रयोगशाला भवनों का उच्चीकरण किया गया है। साथ ही, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में तीन आधुनिक माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई हैं, जिनमें सूक्ष्मजीव, प्रोटोजोआ, विषाणु, जीवाणु, माइक्रोटॉक्सिन्स तथा अन्य रोगकारक जीवों की जांच संभव हो पाई है।

## अर्थ व्यापार

# अप्रैल में महंगाई घटने से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई, वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखें गए। इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही, वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। अनाज और शाक-सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई।

इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0.85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। इससे बीएसई में बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का ज़ोर रहा।

इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार में मिलाजुअल रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 2.30 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.86 प्रतिशत चढ़ गया।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से दालें महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 105 रिंगिट उबलकर 3934 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट गिरकर 51.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 150 रुपये, दाल चना 150 रुपये, मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 200 रुपये, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8450-8550 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बीजेपी के मंत्री ने किया सोफिया व नारी का अपमान: अखिलेश

**लखनऊ।** भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है और इसे हर नारी और सेना का अपमान बताया है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मप्र बीजेपी के एक मंत्री का अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं, बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की 'नारी विरोधी' सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। बीजेपी की 'नारी शक्ति वंदन अभियान' जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या, किसी गली-मोहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। सवाल ये है कि इन्हें बीजेपी वाले स्वयं हटाएंगे या इनके खिलाफ एकजुट नारी शक्ति और जनता। बता दें कि बीजेपी नेता और एमपी सरकार के मंत्री विजय शाह ने कथित तौर पर कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक टिप्पणी की थी। उनके इस बयान को लेकर काफी हंगाम हुआ । मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भी लिखा था। कांग्रेस नेता ने कहा था कि मप्र बीजेपी सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की वीरांगना कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर किया गया घृणित और राष्ट्र-विरोधी बयान, न केवल एक गंभीर अपराध है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़बोले मंत्री....** सामने नहीं आया है संज्ञान और एफआईआर के निर्देश देने के बाद कांग्रेस ने कहा कि शाह को भाजपा से भी बाहर करना चाहिए। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने मंत्री विजय शाह के भारतीय सेना और राष्ट्रधर्म निभाने वाली भारतीय बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान को सेना के अपमान, उसकी अस्मिता और मनोबल को गिराने वाला माना है, लिहाजा अब आवश्यक हो गया है कि सरकार माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर करे। अरुण यादव ने आगे कहा कि यदि भाजपा में नैतिकता और देश के लिए कुर्बानी देने वाले भारतीय सेना के प्रति दिली सम्मान है, तो विजय शाह को भाजपा से भी तत्काल प्रभाव से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इससे पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल विजय शाह के खिलाफ एफआईआर कराने भोपाल के श्यामला हिल्स थाने पहुंचा था। हालांकि, यहां शिकायत दर्ज की गई, एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं।

# ट्रम्प के खुलासे पर मोदी क्यों हैं मौन: कांग्रेस



सऊदी में ट्रम्प ने सार्वजनिक कार्यक्रम में किया खुलासा: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खुलासे के बाद भी आम तौर पर मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का अमेरिका के दबाव के सामने चुप्पी साधना हैरान करता है।

कांग्रेस ने कहा है कि ट्रम्प ने खुलासा किया है कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए ब्लैकमेल कर मजबूर किया है। ट्रम्प ने तब एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की जानकारी भी दी थी। पार्टी संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि कुछ दिन पहले हमें पाक के साथ युद्धविराम की जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति से मिली थी। अब कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को इस युद्धविराम के लिए मजबूर किया और ब्लैकमेल किया। इस खुलासे के बारे में आम तौर पर अत्यंत मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है। क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव के सामने भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया।

### संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोई औचित्य नहीं: जदयू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक जनता दल-यूनाइटेड ने बुधवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और सिंदूर अभियान पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग का कोई औचित्य नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यहां कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और भारतीय सेना की कार्रवाई पर विपक्ष संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। विपक्ष चाहता है कि इस पूरे प्रकरण पर व्यापक स्तर पर चर्चा होनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि विपक्ष की इस मांग का कोई औचित्य नहीं है। सरकार इस संबंध में सर्वदलीय बैठक बुलाकर पूरी जानकारी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के वरिष्ठतम राजनेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शरद गुट के अध्यक्ष शरद पवार ने भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग को अव्यवहारिक बताया है। गौरतलब है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पहलगाम आतंकवादी हमले और सैन्य कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK



# सीएम के नेतृत्व में निकाली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** शौर्य स्थल चीड़बाग से गांधी पार्क तक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बुधवार को भव्य "तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा" का आयोजन किया गया। यह यात्रा हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सफलतापूर्वक चलाए गए "ऑपरेशन सिंदूर" की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही। हजारों की संख्या में आमजन, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ पदयात्रा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शौर्य स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि भी दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाले वीर सैनिकों, वायु सेना, नौसेना और सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कहा कि भारत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है।





■ **ऑपरेशन सिंदूर की विजय को समर्पित चीड़ बाग से गांधी पार्क तक यात्रा निकाली**
**भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम: सीएम धामी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने न केवल अपने वीर सपूतों की बहादुरी का प्रदर्शन किया, बल्कि आतंकवाद और उसके समर्थकों को यह स्पष्ट संदेश भी दिया कि नया भारत अब हर आतंकी कार्रवाई का जवाब उसी की भाषा में देगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत किसी भी आतंकी चुनौती का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है और अब देश की सीमाओं की रक्षा अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक से की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वीर भूमि है, जहाँ का लगभग हर परिवार देशसेवा से जुड़ा है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि वे सेना और सुरक्षा बलों के अनुशासन, शौर्य और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' को प्रत्येक वर्ष मनाए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, बृज भूषण गैरोला, भरत चौधरी, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, पूर्व राज्यसभा सांसद तरुण विजय, भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, दर्जाधारी रजनी रावत, डॉ. देवेंद्र भसीन, श्याम अग्रवाल मौजूद थे।

# सेना का अपमान करने वाले कैबिनेट मंत्री को बर्खास्त करें पीएम: कांग्रेस

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह की और से प्रधानमंत्री मोदी मोदी का नाम ले कर देश की सेना का अपमान किया गया, मगर इस मुद्दे पर ना तो प्रधानमंत्री ने कोई कार्यवाही की ना प्रतिक्रिया दी ना ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनको पार्टी से बर्खास्त किया और ना ही मंत्री के खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस ने कोई मुकद्दमा कायम किया। इसलिए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रधानमंत्री से मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मंत्री विजय शाह को पार्टी से सदा के लिए निष्काशित करने व एमपी के मुख्यमंत्री विजय शाह के विरुद्ध मुकद्दमा कायम कर उनको सलाखों के पीछे भेजने की मांग करती है। यह बात बुधवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी की तीसरी पीढ़ी सेना में है और उनका देश के लिए योगदान अतुलनीय है और उन पर जिस तरह का हमला भाजपा के मंत्री ने किया वो



शर्मनाक व देशद्रोह की श्रेणी में आता है। धस्माना ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद देश के सैन्य बलों ने जिस अदम्य साहस का परिचय दिया और पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों व ट्रेनिंग कैंपस को तहस नहस किया और उसकी प्रतिक्रिया में पाकिस्तान सेना द्वारा भारत के कई शहरों पर हमला किया जिसे भारतीय सेना ने बहादुरी से नाकाम कर दिया। इन सब घटनाक्रमों की जानकारी पूरी दुनिया को सेना की दो बहादुर बेटियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह तथा विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दी। धस्माना ने कहा कि पूरे देश को इन तीनों अधिकारियों को पूरा भारत आज बड़े सम्मान की दृष्टि से देख रहा है और इन्हीं की बात पर लोग भरोसा

■ **एमपी के मुख्यमंत्री मुकदमा कायम कर भेजें जेल: धस्माना**

कर रहे थे। धस्माना ने कहा कि भारत पाकिस्तान के युद्धविराम का फैसला राजनैतिक नेतृत्व ने लिया था और उसकी सूचना देश को देने की जिम्मेदारी विदेश सचिव विक्रम मिस्री को दिया गया जिसके बाद कट्टरपंथी भाजपा समर्थकों ने उनको निशाने पर ले लिया। धस्माना ने कहा कि इन ट्रेलर्स ने मिस्री की बेटियों के बारे में भी घोर आपत्तिजनक पोस्ट करना शुरू कर दिया, मगर आज तक इस पर भारत सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की। धस्माना ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ भाजपा सरकार के मंत्री ने अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया व विक्रम मिस्री के खिलाफ जिस प्रकार से भाजपा समर्थकट्रॉलर्स ने मुहीम चलाई और इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई उससे स्पष्ट है कि भारत पाकिस्तान युद्ध में ट्रंप के दखल और उनके ऐलान से हल्कान भाजपा अब नफरती एजेंडा पर लौट रही है।

## विकास योजनाओं को सीएम की मंजूरी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद पिथौरागढ़ में बरड़ बैंड से पांखू कोकिला देवी मंदिर तथा पांखू से धरम घर होते हुए कोटमनिया तक सडक सुधारीकरण व डामरीकरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पूर्व में मसूरी स्थित शहीद स्थल पर शेड के निर्माण किये जाने की घोषणा को मसूरी शहीद स्मारक समिति द्वारा किये गये अनुरोध पर संशोधित करते हुए मसूरी शहीद स्थल से लगी भूमि पर उत्तराखण्ड आंदोलन में शहीदों के नाम पर संग्रहालय बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान की है।**कई योजनाओं को मिली वित्तीय स्वीकृति**मुख्यमंत्री ने जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर में ग्राम पंचायत पीतना में बहुउद्देशीय भवन के निर्माण किये जाने हेतु 95.84 लाख तथा गांधी इंटर कॉलेज पनुआनौला में 04 कक्षों के निर्माण किये जाने हेतु 99.95 लाख की स्वीकृति प्रदान की है।

# राज्य सरकार चिकित्सकों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह संवेदनशील: डॉ. राजेश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. मनोज वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार से मुलाकात कर चिकित्सा समुदाय से जुड़ी विभिन्न लंबित मांगों पर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के विशेषज्ञ चिकित्सकों से संबंधित प्रमुख समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा। वार्ता के दौरान संघ ने विशेष रूप से उन विशेषज्ञ चिकित्सकों के हित में बात रखी जो वर्ष 2016 और 2017 में पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए गए थे। इन्हें अनुमन्य किए गए असाधारण अवैतनिक अवकाश को अवैतनिक अध्ययन अवकाश में परिवर्तित किए जाने की माँग प्रमुखता से उठाई गई। यह परिवर्तन न केवल सेवा पुस्तिका में स्पष्टता लाएगा, बल्कि चिकित्सकों की वरिष्ठता और भविष्य की प्रोन्नति पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार



■ **स्वास्थ्य सचिव से हुई प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ प्रतिनिधिमंडल की सकारात्मक वार्ता, अध्ययन अवकाश पर मिला आश्वासन**

ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और कहा कि राज्य सरकार चिकित्सकों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। पीजी में गए चिकित्सकों के अध्ययन अवकाश से जुड़ा यह विषय तकनीकी व प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और हम इसे यथोचित प्राथमिकता के साथ हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की मंशा है कि चिकित्सकगण बिना अनावश्यक बाधाओं के अपने दायित्वों का निर्वहन करें और उनकी सेवा संबंधित सभी विषयों का निराकरण पारदर्शिता एवं नियमों के अनुरूप किया जाए।
स्वास्थ्य सचिव के इस आश्वासन से चिकित्सा समुदाय में संतोष और भरोसे का वातावरण बना है। इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. परमार्थ जोशी, डॉ. निशांत अंजुम एवं डॉ. अभिषेक नौटियाल भी उपस्थित रहे।

# हरिद्वार कॉरिडोर एवं ऋषिकेश मास्टर प्लान पर तेजी से होगा काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हरिद्वार कॉरिडोर, ऋषिकेश मास्टर प्लान और शारदा कॉरिडोर के सम्बन्ध में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में बैठक ली। बैठक के दौरान उत्तराखंड निवेश एवं अवसं. रचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) ने उक्त विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया।
मुख्य सचिव ने कहा कि हरिद्वार कॉरिडोर के अंतर्गत सभी प्रोजेक्ट्स की प्राथमिकता निर्धारित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रोजेक्ट्स को शीघ्र धरातल पर उतारने की आवश्यकता है, उनको प्राथमिकता पर लेते हुए कार्य प्रारम्भ किए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि हरिद्वार एवं उसका धार्मिक महत्त्व भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में रह रहे लोगों की आस्था से जुड़ा है हरिद्वार कॉरिडोर के विकास कार्यों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि आस्था से जुड़े क्षेत्रों एवं उनके मूल स्वरूप से किसी



प्रकार की छेड़छाड़ ना हो। उन्होंने योजनाओं से जुड़े हितधारकों से लगातार संवाद किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार कॉरिडोर के अंतर्गत सभी प्रोजेक्ट पर बजट, कार्यदायी संस्था, उसका रखरखाव सहित समग्र प्लान शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने यूआईआईडीबी को प्रत्येक प्रोजेक्ट की प्रकृति को देखते हुए, उनसे सम्बन्धित विभागों को योजना में शामिल किए जाने के निर्देश दिए।
मुख्य सचिव ने हरिद्वार कॉरिडोर के प्रोजेक्ट्स पर चर्चा के दौरान ब्रह्मकुंड और महिला घाट के क्षेत्र को बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सती कुंड के पुनर्विकास कार्य में सती कुंड के ऐतिहासिक महत्त्व और उसकी थीम को बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि नदी दर्शन में अवरोध न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की डीपीआर तैयार हो गयी है, उन पर आगे की कार्यवाही शीघ्र शुरू की जाए।

## शारदा नदी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट की भी प्राथमिकता

मुख्य सचिव ने शारदा नदी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट के कार्यों की भी प्राथमिकता निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रकृति के अनुसार सम्बन्धित विभाग द्वारा ही कार्यों को संपन्न कराया जाए। उन्होंने वन भूमि में ईको टूरिज्म गतिविधियों को शामिल किए जाने की भी बात कही। उन्होंने यूआईआईडीबी को जिलाधिकारी चंपावत की प्राथमिकता वाले प्रोजेक्ट्स को भी शारदा कॉरिडोर में शामिल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना में टूरिज्म सर्किट के विकास के साथ ही कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए हेलीपैड और हेलीपोर्ट के प्रावधान रखे जाएं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव नितेश कुमार झा, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. वी. षणमुगम एवं मुख्य वन संरक्षक पी. के. पात्रो सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय सेना के आगे विफल हुए पाक के न्यूक्लियर वेपन्स: महाराज

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण,पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के ठिकानों को चुन-चुनकर तबाह कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी एयर बेस और आतंकी ठिकानों को नष्ट करने में नाविक उपग्रह की भी अति महत्वपूर्ण भूमिका रही है।
उन्होंने बताया कि नाविक उपग्रह एक स्वदेशी नौवहन उपग्रह प्रणाली (आईआरएनएसएस) है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विकसित किया है। यह नेविगेशन, समय निर्धारण और स्थिति निर्धारण सेवाएं प्रदान करता है। यह अमेरिका के जीपीएस की तरह ही काम करता है। नाविक का उपयोग स्थलीय, हवाई और समुद्री



नेविगेशन, आपदा प्रबंधन, वाहन ट्रैकिंग और अन्य कई अनुप्रयोगों में किया जाता है। नाविक सैटेलाइट का एक नमूना मसूरी स्थित जार्ज एवरेस्ट के संग्रहालय में भी रखा गया है। महाराज ने कहा कि इस आपरेशन में हमारी सेना की बहादुरी, कौशल और समर्पण ने एक बार फिर देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। उन्होंने आपरेशन की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, एनएसएए अजित डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौ सेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह, भारतीय सेना सभी अधिकारियों और सेना की भूमिका की सराहना करते हुए बधाई दी है।

महाराज ने कहा कि पाकिस्तान की और से भारत पर बार-बार न्यूक्लियर हमले की गीदड़ भपकी देने वाले पाकिस्तान के नूरखान एयर बेस पर भारतीय सेना के हमले के बाद उसके न्यूक्लियर वेपन्स धरे के धरे रह गये हैं। बताया तो यहां तक भी जा रहा है कि पाकिस्तान के किराना हिल्स पर स्थित उसके न्यूक्लियर वेपन्स भी भारतीय हमले की जद में आये हैं।
उन्होंने कहा कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की और से आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान की मदद करने वाले देश तुर्की और अजरबैजान की यात्रा का पूरी तरह से बहिष्कार का निर्णय उचित एवं स्वागत योग्य है।

# यूटीयू में एआई रिसर्च हब, आईओटी व रोबोटिक्स लैब का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू), सुद्धोवाला परिसर में बुधवार को एक तकनीकी युग का नया अध्याय जुड़ा। राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च हब, आईओटी एवं रोबोटिक्स लैब का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर 'उत्कर्ष 1. 0,हैकाथॉन' का भी आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश के 25 तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

राज्यपाल ने छात्रों की और से विक. सित चौटबॉट, डैशबोर्ड और मोबाइल ऐप्स का अवलोकन किया और नवाचार की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही भारत को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त राष्ट्र बनाने की आधारशिला है। उन्होंने इस



अवसर पर छात्रों के समक्ष 'डीप शिवा' नामक उन्नत चौटबॉट तैयार करने की चुनौती भी रखी, जो मौजूदा चौटबॉट डीप सीक से 108 गुना बेहतर होगा। हैकाथॉन में कुल 1100 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 216 टीमों ने भाग लिया। पहले चरण के बाद 71 टीमों को फाइनल राउंड में प्रवेश मिला। सभी विजेताओं को राज्यपाल ने सम्मानित किया गया।

## 'डीप शिवा' के लिए तीन पुरस्कार घोषित

राज्यपाल ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए तीन पुरस्कारों की घोषणा की
प्रथम पुरस्कार, 5 लाख, द्वितीय 3 लाख, तृतीय 2 लाख। यह परियोजना 31 दिसंबर, 2025 तक पूरी करनी होगी। इसके लिए राज्यपाल ने कुल. पति को आवश्यक दिशा-निर्देशों के तहत प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। वहीं, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की बीटेक छात्रा प्रिंसी रस्तोगी को उनके प्रभावशाली प्रेजेंटेशन और तकनीकी समझ के लिए राज्यपाल ने 10,001 की प्रोत्साहन राशि सौंपी।

■ **'उत्कर्ष 1.0' हैकाथॉन में 25 संस्थानों के छात्रों ने दिखाया नवाचार, 'डीप शिवा' चौटबॉट निर्माण की दी गई चुनौती**

## विजेता टीमों की सूची

**चौटबॉट श्रेणी में:** जेबीआई कॉलेज, देहरादून को प्रथम, जीबीपीआईईटी, पौड़ी
द्वितीय व शिवालिक इंजीनियरिंग कॉलेज, देहरादून को तृतीय स्थान मिला। वहीं, डैशबोर्ड श्रेणी में: आईटी गोपेश्वर को प्रथम, तुलाज इंस्टीट्यूट, देहरादून को द्वितीय व तृतीय स्थान मिला।
**मोबाइल ऐप श्रेणी में**, फैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी, यूटीयू को प्रथम,रुड़की कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को द्वितीय व बीआईएएस, भीमताल को तृतीय स्थान मिला। राज्यपाल ने चौटबॉट, डैशबोर्ड और मोबाइल ऐप श्रेणियों में विजेता टीमों को क्रमश: 50,000, 30,000 और 20,000 की धनराशि देने की घोषणा की।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था का आधार बनेगी एआई: उनियाल

तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में वैश्विक अर्थव्यवस्था का आधार बनेगी। उन्होंने इसे जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों में भी कारगर बताया। वहीं, कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विश्व. विद्यालय की और से किए गए डिजिटल नवाचारों, जैसे यूनिवर्सिटी कनेक्ट, यूनिसंगम, एआई अवतार व राजभवन के लिए विकसित क्यूआर आधारित इन्वेंट्री सिस्टम की जानक. ारी दी। इस अवसर पर सनफॉक्स टेक्नोलॉजी के संस्थापक इंजीनियर रजत जैन और दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. पी.बी. शर्मा ने एआईकी संभावनाओं पर अपने विचार रखे।

# रानी अहिल्याबाई का जीवन समाज के लिए सदैव रहा प्रेरणादाई:भट्ट्

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यशाला में रानी अहिल्याबाई को श्री बद्री केदार धाम समेत देशभर के धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार के लिए याद किया गया। वहीं ऑपरेशन सिंदूर में महिला सैन्य अधिकारियों के शौर्य को भी उनके जीवन से प्रेरित बताते हुए देश में महिला सशक्तीकरण का परिचायक बताया।

पार्टी मुख्यालय में पुण्यशलोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर प्रदेश कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, दून यूनिवर्सिटी कुलपति सुरेखा डंगवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने संबंधित किया।
इस मौके पर अपने संबोधन में प्रदेशाध्यक्ष भट्ट ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन देश समाज के लिए सदैव प्रेरणादाई रहा है।



■ **भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यशाला में किया गया याद, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, दून यूनिवर्सिटी की कुलपति सुरेखा डंगवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने रखे विचार**

उनको एक वीरांगना एवं शासक के साथ साथ, धार्मिक एवं सामाजिक सुधार में अभूतपूर्व योगदान के लिए याद किया जाता है।
उन्होंने न केवल 30 वर्षों तक एक बड़े भूभाग पर शानदार शासन किया बल्कि पूरे भारतवर्ष में घूम घूम धार्मिक एवं समाज सुधार के अनगि. नत कार्यों को अंजाम दिया। उत्तर भारत की ही बात करें तो उत्तराखंड में गोचर को गोचर का नाम देने में रानी अहिल्याबाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी तरह स्थान श्री बद्रीनाथ केदारनाथ के साथ काशी विश्वनाथ आदि तमाम धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार एवं मंदिरों के निर्माण का कार्य किया। ऐसे तीर्थ एवं पावन स्थलों में आश्रयस्थल, पेयजल आदि

## अहिल्याबाई ने शासन के साथ ही धार्मिक एवं सामाजिक सुधारो के कार्यों को भी आगे बढ़ाया : रेखा आर्या

इस मौके पर उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि अहिल्याबाई एक यशस्वी महारानी, लोकसेविका और लोक नेता के रूप में याद की जाती है। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा, 31 मई 1795 में इनका जन्म तब हुआ था जब महिलाओं के लिए शिक्षा प्राप्त करना भी आसान नहीं था। लेकिन तात्कालीन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने राज्य के शासन को संभाला, साथ ही धार्मिक एवं सामाजिक सुधारो के कार्यों को भी आगे बढ़ाया। उनके शौर्य और कृत्यों को आज हम आज हम कार्यशाला के माध्यम से मना रहे हैं। निश्चित रूप से कार्यशाला में अहिल्याबाई होल्कर के पूरे जीवनक. ाल और कालखंड से हम लोग प्रेरणा लेंगे कि कैसे उन्होंने अपने जीवन में अच्छे प्रशासक एक अच्छे धार्मिक आस्थक के रूप में स्वयं को स्थापित किया। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमारी मातृ शक्ति आगे बढ़ रही है।

की बड़े पैमाने पर व्यवस्था निर्माण का काम किया, जिनमें बड़ी संख्या में आज भी श्रद्धालुओं की सेवा में मौजूद है। भारतीय जनता पार्टी उनकी 300वीं जयंती को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देश भर में जनसहयोग से मना रहे हैं।
ऐसे ही कार्यक्रमों को भाजपा महिला मोर्चा जिले एवं विधानसभा स्तर पर आयोजित करेंगी।आज की इस कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं विधायक आशा नौटियाल, कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा नेहा जोशी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा नीता डबास, गीता रावत, अर्चना बागड़ी, समेत बड़ी संख्या में महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# घोषणाओं का अंबार, नतीजा शून्य: दसौनी

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने राज्य सरकार के काम-काज पर हमला करते हूए कहा कि 'उत्तराखंड राज्य की स्थिति अंधेर नगरी चौपट राजा की हो गई है।'
दसौनी ने मुख्यमंत्री की विकास कार्यों से जुड़ी हुई 348 अधूरी योजनाओं के चलते सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर कटाक्ष किया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान गरिमा ने कहा कि राज्य में आम गरीब जनता की कितनी सुनवाई है यह इस बात से पता लगाया जा सकता है की स्वयं मुख्या के आठ प्रमुख विभागों में 723 विकास कार्यों से जुड़ी हुई घोषणाओं में से 338 अभी अधूरी है। दसौनी ने बताया कि मुख्य सचिव आनंद वर्धन की समीक्षा बैठक के दौरान यह बात निकल कर आई। गरिमा ने कहा कि युवा कल्याण, वन एवं पर्यावरण, धर्मस्व चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभागों में 50 फीसदी से अधिक घोषणाएं अपूर्ण है। गरिमा ने

■ **विकास कार्यों से जुड़ी 348 अधूरी योजनाओं को लेकर उठाए सवाल, मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर अधिकारी कैसे लेंगे फैसला**

कहा कि जुलाई 2021 से अब तक मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की उनमें युवा कल्याण विभाग में सबसे अधिक 78 प्रतिशत घोषणा अधूरी है, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में 61 प्रतिशत वन एवं पर्यावरण विभाग में 58 प्रतिशत खेल विभाग में 44 प्रतिशत व समाज कल्याण में 31 प्रतिशत घोषणाओं को पूरा किया जाना है। धर्मस्व विभाग में 51 प्रतिशत घोषणाएं अपूर्ण है, जबकि पेयजल विभाग में 26 प्रतिशत घोषणाओं पर अभी काम चल रहा है। संबंधित विभागों को लंबित घोषणाओं पर तेजी से काम करने और जो घोषणाएं व्यावहारिक नहीं है उन्हें निरस्त करने और जिन घोषणाओं में ज्यादा धनराशि की आवश्यकता है उनके लिए बाह्य सहायतित योजनाओं के तहत बजट जुटाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। गरिमा ने बड़ा सवाल किया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल को कुछ ही समय रह गया है ऐसे में कौन सी घोषणा व्यावहा. रिक है और कौन सी नहीं और किस घोषणा को निरस्त किया जाना चाहिए किसे नहीं यह फैसला लेने के लिए अधिकारी कब से अधिकृत हो गए? या सिर्फ यह माना जाए कि मुख्यमंत्री घोषणाएं जनता को बेवकूफ बनाने के लिए करते हैं और बाद में अधिकारी अपने स्तर पर उन्हें निरस्त कर देते हैं। क्योंकि घोषणाएं मुख्यमंत्री की है तो ऐसे में अधिकारी उन पर फैसला कैसे ले सकते हैं? कहा कि आज राज्य में यदि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर ही अमल नहीं हो रहा है तो अधिकारी आम जनता और विपक्ष की कितनी सुन रहे होंगे यह समझा जा सकता है। और मुख्यमंत्री का अधिकारियों के ऊपर कितना कंट्रोल है घोषणाओं पर काम न होना भी उसी की बानगी है।

CMYK

## एक नजर

### ननद व ससुर पर जानलेवा हमला करने का आरोप

**काशीपुर।** एक महिला ने अपनी ननद और ससुर पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना क्षेत्र के वैशाली काला. नी निवासी एकता गुप्ता पत्नी शुभम गोयल पुलिस को तहरीर सौंपी। कहा कि मंगलवार सुबह आठ बजे अपनी रसोई में चाय बनाने के लिए गई थी। इसी बीच ननद आकांशा गोयल, ससुर मनोज गोयल ने उसे पकड़ा और जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर किसी धारदार हथियारसे वार किया। आरा. प लगाया कि सास, ससुर, ननद व पति उसे आए दिन प्रताड़ित करते हैं और घरवालों से दहेज मांगते रहते हैं। आरोप लगाया कि ससुराली उसे खर्च मानहा देते। वह अपने परिवार व माता-पिता से रुपये मंगाकर अपना गुजारा कर रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने दस वारंटी गिरफ्तार किए

**काशीपुर।** पुलिस ने लंबे समय से फरार चले रहे 10 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ वारंट जारी किए गए थे। बुधवार को कोतवाली पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट, एनआई एक्ट आदि मामलों में काफी समय से फरार चल रहे दस वारंटी अजयपाल निवासी शिवालालपुर अमरझंडा, अतीक अहमद निवासी कविनगर, प्रसाद निवासी कुंडेश्वरी, मुनेश कुमार निवासी महुआखेड़ागंज, सतनाम सिंह व राजबहादुर निवासी खड़कपुर, अवतार सिंह निवासी ढकिया, सचिन, सजनी व अनिता निवासी वैशाली कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमर चंद शर्मा, एसएसआइ अनिल जोशी, एसआइ चन्दन सिंह, सुनील सुतेड़ी, मनोज धौनी, संतोष देवरानी, नीमा बोहरा, कांस्टेबल तारा चन्द, सचिन कुमार, दिनेश त्यागी, देवगिरी, वीरेन्द्र सिंह, सुनील कुमार व महिला कांस्टेबल नेहा मेहता शामिल रहीं।

### पुलिस ने किए किरायेदारों के सत्यापन

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर आठ मकान मालिकों का दस-दस हजार रुपये का चालान किया है। बुधवार को सीओ दीपक सिंह व कोतवाल अमरचंद शर्मा समेत पुलिस टीम ने बांसफोड़ान, कटोराताल, टांडा उज्जैन, प्रतापपुर व कुंडेश्वरी क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले आठ मकान मालिकों के 83 पुलिस एक्ट में 10-10 हजार रुपये के चलान किए गए। जिसके बाद रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित की गई। सीओ दीपक सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान 105 व्यक्तियों के सत्यापन किए गए हैं।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को चाकू समेत गिरफ्तार कर लिया स पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है स मंगलवार की रात कोतवाली पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ईदगाह रोड पर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ स पूछताछ में उसने अपना नाम अरमान पुत्र अफाक हुसैन निवासी मोहल्ला काजीबाग, कटोराताल बताया।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने 20 पाउच में रखी 16 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मंगलवार की रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मानपुर रोड पर खाली खेत में कच्ची शराब बेच रहे एक व्यक्ति को दबोच लिया। जिसके कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में रखी 16 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शांतिनगर, रंगूरा निवासी चरणजीत सिंह पुत्र स्व. दलीप सिंह बताया।

### शतप्रतिशत रहा समर स्टडी हाल का परीक्षाफल

**काशीपुर।** सीबीएसई दिल्ली द्वारा हाईस्कूल का परीक्षाफल घोषित किया गया जिसमें समर स्टडी हॉल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कुण्डेश्वरी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के 17 बच्चों द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये गये। जिसमें वंशिका अग्रवाल 94.4 प्रतिशत, ईशिका कण्डारी 93.6, मानसी नेगी 93.0, अरमान अंसारी 92.6, शैलजा बेलवाल 92, अनुश्का 91.8, आदित्य कण्डारी 91, महक शर्मा 90.8, इशिता प्रजापति 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के 10 छात्र छात्राओं द्वारा 88 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये गये। सभी छात्र-छात्राओं ने समस्त विषयों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंको से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह व प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने भी सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल मैनेजमेन्ट एवं अध्यापकों की ओर से बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल सचिव अनुराग कुमार सिंह, मनु अग्रवाल, राजेन्द्र फर्तियाल, नेहा पंत, पूनम अरोरा, निशा शर्मा, आशीष वर्मा आदि मौजूद थे।

### वीपीकेएएस में रक्तदान शिविर लगाया

**अल्मोड़ा।** रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से बुधवार को वीपीकेएएस हवालबाग में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकांत सहित अन्य कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इस दौरान 16 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। जमा रक्त मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक को दिया गया, जिससे किसी जरूरतमंद की जान बच सके। यहां डा. जेसी दुर्गापाल, अध्यक्ष आशीष वर्मा, मनोज सनवाल, दीप जोशी आदि थे।

# डीएम दफ्तर घेराव की चेतावनी

## अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने की प्रेस वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच पर क्वारब पुल के पास बने डेंजर जोन के सुधारीकरण कार्य को लेकर कांग्रेस ने गंभीर सवाल खड़े किए है। बुधवार को अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने क्वारब में डेंजर जोन के स्थाई समाधान की मांग को लेकर 22 मई को डीएम कार्यालय के घेराव का एलान किया है। जिला पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक तिवारी ने कहा कि अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग मैदानी क्षेत्र से पहाड़ के तीन जिलों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग हैं। लेकिन इस मार्ग पर क्वारब के समीप लंबे समय से पहाड़ी दरक रही है। इससे दिन में कई बार सड़क पर आवागमन बाधित हो रहा है। लेकिन करीब 10 माह बाद भी दरकती पहाड़ी के स्थायी समाधान को कोई



काम नहीं हुआ है। कहा कि कारोबा. रियों का व्यापार चौपट हो गया है। पर्यटन कारोबार 25 फीसदी रह गया है। वहीं, दूसरी ओर जिम्मेदार कभी पहाड़ी की जांच पूरी करने तो कभी ट्रीटमेंट के लिए बजट स्वीकृत होने की बात कहकर जनता को गुमराह करने में जुटे हुए हैं। कहना था कि मानसून सिर पर है। बारिश के दौरान कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कहा कि पूर्व में भी कांग्रेस सड़क सुधारीकरण को लेकर धरना प्रदर्शन कर चुकी है। लेकिन अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि दरकती पहाड़ी का स्थायी समाधान नहीं होने से परेशानी बढ़ते जा रही है। यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, भैरव गोस्वामी, धीरेंद्र गैलाकोटी, परितोष जोशी आदि मौजूद रहे।

### खाना बनाते समय महिला झुलसी

**बागेश्वर।** कपकोट के ग्राम लीली गैराड़ छुरिया तोक निवसी 32 वर्षीय मोहनी देवी पत्नी प्रेम प्रकाश आर्य खाना बनाते समय झुलस गई। महिला की चीख पुकार सुनकर घर के अन्य सदस्य रसोई में पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने महिला के कपड़ों में लगी आग बुझाई। हालांकि इस बीच महिला के मुंह, छाती, हाथ तथा पीठ अधिक झुलस गए। जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाए। महिला का इलाज कर रहे डा. नसीम अहमद ने बताया की महिला 55 प्रतिशत झुलसी हुई है। जिन्हें प्राथमिक उपचार केबाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। इधर जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार पिंगलो निवासी 23 वर्षीय विवाहिता अनीता रावत पत्नी हेमंत रावत ने घरेलू कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। महिला की हालत खराब होती देख परिजन उसे तत्काल जिल अस्पताल बागेश्वर लाए। यहां डाक्टरों ने महिला का प्राथमिक उपचार कर 24 घंटे के लिए डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

# पटरी से उतरा ट्रैफिक, आधा घंटे जाम में फंसे डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय में यातयात व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक समय समय पर मुख्यालय की सड़क में भीषण जाम लग रहा है। मजे की बात जाम को खुलवाने की पूरी जिम्मेदारी महिला होमगार्ड के ऊपर सौंपी गई है। बुधवार को स्टेट बैंक तिराहे से गोमती पुल, वही सरयू पुल तक भीषण जाम लगा रहा। इस जाम में जिलाधिकारी आशीष भटगाई भी करीब आधे घंटे तक फंसे रहे। जिसके बाद डीएम का गनर गाड़ी से उतरकर जाम खुलवाने में जुटे रहे। कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया। वही दूसरी ओर



शाम की पाली में व जिला मुख्यालय से बाहर जाने वाले प्रत्येक बैरियर में पुलिस के इंस्पेक्टर, कांस्टेबल सहित अन्य कर्मचारी चालान काटने के लिए 5 से दस लोगों की टीम में मुस्तैदी से खड़े नजर आ रहे है। परन्तु जब बात यातायात की आ रही है उस समय कोई भी पुलिस इंस्पेक्टर व कांस्टेबल मौके पर नजर नहीं आ रहे। लोगों ने पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के से पुलिस की एक पूरी टीम दिन से समय में बाजार ने मुहैया कराने की मांग की है। ताकि लोगों को घंटों जाम में न फंसा रहने पड़े।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत

**शांतिपुरी।** रेलवे ट्रेक पार कर रही कोटद्वार निवासी वृद्धा की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। बुधवार प्रात: करीब 9.47 बजे बरेली लाल. कुआं पैंसेंजर ट्रेन अप संख्या 05401 बरेली से लालकुआं को जा रही थी। तभी शांतिपुरी रेलवे क्रांसिंग पार कर रही एक वृद्ध महिला ट्रेन की चपेट में आ गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के बैग में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान राधा देवी पत्नी कमल अधिकारी 85 वर्ष निवासी तलारामपुर कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल के रूप में की गई। सूचना पर पहुंचे मृतक के रिश्तेदारों ने बताया कि वह दो दिन पूर्व तल्ला जवाहरनगर निवासी अपनी बड़ी बहन नारायणी देवी पाण्डे से मिलने आई थी। बुधवार प्रात: अपनी बहन के वहां से वापस अपने घर कोद्वार के लिए निकली थी।

# शांतिपुरी की बेटियों ने किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी सत्संग आश्रम सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल में साथ कृष्णा कोरंगा प्रथम, 90 प्रतिशत अंकों के साथ माही मेहरा द्वितीय व 86 प्रतिशत अंकों के साथ



कक्षा 10 के कृष्णा व 12वीं की मुस्कान ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय टांप किया है। विद्यालय का हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा जबकि इण्टरमिडिएट में 98 प्रतिशत बच्चे पास हुए। यहां हाईस्कूल में 90 प्रतिशत अंकों के यशिका तीसरे स्थन पर रहीं। जबकि इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंकों के साथ मुस्कान दानू प्रथम, 90 प्रतिशत अंकों के साथ मुस्कान द्वितीय व 89 प्रतिशत अंकों के साथ भूमिका बिष्ट तीसरे स्थान पर रही।

# मेयर ने किया सड़कों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु अपने लिए गए संकल्पों के तहत महापौर दीपक बाली ने फिर नगर व क्षेत्र की सड़कों के शिलान्यास शुरू कर दिए हैं। आज



उन्होंने विभिन्न वार्डों में एक करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से नालियों सहित बनने वाली 9 सड़कों का शिलान्यास किया। महापौर श्री बाली ने वार्ड नंबर 3 में मोटेश्वर महादेव मंदिर के पीछे, वार्ड नंबर 8 में, वार्ड नंबर 9 में दो स्थानों पर, वार्ड नंबर 11, वार्ड नंबर 38 में, वार्ड नंबर 39 में, वार्ड नंबर 40 और वार्ड नंबर एक में पीसीसी टाइल्स सडक व नाली निर्माण कार्यों के शिलान्यास किये। इस अवसर पर महापौर ने क्षेत्र वासियों से साफ कहा कि वह विकास कार्यों की गुणवत्ता पर नजर बनाए रखें। उन्होंने ठेकेदारों को निर्देश दिए कि बरसात के आने से पूर्व इन सड़कों का तेजी से निर्माण किया जाए। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान वार्डों के लोगों ने महापौर का जोरदार स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रमों के दौरान चौ समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी पार्षद अनिल कुमार, कुलदीप शर्मा, अभिषेक वर्धन, ममता कुमारी, बीना नेगी, शक्ति केंद्र संयोजक प्रकाश नेगी, अनिल, आदेश चौधरी, सनी शर्मा, आसाराम, वीर सिंह चौहान, बूथ अध्यक्ष छोटेलाल, जगबीर सिंह, बृजपाल सिंह, देवेंद्र सिंह मंडल, अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मातादीन, धर्म सिंह मंडल, पूरन सिंह, जितेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, रेखा देवी, सतनाम सिंह, वेद प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल यादव, संदीप सिंह, अर्पित, राधेश्याम, जयपाल, महेंद्र सिंह, सुरेश, रमेश प्रकाश, गीता रानी, रोशन सिंह, अरुण पाल, बबली नन्ही देवी सुधा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# व्यावसायिक शिक्षा पर ओरिएंटेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बुधवार को व्यावसायिक (वोक. ेशनल) शिक्षा चयन हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी सत्र 2025-26 में प्रस्तावित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और उनके संभावित करियर विकल्पों से अवगत कराना था।





कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल के मार्गदर्शन में किया गया। डा. छाया शुक्ला, सह प्राध्यापक एवं काउंसलिंग सेल समिति की कन्वीनर ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और लक्ष्य निर्धारण पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। महाविद्यालय के चार विभागों परिधान एवं वस्त्र विज्ञान, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान, खाद्य एवं पोषण विज्ञान, तथा विस्तार शिक्षा एवं संप्रेषण प्रबंधन के विभागाध्यक्षों ने पाठ्यक्रम, प्रयोगशालाओं, प्रोजेक्ट कार्यों, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की जानकारी दी। कार्यक्रम में 55 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। विद्यार्थियों ने इसे उपयोगी व मार्गदर्शक कार्यक्रम बताया। कार्यक्रम में काउंसलिंग सेल के सदस्य टी. अभीक खस्तगीर, डा. सोनू रानी, डा. मनीष गहलोत, डा. अदिति वत्स, डा. अनुपम पांडे, डा. नीतू डोभाल, डा. पूनम (पीडीएफ) सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को नीलेश्वर स्थित वृद्ध एवं अशक्त आवास गृह और राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बुजुर्गों व बच्चों से मुलाकात की और उन्हें फल एवं आवश्यक सामग्री वितरित की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आश्रम अधीक्षक को स्वच्छता, स्वास्थ्य, भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, फायर सेफ्टी ऑडिट, बैडशीट की नियमित सफाई, तथा कार्मिकों के संवेदनशील व्यवहार पर विशेष जोर दिया। डीएम ने परिसर के समग्र कायाकल्प के निर्देश भी दिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी।

# सेंट एडम्स स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल गरुड़ का कक्षा 10 वीं और 12वीं का परीक्षाफल शत रहा। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस खुशी में विद्यालय प्रबंधन ने छात्र छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया गया। सेंट एडम्स गरुड़ में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाफल में विद्यालय के कक्षा 10 में 10 छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। वहीं विद्यालय के कक्षा 12वीं का परीक्षाफल शत रहा, जिसमें कॉमर्स वर्ग में बच्चों ने बेहतरीन अंकों के साथ टॉप सूची में स्थान पाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजिया सिद्दीकी ने बताया कि कक्षा 10 में प्रथम स्थान रुद्राक्ष बिष्ट ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त का टॉप सूची में स्थान पाया, साथ ही विद्यालय टॉप किया है। इसी क्रम में निर्मल कांडपाल 94.4 प्रतिशत, निकिता बिष्ट 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। कक्षा 12 वीं के विज्ञान वर्ग में वैभव जोशी ने 90.4 प्रतिशत, कॉमर्स वर्ग में हर्षित पांडे 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में श्रेष्ठ गोस्वामी 84 प्रतिशत विज्ञान वर्ग में, कॉमर्स वर्ग में भगवान सिंह 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के आईटी इंचार्ज मुरसिल सिद्दीकी ने बताया कि विद्यालय के बच्चों छठे विषय के रूप में कंप्यूटर साइंस के साथ बेहतरीन अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# विद्यार्थी जीवन सबसे महत्वपूर्ण: एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा में छात्र संगठन का गठन हुआ। चुने गए छात्र छात्राओं को एसपी चंद्रशेखर घोड़के ने पद शपथ दिलाई। साथ ही छात्र जीवन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बुधवार को विद्यालय में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि एसपी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सबसे महत्वपूर्ण है। इसी समय हमें अपने भविष्य को चुनने का सुनहरा मौका मिलता है। उन्होंने कहा



कि जिस प्रकार कुंदन आग में तपकर निखरता है, उसी प्रकार छात्र जीवन में किए गए संघर्ष और परिश्रम के आधार पर हमें भविष्य में कामयाबी मिलती है। कहा कि इस समय जीवन में कई उतार चढ़ाव आते है, लेकिन कभी की गलत रास्तों में नहीं जाना है। नशे से दूर रहकर, कानून व नियमों का पालन कर एक श्रेष्ठ नागरिक बनना है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक कुंदन सिंह परिहार ने सभी छात्र छात्राओं को एकाग्रता से पढ़ाई ने मन लगाने को कहा गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ए एस तोपाल ने सभी अतिथियों के स्वागत करते हुए छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की बात कही। विद्यालय में छात्र संसद प्रधानमंत्री पद राहुल नगरकोटी, उप प्रधानमंत्री पद परस दानू, सेनापति खीम सिंह रावत, उप सेनापति विनय चौबे, अनुशासन प्रमुख उमेश कुमार, सहायक वैभव मेहरा, कन्या भारती में प्रधानमंत्री हर्षिता जोशी, उप प्रधानमंत्री तानिया जोशी, सेना. पति कुमकुम दानू, उप सेनापति आरोही नेगी, अनुशासन प्रमुख दीक्षा देव, अनुशासन सहायक निवेदिता नगरकोटी को शपथ दिलाई गई। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों को बैज वितरित किए गए। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक आशीष धपोला, मोहन बिष्ट, अमित द्विवेदी, शंकर रौतेला सहित अन्य शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# पिस्टल शूटर कल्पेश उपाध्याय ने फिर बढ़ाया उत्तराखंड का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर के भतौड़ा गांव निवासी और दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय के पुत्र कल्पेश उपाध्याय ने भोपाल में आयोजित 23वीं कुमार सुरेंद्र



सिंह राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में 539 अंक हासिल कर प्रतियोगिता को क्वालिफाई किया। हालांकि भारतीय शूटिंग टीम ट्रायल में चयन के लिए आवश्यक 555 अंकों से वह महज 16 अंक पीछे रह गए। महज 14 वर्ष की उम्र में कल्पेश अब तक कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। उनका अब तक का यह सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। कल्पेश 9 वर्ष की उम्र से पिस्टल शूटिंग में सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, खेल मंत्री रेखा आर्य और खेल प्रेमियों ने कल्पेश की सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी ने उम्मीद जताई कि जल्द ही कल्पेश भारतीय शूटिंग टीम का हिस्सा बनकर उत्तराखंड और देश का नाम रोशन करेंगे।

### अल्मोड़ा पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया

**अल्मोड़ा।** साइबर ठगी से बचने के लिए पुलिस का जागरूकता अभियान जारी है। इसके तहत महिला थाना प्रभारी जानकी भण्डारी के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को साइबर ठगी की जानकारी देते हुए बचाव के उपाय बताए। उन्हें डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी स्कैम, एटीएम फ्रॉड, अंजान लिंक, फिसिंग आदि के बारे में बताया। साथ ही साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करने को कहा।

# गुणवत्ता का किया अवलोकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने बुधवार को समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा मानकों के अनुरूप ही कार्य पूर्ण किया जाए। जिलाधिक. ारी ने वृद्धाश्रम से जुड़ी सड़क के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने सड़क कटाव में पाई गई कमियों की ओर इशारा करते हुए इन्हें शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि यह सड़क न केवल वृद्धाश्रम के लिए, बल्कि समीपवर्ती दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत मंगलदीप विद्यालय की नई निर्माणाधीन इमारत के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिलाधिक. ारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों को शीघ्रता से एवं तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि वृद्धजनों को शीघ्र सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम का निर्माण जनपद अल्मोड़ा के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक परियोजना है, जिसका लाभ बुजुर्गों को दीर्घकालिक रूप से मिलेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, उपजिला. धिकारी संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे।

# डोल आश्रम के समीप मकान में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड लमगड़ा के डोल आश्रम के पास मंगलवार देर रात एक घर में अचानक आग लग गई। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस दौरान मकान में रखा सारा सामान जलकर स्वाह हो गया। मिली जानकारी अनुसार डोल आश्रम के पास एक भवन में आनंदी देवी पत्नी स्व. राम सिंह के घर में मंगलवार देर शाम अचानक आग धधक गई। जब तक तीनों नींद से जागते तब तक आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। तीनों ने बमुश्किल घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। हो हल्ला सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तमाम प्रयास के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जब तक आग पर काबू पाया जा सका तब तक सारा सामान जलकर खाक हो गया था। आनंदी देवी ने बताया कि घर में करीब दस लाख रुपये की ज्वेलरी थी। साथ ही लाखों का सामान भी था। सभी आग की भेंट चढ़ गया। सूचना पर मौके पर राजस्व की टीम पहुंची। इधर, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद कुंजवाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। डीएम सहित संबंधित अधिकारियों को पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाने को कहा। वहीं, अधिकारियों के मुता. बिक आग शॉर्ट सर्किट से धधकी। परिवार के आनंदी देवी पत्नी स्व राम सिंह, नीमा देवी पत्नी स्व तारेंद्र सिंह और हर्षित सिंह पुत्र तारेंद्र सिंह को बाल बाल बच गए।

# बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** ललिता बिनवाल स्मारक समिति की ओर से बुधवार को नगर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे नगर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान ज्योतिष व योग के क्षेत्र में सिरसा आसन की सटीकता के लिए स्नेहलता कपूर सांस्कृतिक व सामाजिक गति. विधियों में योगदान के लिए शगुन त्यागी को प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को सदैव मेहनत, ईमानदारी व परिश्रम





से परीक्षा में सफलता का गुरुमंत्र दिया। विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. जगत सिंह बिष्ट ने भी बालिक. ाओं को कैरियर से जुड़े विषयों को केंद्र में रखकर टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित विभागाध्यक्ष प्रो. सुशील जोशी ने की। यहां पूर्व सहायक कुलसचिव एनडी बिनवाल, गिरीश चंद्र मल्होत्रा, कैलाश छिम्वाल, प्रदीप गुरुरानी, दीपक गुरुरानी, मनीषा, देवेंद्र धामी, हेम पांडे, नंदा बल्लभ बुधानी, हरीश कनवाल, गणेश तिवारी, देवी दत्त जोशी, गिरीश जोशी, डा. युगल पांडे, डा. कालीचरण यादव, माधवानन्द शर्मा, राजेंद्र सिंह राणा, बहादुर सिंह, राजेश पांडे, प्रकाश भट्ट, जयवीर आदि मौजूद रहे।


### आग से बचाव की दी जानकारी

**अल्मोड़ा।** फायर सर्विस यूनिट द्वारा जीबी पंत हिमालयी पर्यावरण संस्थान अल्मोड़ा में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित मॉकड्रिल का आयोजन अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने मौजूद कार्मिकों को आग के प्रकार तथा उसके बचाव तथा प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन की जानकारी दी। इसके अलावा परिसर में पेट्रोल में आग लगाकर फायर एक्टिंग्वियूशर व वाटर मिस्ड का प्रयोग कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया। जिसके बाद जानकारी प्राप्त हुई कि स्टाफ का एक सदस्य मौजूद नहीं है, जिसकी सूचना तुरंत सर्च टीम को दी गई। सर्च व रेस्क्यू टीम द्वारा उस व्यक्ति को ढूंढकर उसका रेस्क्यू किया। साथ ही अग्निसुरक्षा व बचाव कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।

# योग व चित्रकला प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग के मैचोड़ ग्राम पंचायत में योग और चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निरोगी काया



के लिए योग अपनाने का संदेश दिया। मौके पर प्रभारी फार्मासिस्ट प्रीति कैंत्यूरा ने योग को पुरातन भारतीय परंपरा की विधा बताते हुए स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए इसे बेहद जरूरी बताया। उन्होंने ग्रामीणों से योग को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से योग को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। साथ ही प्रतियोगिता में अव्वल आए बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर डीनापानी के सहयोग से मैचोड़ गांव में कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रदीप मेहता व फार्मासिस्ट अधिकारी प्रीति ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। युवाओं खासतौर पर महिलाओं से स्वस्थ रहने के लिए संतुलित पौष्टिक आहार के साथ योग के लाभ बताए। इस दौरान हुई निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभा मेहता और चित्रकला में अंकुर टम्टा प्रथम स्थान पर रहे। योग शिक्षक विवेक सिंह बिष्ट ने योगाभ्यास कराया। यहां वार्ड ब्वाय खड़ग सिंह मेहरा, बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मी दुर्गेश चंद्र तिवारी, जीवंती देवी, विमला देवी मेहता, पार्वती मेहता आदि मौजूद रहे।

# डहरिया में रामपाल का आश्रम सील

## अनियमितता मिलने पर प्राधिकरण ने कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बुधवार को जिला प्रशासन ने डहरिया में स्थित एक बाबा रामपाल के अनुयायियों द्वारा संचा. लित एक आवासीय भवन में चल रहे अवैध आश्रम को प्रशासन ने सील कर दिया। यह आश्रम जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के स्वीकृत नक्शों का उल्लंघन कर संचालित हो रहा था।





बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी और एसपी सिटी प्रकाश चंद के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम डहरिया में धान मिल तिराहे पर पहुंचीं। यहां आवासीय भवन में देश राज सिंह पुत्र राजभान और अमित कुमार पुत्र अशोक रस्तोगी मुनिंदर धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से संतलोक आश्रम संचा. लित हो रहा था। टीम ने आवासीय भवन का जायजा लिया और फिर सील कर दिया। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की टीम ने बीती 11 अप्रैल को इस आवासीय भवन का निरीक्षण किया तो स्वीकृत नक्शे का उल्लंघन करते हुए सेटबैक को कम करने, प्रथम तल व द्वितीय तल में भी स्वीकृति के विपरीत निर्माण पाया गया था। इस पर टीम ने चालान काटा था। प्राधिकरण से स्वीकृत नक्शे के विपरीत भवन का निर्माण था। इसके अलावा आवासीय भवन में संतलोक आश्रम संचालित किया जा रहा था। पुलिस जांच में भी स्पष्ट हुआ था कि भवन का आश्रम के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जो कि नियोजन के विरुद्ध था। इस पर देशराज व अमित को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नोटिस का स्पष्टीकरण देते समय उन्होंने भी स्वीकारा था कि भवन का बतौर आश्रम उपयोग होता है, यहां संगत भी ठहरती हैं। वहीं क्षेत्रवासियों की भी शिकायत थी कि प्रत्येक रविवार को सत्संग होता है जिसमें दो-ढाई सौ से अधिक लोग इकठ्ठा होते हैं, जिससे सड़क पर वाहन खड़े होते हैं, इससे आवागमन में दिक्कत होती है। सभी तथ्यों को देखते हुए भवन को सील बंद करने का फैसला लिया गया है। बता दें कि बीते 16 जुलाई 2023 को विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री गिरीश चंद्र पांडे निवासी कुसुमखेड़ा ने तहरीर सौंप कर आरोप लगाया था कि देवलचौड़ में कुछ लोग साहित्य बांट रहे हैं जिसमें हिंदू समाज के लिए अपमानजनक बातें व देवी-देवताओं के लिए गलत प्रचार किया जा रहा है। इस पर पुलिस ने खुशाल सिंह मेहरा, देवीदत्त जोशी, केसर सिंह मेहरा, शंकर दत्त पंचोली व एक अज्ञात समेत पांच के खिलाफ आईपीसी की धारा 195-ए, 295-ए में एफआईआर दर्ज की थी। तब भी साहित्य वितरित करने वाले रामपाल के अनुयायी बताए गए थे। इसके बाद भी रामपाल को लेकर कई दफा हंगामा हुआ था। इसके बाद टीम ने बुधवार को डहरिया पहुंचकर संतलोक आश्रम को सील कर दिया है। यह आश्रम रामपाल का बताया जा रहा है। इस दौरान सीओ नितिन लोहनी, कोतवाल राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

### 10वीं का छात्र लापता

**हल्द्वानी।** अंबाविहार तल्ली हल्द्वानी निवासी एक 16 वर्षीय छात्र सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम जारी होने से ठीक पहले लापता हो गया। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। लापता छात्र के पिता सतीश खुल्बे ने बताया कि उनका बेटा मंगलवार सुबह रोज़ की तरह स्कूल के लिए निकला था, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन और रिश्तेदारों से संपर्क करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद वे कोतवाली पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार परीक्षा परिणाम में छात्र ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे। उन्होंने यह भी कहा कि घर में ऐसी कोई स्थिति नहीं थी जिससे छात्र मानसिक रूप से आहत हो। कुछ लोगों का अनुमान है कि छात्र संभवत: किसी बात पर नाराज़ होकर घर से चला गया हो। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि छात्र की खोजबीन जारी है और जल्द ही उसे सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस ने स्थानीय क्षेत्रों के साथ ही रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और आसपास के इलाकों में खोजबीन तेज कर दी है।

# समस्या होगी दूर: नाले के निर्माण कार्य का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी की बहुप्रतीक्षित समस्या का समाधान करते हुए बुधवार को शनिबाजार नाले के



निर्माण कार्य का शुभारंभ स्थानीय पार्षद रईस अहमद गुड्डू द्वारा किया गया। इस नाले के निर्माण से क्षेत्र की कई कालोनियों को लंबे समय से हो रही जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। पार्षद रईस अहमद ने बताया कि यह नाला करीब एक किलोमीटर लंबा बनाया जाएगा, जिससे गणपति विहार, जोशी विहार, यूनो कालोनी, न्यू फ्रैंड्स कालोनी और चौधरी कालोनी के निवासियों को विशेष लाभ मिलेगा। इन क्षेत्रों में हर बरसात या नाले की सफाई न होने से गंदगी और दुर्गंध से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी होती थी। उन्होंने कहा कि नाले के निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र की अन्य नालियों में जमी गंदगी और अवरोध को भी दूर किया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या स्थायी रूप से हल हो सकेगी। इस अवसर पर टाटा कंपनी की ओर से जितेंद्र भंडारी, ठेकेदार नीशन मलिक, नाजिम सैफी, खालिद हुसैन, मनोज सागर, त्रिलोक सिंह, सचिन, लईक अंसारी, फैसल सिद्दीकी सहित कई स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसटीएच में चिकित्सा अधिकारी का घेराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी अस्पताल से सेवामुक्त किए गए नर्सिंग स्टाफ की बहाली की मांग को लेकर पूर्व

**■ सेवामुक्त किए गए नर्सिंग स्टाफ की बहाली की मांग**



दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू के नेतृत्व में मंगलवार को चिकित्सा अधिकारी के कैंप कार्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में नर्सिंग स्टाफ ने आरोप लगाया कि कोरोना काल के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं देने के बावजूद उन्हें दो माह पूर्व नौकरी से हटा दिया गया, जो अन्यायपूर्ण है। पनेरू ने कहा कि संकट की घड़ी में इन कर्मचारियों ने जिम्मेदारी से कार्य किया, लेकिन सरकार ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। इस मुद्दे को लेकर 29 अप्रैल 2025 को एक प्रतिनिधिमंडल ने पनेरू के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत से सर्किट हाउस काठगोदाम में मुलाकात की थी, जिसमें मंत्री ने समायोजन का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था। लेकिन लगभग 20 दिन बीत जाने के बावजूद नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, जिससे नाराज़ होकर यह धरना आयोजित किया गया। धरना स्थल से हरीश पनेरू ने स्वास्थ्य महानिदेशक डा. सयाना से दूरभाष पर वार्ता कर स्वास्थ्य मंत्री के आदेशों का शीघ्र पालन करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. श्रीमती खर्कवाल को ज्ञापन सौंपा। बाद में पनेरू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सुशीला तिवारी अस्पताल के प्राचार्य डा. अरुण जोशी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. आली से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। पनेरू ने चेतावनी दी कि यदि तय समय में मांगें पूरी नहीं हुई तो मुख्यमंत्री आवास देहरादून में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की होगी। धरना प्रदर्शन में समाजसेवी प्रेम जोशी, रेखा, सोनी, बबीता, बिना, अनीता, पिंकी, भावना, कल्पना, चांदनी, नेहा, बबली, प्रतिभा, पूजा, नितेश, जीशान समेत दर्जनों नर्सिंग स्टाफ शामिल रहे।

### बुजुर्ग ने गटका जहर, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते एक बुजुग ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया जहां पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार चोरगलिया निवासी (72) पान सिंह पुत्र गंगा सिंह खेतीबाड़ी करते थे। 10 दिन पहले उन्होंने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। बीते मंगलवार की शाम बुजुर्ग ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाके शव परिजनों को सौंप दिया। बुजुर्ग की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

# एमपी के मंत्री का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों के दांत खट्टे

**■ कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोश**



करने वाली भारत की बेटी कर्नल सोफिया कुरैश पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय साह द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी पर महिला कांग्रेस भड़क गयी है।

अभद्र टिप्पणी के विरोध में विजय साह का पुतला दहन किया गया। पीलीकोठी में विजय साह का पुतला दहन करते हुए महिला कांग्रेस नेत्रियों ने कहा कि विजय साह की टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी की ओछी सोच और मानसिकता का परिचय देती है। वक्ताओं ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार के मंत्री देश की बहादुर बेटियों का अपमान करते हैं। नारी सम्मान से इनका कोई वास्ता नहीं है। पुतला दहन का नेतृत्व महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी ने किया। इस मौके पर जया कनार्टक, रेनु तोमर, भगवती बिष्ट, मुन्नी पंत, सविता गुररानी, देवकी आर्या, गीता बहुगुणा, कनक जीना, पुष्पा जोशी, तारा आर्या, मीमांशा आर्या, कमला नेगी, मंजू देवी, राधा पांडे, पुष्पा तिवारी, नीरू, अलका, रेखा जोशी, नीमा, मीरा, शारदा आदि थीं।

# शादी में गया परिवार, चोरों ने खंगाला घर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** टीपीनगर क्षेत्र के बैड़ापोखरा में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए पांच ताले तोड़कर लाखों की नकदी और जेवरात उड़ा लिए। चोरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब पूरा परिवार द्वाराहाट शादी समारोह में शामिल होने गया था। बुधवार की सुबह वारदात का खुलासा तब हुआ जब पड़ोस में रहने वाले एक सेवानिवृत्त दरोगा ने सुबह घर के दरवाजे खुले देखे और परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना पर टीपीनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का जायजा लेकर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खांगालने में जुट गई। देर शाम तक परिवार भी हल्द्वानी पहुंच गया। जानकारी के अनुसार हरिनंदन आर्या द्वाराहाट में एक सरकारी शिक्षक हैं और परिवार के साथ हल्द्वानी में रहते हैं। हरिनंदन ने बताया कि वह परिवार के साथ कुछ दिन पहले ही द्वाराहाट एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे, और जाने से पहले वह घर में सभी कमरों में पांच ताले लगाकर गए थे। बताया जा रहा कि बीते मंगलवार रात चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और एक-एक कर सभी पांच कमरों के ताले तोड़कर पूरा घर खंगाल गए। बुधवार की सुबह जब पड़ोस में रहने वाले एक सेवा. निवृत्त दरोगा ने घर खुला देखा तो उन्होंने इसकी सूचना तुरंत मकान मालिक हरिनंदन आर्य व पुलिस को दी। चोरी की सूचना मिलते ही टीपीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। देर शाम घर लौटने के बाद हरिनंदन ने बताया कि चोर घर से सोने-चांदी के जेवर, एक कैमरा और लगभग एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। हरिनंदन ने बताया कि आमतौर पर वे घर में अधिक नकदी नहीं रखते, लेकिन अपनी बहू को कानपुर में फिजियोथेरेपी कोर्स के लिए भेजने की तैयारी कर रहे थे। इसी वजह से घर में एक लाख रुपये नकद रखे थे। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतने सुरक्षा इंतजाम के बावजूद चोर घर में घुस जाएंगे। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### इंस्टाग्राम में छात्र ने की शिक्षकों पर गलत टिप्पणी

**हल्द्वानी।** शहर के एक निजी स्कूल के छात्र ने कुछ दिन पहले प्रधानाचार्य और एक शिक्षक पर इंस्टाग्राम में अभद्र टिप्पणी कर दी थी। इसका कारण कक्षा में पढ़ाई के दौरान छात्र को टोकना रहा। इससे गुस्सा होकर छात्र ने इंस्टा में गलत पोस्ट कर दी। शिक्षक थाने पहुंचे। जिसके बाद छात्र को भी यहां लाया गया। मामले में छात्र ने पुलिस के सामने शिक्षकों से माफी मांगी। लेकिन बाहर आते ही कोतवाली गेट के पास वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में शिक्षकों पर आरोप लगाते हुए वायरल कर दिया। जिसमें छात्र ने कहा कि उसे अगर कुछ भी होता है तो इसके जिम्मेदार शिक्षक होंगे। सीओ ने बताया कि रात दस बजे के आसपास छात्र को चौफुला से बरामद कर लिया गया था।

# आदि कैलाश यात्रा का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की पवित्र धार्मिक यात्राओं में शामिल आदि कैलाश यात्रा का शुभारंभ बुधवार से

**■ श्रद्धालुओं के पहले जत्थे में 13 पुरुष, 7 महिलाएं**



हो गया है। पहले जत्थे में कुल 20 श्रद्धालु शामिल हैं। जिनमें 13 पुरुष और 7 महिलाएं हैं। यात्रा का पहला दल हल्द्वानी के काठगोदाम से रवाना हुआ। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर गहरी आस्था और जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस पहले जत्थे में 6 श्रद्धालु महाराष्ट्र से, 7 तमिलनाडु से और 7 उत्तराखंड से हैं। यात्रा का पहला दिन भीमताल, गोलजू देवता मंदिर और जागेश्वर होते हुए पिथौरागढ़ में विश्राम के साथ पूरा होगा।

इसके बाद दूसरे दिन यात्रियों का दल धारचूला, तीसरे दिन गूंजी, चौथे दिन नाभीढांग और पांचवें दिन आदि कैलाश के दर्शन करेगा। यात्रा का समापन आठवें दिन अल्मोड़ा और चौकोड़ी होते हुए वापसी काठगोदाम में होगा। देहरादून से यात्रा में शामिल हुईं स्वराज यादव ने बताया कि यह उनकी चौथी आदि कैलाश यात्रा है। वह अब तक चार बार कैलाश मानसरोवर की यात्रा भी कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हर बार इस यात्रा में एक नया अनुभव मिलता है और यह बार भी उतनी ही विशेष है। मुंबई से आई तीन सहेलियां रूपा ठक्कर, दीपिका अंजारा और कामिनी दशिमी भी पहली बार इस यात्रा का हिस्सा बनी हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों का रोमांच और आध्यात्मिक शांति दोनों साथ मिल रहे हैं। इससे पहले हम चार बार अमरनाथ यात्रा कर चुकी हैं, लेकिन आदि कैलाश की यात्रा एक अलग ही अनुभव है। नीलाक्षी और उनके पति ने इस यात्रा को अपने रिश्ते के लिए खास बताया। उन्होंने कहा कि हम दोनों बहुत खुश हैं कि साथ में यह पावन यात्रा कर रहे हैं। यह हमारी आस्था और आपसी संबंध को और मजबूत बनाएगी। 76 वर्षीय मुरली प्रसाद ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि शरीर भले ही बूढ़ा हो जाए, लेकिन मन और श्रद्धा कभी नहीं थकती। आदि कैलाश की ओर बढ़ते कदम मेरी आत्मा को आनंदित कर रहे हैं।

# बच्चों को स्कूल बैग बांटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आकृति सोसाइटी द्वारा संचालित नि:शुल्क सायंकालीन कक्षाओं में पढ़ने वाले जरूरतमंद एवं निर्धन बच्चों को पुनर्नवा महिला समिति द्वारा स्कूल बैग एवं जलपान सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी परिसर में किया गया, जहां बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। विशेष रूप से बच्चों द्वारा प्रस्तुत सुंदर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलता है और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता होती है। इस मौके पर आकृति सोसाइटी की अध्यक्ष कुसुम दीगारी, समिति सदस्य करन वीर, गीता बिष्ट एवं कोमल, तथा पुनर्नवा महिला समिति की अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, यशोदा रावत और मंजू बनकोटी उपस्थित रहीं।



# मजदूरों की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शीशमहल गौला गेट पर पानी का छिड़काव सहित विभिन्न मांगों को लेकर गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति ने वन निगम के डीएलएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन प्रेषित कर शीघ्र ही मजदूरों की समस्याओं के निस्तारण करने की मांग की। बुधवार को गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राज. ेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने डीएलएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि शीशमहल गौला गेट पर पानी का छिड़काव न होने, पीने के पानी की अनुपलब्धता, और हर वर्ष मिलने वाली सामग्री के वितरण में लापरवाही जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही बताया गया कि मजदूरों को धूप से बचाव के लिए गमछे तक उपलब्ध



नहीं कराए गए, जबकि गर्मी अपने चरम पर है। समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि एक ओर सरकार खनन से राजस्व वृद्धि के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर मजदूरों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने वन निगम पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि निगम की निष्क्रियता के खिलाफ अब आवाज बुलंद की जाएगी। समिति ने जल्द से जल्द मजदूरों की समस्याओं के निराकरण की मांग की है, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में तारा कोरंगा, चेतन नेगी, ईशाक खान, राजेश सहित कई लोग मौजूद रहे।

### विधायक भगत ने किया नलकूप का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जल संस्थान के इंजीनियरों की तकनीक एवं विधायक बंशीधर भगत के सहयोग से मृत घोषित हुआ नलकूप फिर से सुचारु हो गया है। हिम्मतपुरमल्ला स्थित सिंचाई नलकूप जो कि उक्त क्षेत्र की लगभग 5000 जनसंख्या को पेयजल वितरित करने का मुख्य श्रोत है, विगत 6 माह से लगातार धीमी अंतराल पर खराब हो जा रहा था एवं क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही थी। जनता का आक्रोश भी बढ़ता जा रहा था। जिसको दृष्टिगत रखते हुए विधायक बंशीधर भगत ने जल संस्थान एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक में उक्त नलकूप को यथाशीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में सिंचाई विभाग ने नलकूप का परीक्षण जंगरोधी कैमरे से किया, जिसमें नलकूप के स्लॉट टूटे पाए मिले।

# रकसिया नाले की सफाई का कार्य तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशों के तहत आगामी मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को एसडीएम राहुल शाह और नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने रकसिया नाले का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दमुवाढूंगा स्थित शिव मंदिर, चंबल पुल क्षेत्र और लालडांठ क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया गया। नगर निगम हल्द्वानी द्वारा रकसिया नाले की करीब 7 किलोमीटर लंबाई में सफाई और चैनलाइजेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। अब तक 2.2 किलोमीटर हिस्से की सफाई पूरी की जा चुकी है। संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि मई माह के अंत तक सफाई और सुधार कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। निरीक्षण टीम ने कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए स्थानीय जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, सहायक अभियंता नगर निगम और अन्य निगमकर्मी मौजूद रहे।



# परिवहन विभाग पर 52.50 करोड़ का बकाया

## बिना टैक्स दिए सड़कों पर दौड़ रहे 16500 व्यावसायिक वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर की सड़कों पर टैक्स बकाया होने के बावजूद 16,500 से अधिक व्यावसायिक वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। इन वाहनों पर करीब 52.50 करोड़ रुपये का मोटर वाहन कर बकाया है। चिंताजनक बात यह है कि इनमें से अधिकांश वाहनों की फिटनेस प्रमाणपत्र की अवधि भी समाप्त हो चुकी है। अब परिवहन विभाग इन वाहन स्वामियों के खिलाफ आरसी निरस्त करने, वाहन जब्त करने और नीलामी की सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) सुनील शर्मा ने बताया कि इन वाहन स्वामियों को कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन कर का भुगतान नहीं किया गया। अब विभाग ने धरपकड़ अभियान शुरू कर दिया है, जिसके तहत बकायेदार वाहनों को मौके पर जब्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई वाहन मालिक ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने वाहन बेच दिए हैं या कबाड़ में दे दिए हैं, लेकिन परिवहन विभाग को इसकी जानकारी नहीं दी गई। इससे संबंधित खाता बंद नहीं हो पाया है, और कर लगातार बढ़ता जा रहा है। विभाग की ओर से फोन कॉल और नोटिस के जरिए भी बकायेदारों से टैक्स जमा करने की अपील की जा रही है। अब तक जिन वाहन स्वामियों ने कर नहीं चुकाया है, उनकी आरसी रद्द कर दी जा रही है और राजस्व विभाग के माध्यम से बकाया राशि की वसूली की जा रही है। आरटीओ शर्मा ने बताया कि जांच अभियान के दौरान टैक्स बकायेदार वाहनों को सीज कर नीलामी की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। सभी एआरटीओ कार्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि कर वसूली में कड़ाई बरती जाए, ताकि बकाया में कम से कम 40 प्रतिशत की कमी लाई जा सके। परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि जिनके पास अब वाहन नहीं हैं, लेकिन उनके नाम से कोई पुराना वाहन पंजीकृत था, वे तत्काल विभाग से संपर्क कर खाता बंद करवाएं। इससे भविष्य में अनावश्यक कर जुड़ने से रोका जा सकेगा। बकायेदारों की सूची में टैक्सी, मैक्सी, ट्रक, पिकअप, ऑटो रिक्शा सहित सभी प्रकार के छोटे-बड़े व्यावसायिक वाहन शामिल हैं। विभाग का कहना है कि अब सख्त कार्रवाई के जरिए टैक्स बकायेदारों को चिह्नित कर जल्द ही राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जाएगी।



### नरेन्द्रजीत सिंह रोडू का निधन

**हल्द्वानी।** गुरुद्वारा सिंह सभा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व पार्षद नरेंद्रजीत सिंह रोडू के निधन से महानगर व सामा. जिक संगठनों में शोक की लहर छा गयी। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास सुभाषनगर पहुंचकर अंतिम श्रद्धांजलि दी। विधायक बंशीधर भगत, पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री तरुण बंसल सहित तमाम लोग उनके आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि सरदार नरेंद्रजीत सिंह के निधन से समाज ने एक अच्छा समाजसेवी खो दिया है। वह पूर्व में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के भी सदस्य रहें है।

# कोतवाली परिसर में युवती ने खड़ी की कार, पुलिस से उलझी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी कोतवाली में बुधवार दोपहर एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया जब एक युवती ने अपनी काली कार कोतवाली परिसर के मुख्य मार्ग पर इस तरह पार्क कर दी कि पुलिस के सारे वाहन फंस गए। अतिक्रमण पर कार्रवाई के लिए रवाना हो रहे अधिकारियों की गाड़ी भी उसमें फंस गई। घटना दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की है जब युवती अपनी कार लेकर कोतवाली आई और सीधे हेल्प डेस्क के सामने रास्ते में कार खड़ी कर दी। उसी समय कोतवाल राजेश यादव को डहरिया क्षेत्र में चल रही अतिक्रमण कार्रवाई के लिए पुलिस बल भेजने का निर्देश मिला। जब कोतवाल और टीम बाहर निकले तो देखा कि युवती की कार ने पूरा रास्ता रोक रखा है। एसएसआई रोहताश सागर ने जब युवती से कार हटाने को कहा तो वह पहले चुप रही, फिर बहस करने लगी और खुद को किसी बड़े व्यक्ति से जुड़ा बताते हुए कार हटाने से इनकार कर दिया। मामला बढ़ने पर कोतवाल ने एक महिला दरोगा सिमरन को युवती को हिरासत में लेने के निर्देश दिए। कार के हटने में देरी के कारण कोतवाल की गाड़ी को किनारे से निकालना पड़ा। बाद में युवती ने पुलिस से माफी मांगी। पुलिस ने नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने के आरोप में उसका चालान किया और लिखित माफीनामा लेने के बाद उसे छोड़ दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तमंचे के बल पर घर में घुसकर नाबालिग से रेप

- किसी को बताने पर दी जान से मारने की धमकी
- महिला की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उधमसिंहनगर जिले में नाबालिग बच्चियों से घिनौनी हरकते कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ऐसा ही एक और शर्मनाक मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उनकी 13 साल की बेटी घर में अकेली थी। मौका पाकर गांव का ही एक युवक जबरन घर में घुस गया और उनकी नाबालिग बेटी के साथ तमंचे की रोक पर रेप किया है। यही नहीं, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।



महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नानकमत्ता के एक गांव की महिला ने पुलिस ने दी तहरीर में कहा है कि 11 मई को वह अपने पति के साथ रिश्तेदारी में गई थी। उनकी 13 साल की बेटी घर में अकेली थी। गांव का ही एक युवक बेटी को अकेला पाकर शाम चार बजे के करीब उसके घर में घुस गया। उसके पास तमंचा था। आरोप है कि लड़के ने तमंचे की नोंक पर उनकी बेटी के साथ रेप किया है। यही नहीं, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। महिला ने बताया कि जब शाम को घर लौटी तो बेटी रोते हुए मिली। पूछने पर उसने अपनी मां को सारी बात बताई। महिला ने बताया कि गांव के जनप्रतिनिधि को सूचना दी। महिला ने नानकमत्ता पुलिस को तहरीर सौंप दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया।

एसओ उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने बीएनएस की धारा 64 व बाल संरक्षण अधिनियम 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की ओर से फरार आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। बताया कि फरार आरा.पी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।


# चोरों ने किच्छा में खूब मचाया उत्पात

- कई घरों से आठ लाख के जेवर और दो लाख से अधिक नकदी पर हाथ किया साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एवं पुलभट्टा थाना अंतर्गत विवाह कार्यक्रम में शिरकत करने रामपुर गए दंपति के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों की नगदी और जेव. रात पर हाथ साफ कर दिए। सूचना पर पुलभट्टा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करते हुए गृह स्वामी से हुए नुकसान के बारे में जानकारी हासिल की।

मिली जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना अंतर्गत पुलभट्टा कॉलोनी नई बस्ती क्षेत्र में रिजवान अली पुत्र मोहम्मद अली अपनी पत्नी एवं दो बच्चों के साथ निवास करते हैं। गृह स्वामी रिजवान अली ने बताया कि सोमवार की शाम करीब सात बजे वह अपने परिवार जनों के साथ रामपुर में आयोजित विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया था। पीड़ित के अनुसार मध्य रात्रि करीब 1:30 बजे जब वे घर पहुंचे तो मुख्य द्वार पर लगा ताला टूटा था और चोरों ने गेट को बंद कर भ्रमित करने के लिए कुंडे में टूटा हुआ ताला लटका दिया था। रिजवान ने बताया घर के अंदर प्रवेश करने पर सभी के होश उड़ गए। घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त अवस्था में पड़ा हुआ था तथा अलमारी एवं लॉकर टूटा होने सहित कमरे में मौजूद डबल बेड तथा सिंगल बेड का सामान निक.ालकर चोरों द्वारा आराम से तलाशी ली गई थी। घर में चोरी की जानकारी के बाद रिजवान ने डायल 112 के माध्यम से पुलिस कोदी। सूचना मिलते ही पुलभट्टा थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और पूरे घर का निरीक्षण कर जायजा लिया। जांच में सामने आया कि चोरों द्वारा मुख्य द्वार का ताला तोड़ने के बाद दूसरे कमरे के गेट पर लगे दूसरे ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया तथा अलमारी एवं लॉकर को तोड़कर नगदी सहित सोने चांदी के जेवर चुरा लिए। रिजवान ने पुलिस को बताया कि चोरों ने घर के लॉकर में रखी करीब दो लाख 10 हजार की नगदी के अलावा एक सोने की चैन, तीन जोड़ी सोने के कान के कुंडल, सोने की पांच अंगूठी, चांदी के 15 सिक्के, पांच जोड़ी चांदी की पायल तथा आधा दर्जन सोने की बनी हुई नाक की लौंग सहित अन्य जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के अनुसार चोरों ने नगदी सहित करीब



10 लाख रुपये से अधिक कीमत के माल पर हाथ साफ किया है। गृह स्वामी से जानकारी हासिल करने के बाद पुलिस ने घटना की जांच प्रारंभ कर दी है।

थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर घटनास्थल के सभी मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे और थाना पुलिस द्वारा जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बलिया में वार्ड नंबर 5 निवासी पंकज गुप्ता सहित कई लोगों को भी चोरों ने खंगाल लिया। पंकज गुप्ता के घर से चोरों द्वारा 10,1000 की नगदी के अलावा 15000 मूल्य की ज्वैलरी, 75000 मूल्य के कान के सोने के टॉप्स, 7000 मूल्य की नाक की लोन, दो अंगूठी सोने की 13 ग्राम वजन सहित कई सामान चुरा लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार का कहना है कि शीघ्र ही चोरी का खुलासा कर लिया जाएगा

## एक नजर

### मुस्लिम छिपी वेलफेयर सोसाइटी के सदर पद का चुनाव 18 मई को

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**जसपुर।** मुस्लिम छिपी वेलफेयर सोसाइटी के सदर पद के लिए प्रत्याशियों द्वारा जनसंपर्क तेज कर दिया गया है। 18 मई को मोहल्ला चौहानान में पूर्व वर्षों की भांति छिपी बिरादरी के सदर पद का मदरसा अख्तर -उल- उलूम में चुनाव होना है।

सदर पद के लिए उम्मीदवारों को उनके चुनाव चिन्ह आवंटित किए जा चुके हैं। चुनाव 18 मई को सुबह 08:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक होंगे। मतगणना भी उसी दिन हो जाएगी, उसी दिन सदर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव अधिकारी मोहम्मद इस्लाम व अतिकुर्रहमान रहबर ने बताया कि सदर पद लिए प्रत्याशी अनीस अहमद को चुनाव चिन्ह (कार), मोहम्मद नाजिम को चुनाव चिन्ह (कप प्लेट), नफीस अहमद को चुनाव चिन्ह (बंगला) व मोहम्मद असगर को चुनाव चिन्ह (मोटरसाइकिल) आवंटित किए गए हैं। उसी दिन स्क्रूटी ,नाम वापसी, नाम घोषणा का कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा। जसपुर के आठ, नौ व 10 सेक्टर के मतदाता ही अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं।

### तीन बच्चों का खिलाड़ी उन्नयन योजना में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के केजेएम के तीन छात्र-छात्राओं का मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के चयन हुआ है।



बुधवार को विद्यालय प्रबंधक कैलाश चंद्र जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन छात्र छात्राओं जिसमें कक्षा- 9 के छात्र मोनू अटवाल, कक्षा -7 के छात्र नवीन जोशी, कक्षा- 7 की छात्रा कमलजीत कौर का मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना में चयन हुआ है। विद्यालय द्वारा हर वर्ष नगर स्तर ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर में पढ़ाई के साथ -साथ विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कैलाश चंद्र जोशी, प्रधानाचार्य महेश जोशी, उपप्रधानाचार्य पियूष गुप्ता व अन्य स्टाफ ने प्रशिक्षक साहिल एवं तीनों छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

### ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह ने 99.8 प्रतिशत अंक लाकर नाम रोशन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने अपने छात्र ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह की शानदार सफलता का जश्न मनाया, जिसने सीबीएसई कक्षा10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 99.8 प्रतिशत (500 में से 499 अंक) हासिल किए। रुद्रपुर निवासी रुद्र ने चार विषयों में शत-प्रतिशत अंक (100 में 100) प्राप्त किए और गणित में सिर्फ एक अंक से पीछे रहकर 99 अंक हासिल किए।




रुद्र की स्कूल की पढ़ाई को फिजिक्सवाला के ऑनलाइन उड़ान बैच ने मजबूती दी। उसने एक नियमित स्टडी शेड्यूल अपनाया, कॉन्सेप्ट्स को गहराई से समझने पर ध्यान दिया, और NCERT बुक्स, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों और मॉक टेस्ट्स का निरंतर अभ्यास किया। रुद्र ने बताया कि फिजिक्सवाला (पीडब्लू) के वीडियो लेक्चर्स और सुव्यवस्थित तैयारी पद्धतियों ने उसे ट्रैक पर बनाए रखा। मेरी तैयारी का आधार था-नियमितता, कॉन्सेप्चुअल क्लैरिटी और इमोशनल बैलेंस। अलख पांडे, शिक्षक, संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने कहा रुद्र का रिजल्ट नियमित मेहनत और सही संसाधनों की अहमियत का उदाहरण है। पीडब्ल्यू में, हम अलग-अलग बैकग्राउंड से आए छात्रों को उनके शैक्षिक लक्ष्यों की तैयारी में मदद करने की कोशिश करते हैं।

### सीबीएसई कक्षा 10 में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर रोड, बिलासपुर के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अन्वी अग्रवाल' ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। यश राज सिंह' ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कृतिका भारद्वाज ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विभूति एलाहाबादी' ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। आदित्य मंडल' ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया। सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को उत्कृष्ट उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी।




**एम.के. वाटर प्रूफिंग**

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो.महबूब भाई

बिलासपुर रोड, रूद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

# 53 मोटरसाइकिल और एक कार हुई नीलाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में कोतवाली जसपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एमवी एक्ट में सीज हुए वाहनों की सूची तैयार कर वर्ष 2010 से वर्ष 2023 के मध्य एमवी एक्ट में सीज हुए 54 वाहनों की सूची तैयार कर वाहन स्वामियों को अपने वाहन रिलीज कराने के लिए नोटिस जारी कर अवगत कराया गया। जिसके उपरांत न्यायालय जसपुर को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर उक्त वाहनों के नीलामी आदेश पारित कराकर न्यूज पेपर के माध्यम से नीलामी की तिथि प्रकाशित की।



उप जिलाधिकारी जसपुर चतर सिंह चौहान , क्षेत्राधिकारी काशीपुर दीपक सिंह की अध्यक्षता में टीटीओ काशीपुर प्रमोद कर्नाटक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जगदीश सिंह ढकरियाल द्वारा सूतमिल चौकी परिसर में नीलामी की प्रक्रिया अमल में लाई गई। नीलामी के दौरान 89 पंजीकृत ठेकेदारों ने प्रतिभाग किया। नीलामी प्रक्रिया में 53 मोटर साइकिल व एक सेंटरों कार की सबसे ऊंची बोली पांच लाख 46 हजार रुपये लगाकर ठेकेदार मोहम्मद फईम पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी जगन्नाथपुर बाजपुर ने खरीद लिया, जिसके पश्चात आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर माल सुपुर्द करने की कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जगदीश सिंह ढकरियाल, एसएसआई जावेद मालिक, हे. का. संजय गिरी, फकीर राम, का. राज. कुमार, टीटीओ प्रमोद कर्नाटक,बोली लगाने वाले ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

# सरकारी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वार्ड नंबर 7 खटीमा निवासी कासिम पुत्र शमीउद्दीन ने उप जिला अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंप कर नागरिक चिकित्सालय में कार्यरत एक चिकित्सक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

शिकायती पत्र में उन्होंने लिखा है कि 12 अप्रैल 2025 की रात लगभग 8.30 बजे उनका साला आमिर पुत्र इंतजार अहमद निवासी वार्ड नंबर 6 आजाद के मदरसे के जलसे में जा रहा था तभी अचानक पीछे से गोटिया निवासी गुफरान पुत्र पप्पू चायवाला चाकू से उसकी पीठ पर वार कर दिया जिससे लहूलुहान होकर वह जमीन पर गिर गया। वहीं चीख पुकार सुनकर जब आसपास के लोग वहां पहुंचे तो मौके से आरोपी गुफरान फरार हो गया। तत्पश्चात आसपास के लोगों की मदद से घायल आमिर को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टर अकलीम का व्यवहार ठीक नहीं था।

शिकायती पत्र में लिखा है कि अत्यंत रक्त स्राव व गहरा घाव होने के बावजूद भी डॉक्टर अकलीम द्वारा टांके लगाकर जबरन डिस्चार्ज कर दिया गया। साथ ही डॉक्टर के द्वारा मेडिकल के पर्चे पर लिख दिया गया कि मरीज के



अनुरोध पर अन्यत्र भेजा जा रहा है, जबकि परिजन घायल मरीज को डॉक्टर से अस्पताल में भर्ती करने का अनुरोध करते रहे। जिसकी वजह से उनके साले आमिर की तबीयत अत्यधिक खराब हो गई। वहीं उन्होंने एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को एक शिकायती पत्र सौंप कर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# एसएम पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 व 12 वीं बोर्ड का परीक्षाफल हुआ घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का कक्षा 10 व 12 वीं के परीक्षाफल में सितारगंज के एसएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।

बुधवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. मनिंदर गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के कक्षा 12 वीं में विज्ञान वर्ग में स्नेहा तिवारी 92 प्रतिशत, शिवम् द्विवेदी ने 92 प्रतिशत व सुम.नदीप कौर तथा सुमैरा ने 90 प्रतिशत और प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य वर्ग में हरमन सिंह ने 93 प्रतिशत, जसप्रीत सिंह 81 प्रतिशत तथा हरप्रीत कौर 79 प्रतिशत अकों के साथ प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं में हर्ष खोलिया 95 प्रतिशत अनन्या अग्रवाल 93.2 और शिवांग यादव 93 प्रतिशत के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 10 वीं में 60 सेअधिक छात्र/छात्राओं के 60 प्रतिशत से अधिक अंक रहे। कक्षा 12 वीं के विज्ञान तथा वाणिज्य वर्ण में 36 से अधिक छात्र/छात्राओं ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षाफल सत् प्रतिशत रहा।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक भुवन चन्द्र भट्ट , उप प्रबन्धक हिमांशु खर्कवाल, प्रधानाचार्य डा. मनिंदर सिंह गुलाटी उप प्रधानाचार्य टीएस जीना सहित समस्त विद्यालय परिवार ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पुलिस ने चलाया घर-घर सत्यापन अभियान,वसूला जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पुलिस द्वारा लगातार जसपुर व जसपुर क्षेत्र में किराएदारों ,मजदूरी करने वाले ,फल रेडी वाले, वह बाहर से आए लोगों का सत्यापन अभियान लगातार चलाए जा रहा है, जिसमें 10 मकान मालिकों पर लगभग 10-10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया तथा 25 लोगों का पुलिस एक्ट 81 में चालान कर प्रत्येक से 250-250 वसूले गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिहनगर मणिकांत मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में



कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा जसपुर क्षेत्र में- ईदगाह रोड मोहल्ला जुल्हान, पतरामपुर, धर्मपुर, सूतमिल आदि क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर किरायेदारों का सत्यापन ना कराने वाले10 मकान मालिकों के 83 पुलिस एक्ट में 10-10 हजार के चलान कर समन के लिए न्यायालय प्रेषित किया गया।

किरायेदारों और वर्कर्स द्वारा अपना सत्यापन ना कराने पर 25 लोगों का 81 पुलिस एक्ट में 250-250 रुपये का चलान कर 6250/- रुपये वसूल किए गए। सत्यापन के दौरान करीब 75 लोगों के सत्यापन किए गए।

कोतवाल जगदीश सिंह ढकरियाल ने बताया कि वर्तमान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर द्वारा सत्यापन अभियान चलाया गया है। बाहरी राज्यों से आकर बिना सत्यापन के काम करने वाले, किराये पर रहने वाले, फेरी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सत्यापन ना कराने पर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

सत्यापन अभियान में वरिष्ठ उप निरीक्षक जावेद मलिक, उप निरीक्षक संजय सिंह आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से निकली श्री खाटू श्याम जी की निशान यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** श्री खाटू श्याम जी के तृतीय भव्य संकीर्तन वार्षिक महोत्सव के अवसर पर बुधवार को नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बाबा श्याम के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया।

सुबह श्री जगदम्बा मंदिर से आरंभ हुई निशान यात्रा नगर के सितारगंज मार्ग, धार्मिक डेरा, कार सेवा मार्ग, गुरुद्वारा मार्ग, खटीमा मार्ग होते हुए जागरण स्थल तक पहुंची, जहां इसका भव्य समापन हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक परिधान और रंग-बिरंगे ध्वज लेकर बाबा श्याम का गुणगान करती चल रही थीं। बाबा की झांकी यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही, जो श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र बनी रही। जगह-जगह भक्तों ने फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान ष्हारे के सहारे की जय, खाटू नरेश की जयष के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालु बाबा के भजनों पर झूमते-नाचते हुए आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह प्रसाद वितरण के स्टॉल भी लगाए गए थे, जिनमें भक्तों ने सेवा भाव से भाग लिया। भक्त मुकेश गुप्ता ने जानकारी दी कि बुधवार रात श्री खाटू श्याम जी का भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से प्रसिद्ध भजन गायक शामिल होंगे।

# युवक ने सकैनिया चौराहे पर तमंचा लहराते हुए की हवाई फायरिंग, ग्रामीण दहशत में

- कई वाहन चालकों के साथ की अभद्रता
- लकड़ी काटने के कटर से घायल करने का किया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** पुलिस चौकी सकैनिया से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर सकैनिया मार्केट के बीच मुख्य चौराहे पर दो युवकों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई, जिसके बाद युवको ने चौराहे पर हवा में तमंचा लहराते हुए हुआवेई फायरिंग कर दी। फायरिंग की आवाज सुनकर सकैनिया के ग्रामीण दहशत में आ गए। लगभग आधा घंटा जमकर बबाल मचाया गया। सूचना के बाद देरी से पहुंची पुलिस के आने तक आरोपी फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सकैनिया मार्केट के बीच मुख्य चौराहे पर दो युवकों में किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के बाद पहुंचे दो अन्य युवको ने चौराहे पर हवा में तमंचा लहराते हुए वाहन चालकों के साथ अभद्रता व मारपीट की और कई वहनों के शीशे भी तोड़ दिए। इस दौरान एक युवक ने पेड़ को काटने वाली मोटर से चलने वाली आरी को कई रहगीरों के ऊपर चलाने का प्रयास किया।

इस दौरान तमंचा लहरा रहे पहले युवक ने एक हवाई फायर भी किया और चौराहे के बीच में बैठकर झगड़ा करने वाले युवकों को ललकारा। यह ड्रामा चौकी से महज 300 मीटर की दुरी पर हुआ और लगभग आधा घंटा चला हाई वोल्टेज ड्रामा सूचना पर पहुंची पुलिस को आता देख युवक मौके से फरार हो गए। गनीमत ये रहा कि रही कि इस दौरान किसी राहगीर को कोई गंभीर चोट नहीं आई। सूत्र बता रहे हैं कि विवाद करने वाले युवक नजदीकी ग्राम कोलकाता के रहने वाले हैं।

क्या ऐसे में पुलिस उन लोगों की शिनाख्त करके कार्यवाही करेगी या फिर किसी बड़े घटना का इंतजार करेगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### अगर पुलिस समय पर पहुंचती तो पकड़े जा सकते थे हुड़दंगी......

**गदरपुर।** बीती रात्रि सकैनिया चौराहे पर कुछ युवकों द्वारा किए गए हाई वोल्टेज ड्रामे से व्यापारियों में भारी रोष है। एक व्यापारी द्वारा बताया गया कि जिस तरह से युवकों द्वारा हवा में तमंचा लहरा कर फायरिंग की गई। वह दूसरा युवक द्वारा लकड़ी काटने के कटर से राहगीरों के ऊपर लेकर दौड़ा जा रहा था। उससे कोई भी व्यक्ति बुरी तरह घायल हो सकता था। वहीं फायरिंग के भय के कारण कुछ व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों को समय से पहले ही बंद कर दिया गया। युवकों द्वारा मचाया जा रहा है हुड़दंग की सूचना कुछ लोगों द्वारा पुलिस को दी गई, परंतु चंद कदमों की दूरी पर बनी पुलिस चौकी से पुलिस कर्मियों ने पहुंचने में आधे घंटे से भी ऊपर का समय लगा दिया, जिसको लेकर व्यापारियों व ग्रामीणों में भारी रोष है। व्यापारियों ने कहा कि समय रहते अगर पुलिस पहुंच जाती तो इन हुडदंगियों को पकड़ा जा सकता था।

कुछ लोगों द्वारा हुड़दंग मचाने का मामला संज्ञान में आया है। अभी तक घटना से संबंधित कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। फिर भी पुलिस द्वारा जांच कर उन लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**विभव सैनी**
**पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर**

# बलदेव सिंह इंका.के बच्चों ने परचम लहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान बलदेव सिंह इण्टर कॉलेज के हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों ने हर वर्ष की भांति वर्ष 2024-25 की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जसपुर क्षेत्र, अपने परिवार का नाम रोशन किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सिंह भण्डारी ने परीक्षा-फल में शानदार प्रदर्शन के लिए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन-मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इसलिए विद्यार्थियों के साथ-साथ अध्यापक व अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं ।

कॉलेज के ही छात्र रुद्राक्ष बिश्नोई ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और जसपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया छात्र छात्राओं में कनिष्क चौहान (95.8) ने दूसरा तथा ध्रुव पाण्डेय (94) ने विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों के अलावा कनक कुमार (93.2), निष्ठा चौहान (93), अक्ष चौधरी (93), अनमोल चौहान (92), यशिका चौहान (91), आस्था (90.8) , मोहम्मद शियान (89.8) ने प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



इंटरमीडिएट परीक्षा में मेधावी छात्र प्रीत कुमार पुत्र विपिन कुमार चौहान निवासी रतुपुरा ठाकुरद्वारा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जसपुर क्षेत्र में द्वितीय स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुष्का वत्स (94.2) और मोहम्मद सादिक (94.2) ने प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

रजनदीप कौर (93.4) और सोना सिंह (93.4) ने विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त सुहेल अनवर (92.4), परी गहलौत (90), आर्यन चौहान (89.8), राज अंजलि चौहान (89.8), श्रेहित चौहान (89.4), भव्या चौहान (89.4) तरुण चौहान (89) ने प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, सर्वेश कुमार, बार अध्यक्ष सुंदर पाल सिंह, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, वरिष्ठ भाजपा नेता यूनुस चौधरी, खड़क सिंह, डॉक्टर एमपी सिंह, डॉक्टर सुदेश कुमार, जिला अध्यक्ष मनोज पाल, जसपुर अध्यक्ष नौशाद सम्राट, वरिष्ठ समा.जसेवी नसरीन चौधरी आदि जनप्रति.निधियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और शुभकामनाएं प्रेषित की।

# डीएम ने जनजातीय योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर भारत सरकार की पीएम जनमन आदिवासी न्याय महाअभियान योजना एवं पीएम धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत जनपद के सभी चिन्हित गांवों में शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में जनमन योजना के तहत 43 तथा धरती आभा योजना के अंतर्गत 68 गांव चिन्हित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने इन गांवों में निर्माणाधीन छात्रावासों, बहुद्देशीय भवनों के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने व उपयोगिता प्रमाण पत्र समय से भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित गांवों के सभी परिवारों को पक्के घर, जल-नल कनेक्शन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, विद्युत व सौर ऊर्जा, सड़कों से जोड़ने, संचार व्यवस्था, राशन कार्ड, मुफ्त राशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पोषण योजना, बच्चों का टीकाकरण, स्केल सेल एनीमिया एवं क्षय रोग की जांच व उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# स्टार्टअप शुरू करने से पहले बाजार को समझना जरूरी: डीएम

■ दो दिवसीय बूट कैंप का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी द्वारा नन्हीं परी सीमान्त इंजी. नियरिंग कॉलेज में उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति उद्यमिता व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय बूट कैंप का उद्घाटन किया गया। उन्होंने सीमान्त इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों का उत्साहवर्द्धन करते हुए पिथौरागढ़ की आवश्यकताओं एवं संशाधनों पर नए आइडियाज प्रस्तुत करने वालों को 10 हजार का नकद ईनाम देने के साथ हीं अपने आईडियाज भी शेयर किए तथा उनके द्वारा अधिक से अधिक युवाओं को स्टार्टअप अपनाने के हेतु प्रोत्साहित किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में छात्रों और युवा उद्यमियों को स्टार्टअप शुरू करने और उसे सफल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तराखण्ड, विशेषकर पिथौरागढ़ जैसे क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों और स्थानीय ज्ञान की अपार संभावनाएं मौजूद हैं, जिनका उपयोग युवा नवोन्मेषी विच. ारों के साथ करके सफल स्टार्टअप स्थापित कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कोई भी स्टार्टअप शुरू करने से पहले बाजार की जरूरतों और समस्याओं को समझना अत्यंत आवश्यक है। ऐसा विचार चुनें जो लोगों की वास्तविक समस्याओं का समाधान करें और जिसकी बाजार में मांग हो, अपने विचारों में नवीनता लाएं और लीग से हटकर सोचें। रचनात्मक समाधान ही आपके स्टार्टअप को प्रतिस्पर्धा में अलग पहचान दिला सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के बूट कैंप युवाओं को सही दिशा और प्रेरणा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। डा. दीपक मुरारी संयुक्त निदेशक उद्योग निदेशालय देहरादून द्वारा उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

सीमान्त इंजीनियरिंग कालेज के डायरेक्टर डा. अजीत कुमार द्वारा छात्रों को पूर्ण मनोयोग से बूट केम्प में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा बूट केम्प आईआईएम काशीपुर के विशेषज्ञ प्रो. उत्कर्ष एवं संजय पाल, प्रबन्धक द्वारा आईआईएम काशीपुर द्वारा स्टार्टअप में चयनित नवाचारों को दिये जा रहे सहयोग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा कविता भगत, महाप्रबन्धक उद्योग द्वारा सभी अतिथितियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उद्यमिता एवं नवाचार प्रकाश डाला गया। पिथौरागढ़ औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष राम सिंह द्वारा पिथौरागढ़ में स्टार्टअप की सम्भावानाओं पर प्रकाश डाला गया। बूट कैम्प में सीमान्त इंजीनियरिंग कालेज के डायरेक्टर अजीत कुमार, पंकज तिवारी, प्रबन्धक, जिला उद्योग केंद्र, पिथौरागढ़, लीड बैंक अधिकारी एनआर जौहरी आदि उपस्थित थे।

# दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं को गठित हुआ दुग्ध संघ सचिव संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद में दुग्ध संघ के सचिवों ने पहली बार ऐसा जिला स्तरीय संगठन बनाया है जो उनकी तथा पशुपालकों की समस्याओं, आवश्यकता के अलावा दूध के दामों में वृद्धि करने के साथ पशुपालकों का मान और सम्मान बढ़ा सके। वक्ताओं का कहना था कि चम्पावत जिले में दूध का सर्वाधिक उत्पादन होता है इससे जुड़े दुग्ध संघ सचिवों का ना तो कभी मानदेय बढ़ा है और ना ही इनकी समस्याये कम हुई है। जहां तक दुग्ध उत्पादकों का सवाल है वो पानी के मोल दूध बेचने को मजबूर है इन्ही भावनाओं को देखते हुए दुग्ध संघ सचिवों के द्वारा जिला स्तरीय संगठन बनाकर उसकी कमान ऐसे व्यक्ति को सौंपी गई है जो स्वयं पशुपालक होने के साथ - साथ उनकी समस्याओं को नजदीक से जानता है।

इस अवसर पर राजेश बिष्ट को अध्यक्ष, मां बाराही धाम देवीधुरा के समाजसेवी व पशुपालक राजेश बिष्ट चुने गए सर्वसम्मति से दुग्ध सचिव संगठन के अध्यक्ष, कमला मुरारी को उपाध्यक्ष, गौरी शंकर बिष्ट को सचिव, कोषाध्यक्ष राकेश मुरारी, भुवन जोशी को संरक्षक, चंद्र बल्लभ भट्ट को प्रसार- प्रचार मंत्री तथा महेश चंद्र भट्ट, दिनेश कुमार,राम सिंह बिष्ट, मदन उपाध्याय, विनीता



ढेक, चंदन सिंह,हीरा सिंह, पवन सिंह को संगठन का सदस्य चुना गया है। मुख्य अतिथि क्षेत्रिय विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने जहां सचिव संगठन के अध्यक्ष पद पर राजेश बिष्ट जैसे संघर्षशील एवं जमीन से जुड़े व्यक्ति को संगठन की कमान सौंपी है, वही उन्होंने कहा कि वे हमेशा संगठन एवं दुग्ध उत्पादकों के पीछे चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। बैठक में मौजूद आंचल दुग्ध संघ के प्रबंधक पुष्कर सिंह नगरकोटी ने कहा की वे दुग्ध संघ के सचिवों की समस्याओं का समाधान करने के साथ सचिव संगठन से मिलकर दुग्ध उत्पादकों के हितों के लिए हमेशा कार्य करेंगे। इनके अलावा बढ़ी संख्या में जिले के पशुपालक, दुग्ध समिति के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर वृद्धा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** शांतिपुरी गेट के पास बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक पार कर रही कोटद्वार निवासी एक वृद्धा की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार सुबह करीब पौने दस बजे पैसेंजर ट्रेन संख्या 05401 बरेली से लालकुआं को जा रही थी। शांतिपुरी रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही एक वृद्ध महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतका के बैग में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान 85 वर्षीय राधा देवी पत्नी कमल अधिकारी निवासी तलारामपुर कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे मृतका के रिश्तेदारों ने बताया कि वह दो दिन पूर्व तल्ला जवाहर नगर निवासी अपनी बड़ी बहन से मिलने आई थी। बुधवार सुबह अपनी बहन के वहां से वापस अपने घर कोटद्वार के लिए निकली थी।

# आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश ट्रायल संपन्न

■ छात्रावासों में प्रवेश पाने को 102 खिलाड़ियों ने जोर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** खेल विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में फुटबॉल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, वालीबॉल, क्रिकेट एवं हॉकी खेल विधाओं में 11 जनपदों में संचालित आवासीय क्रीडा छात्रावासों में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के प्रवेश हेतु जनपदीय चयन ट्रायल श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में 13 एवं 14 मई, 2025 को लिए गए, जिसमें कुल 73 बालक, 29 बालिका कुल 102 खिलाड़ियों ने छात्रावास में प्रवेश पाने हेतु जोर लगाया।

जनपदीय ट्रायल में बैटरी टेस्ट के अन्तर्गत 6X10 शटल रन, बॉल थ्रो, 100 मी. दौड़, 800 मी. दौड़,



स्टेण्डिग ब्राण्ड एवं खेल विधाओं के कौशल की परीक्षा ली गई। जनपदीय ट्रायल में चयनित खिलाड़ी दिनॉक 19 एवं 20 मई, 2025 को आयोजित होने वाले फाइनल चयन ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। फाइनल ट्रायल बॉक्सिंग खेल में जनपद पिथौरागढ़ में, बैडमिन्टन खेल में जनपद अल्मोड़ा में, हॉकी खेल में जनपद हरिद्वार में, एथलेटिक्स खेल में जनपद ऊधमसिंह नगर में, फुटबॉल व क्रिकेट खेल में जनपद देहरादून में एवं वालीबॉल खेल में जनपद चमोली में आयोजित किए जाएंगे। आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में चयनित बालक-बालिकाओं को विभाग द्वारा सम्बन्धित खेलों में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा खेल प्रशिक्षण, गुणवत्तायुक्त भोजन, शिक्षा, प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु यात्रा भत्ता, स्पोर्ट्स किट, छात्रावास ड्रैस आदि समस्त सुविधायें उपलब्ध करायी जाती है।

खिलाड़ियों के चयन ट्रायल सहायक प्रशिक्षक सतीश कुमार की देखरेख में फुटबॉल खेल में चन्द्र सिंह धामी, जगदीश कसन्याल भूपेन्द्र सिंह चौहान, पंकज भट्ट, बॉक्सिंग खेल में ट्रायल कै. देवी चन्द, जनार्दन सिंह वल्दिया, प्रकाश जंग थापा, धर्मेन्द सिंह बोहरा, हेम उपाध्याय, एथलेटिक्स खेल में ट्रायल माया कुमारी, रूचि खोलिया, राजेन्द्र सिंह खोलिया, बैडमिन्टन में दीपांक वर्मा, चन्द्रशेखर पुनेड़ा, अभिषेक वर्मा, वालीबॉल में सुनील प्रसाद, इन्द्रजीत सिंह सामन्त, मनोज ठाकुर, क्रिकेट में नीरज सिंह सौन, अक्षय कुमार, प्रशान्त भैसोड़ा, हेमलाल वर्मा, अमित भण्डारी, हॉकी में लीलावती जोशी, भूपाल सिंह चुफाल, सीमा पुनेड़ा द्वारा लिए गए।

## नगर पालिका ने सत्यापन अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा रानीखेत रोड में सत्यापन अभियान चलाया गया, जिसमे 15 फड़ फेरी व्यवसायियों का सत्यापन किया गया।तहसीलदार मनीषा मरकाना ने बताया कि तीन लोग उत्तराखंड से बाहर के पाए गए । अभियान में तीन चालान किए गए ,जिसमे 700 रुपये को धनराशि जमा की गई। अभियान में उपजिलाधिकारी रामनगर प्रमोद कुमार,नगर पालिका अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल,कर निरीक्षक संजय सिंह मनराल , राजस्व उप निरीक्षक आरिफ हुसैन एवम नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

## एक नजर

## पुलिस ने सत्यापन अभियान के तहत 55 का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** किरायेदार एवं बहारी लोगों को चिन्हित कर पुलिस द्वारा नगर एवं नगर के वार्डो में सत्यापन अभियान चलाया तथा पुलिस सत्यापन ना कराने पर दर्जनों लोगों के विरुद्ध चालन की कारवाई की गई।



बुधवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के पुलिस कप्तान मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम द्वारा सत्यापन अभियान चलाया गया। पुलिस ने सत्यापन ना कराने पर पचपन चालान किए, जिसमें छह चालान पुलिस एक्ट में कर नगद जुर्माना वसूल किया। वहीं पुलिस ने एक चालान कोर्ट की कारवाई की। पुलिस ने नगर में नाली से बाहर फड व सड़क तक सामान फैलाकर दुकान लगाने वालो को चिन्हित का हिदायत दी। पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष उमेश कुमार, उप निरीक्षक संजय कुमार, मुख्य आरक्षी जगदीश पुजारी, नवनीत कुमार एवं नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद थे।

## भाजपा मंडल कार्यकारिणी का किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ब्लॉक सभागार में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कंजाबाग व झनकट मंडल की भाजपा कार्यकारिणी का भव्य स्वागत किया गया।



इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत सम्मान किया तथा उनको शुभकामनाएं दी। इसघ अवसर पर कंजाबाग मंडल के अध्यक्ष महेश राणा व झनकट मंडल के अध्यक्ष बलदेव सिंह, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, कामिल खान, नंदन सिंह खड़ायत, किशोर जोशी, गोकुल ओली, एडवोकेट हरीश जोशी, अंजू देवी, अनीता जयाला किशन बिष्ट तथा रमेश, जोशी जफर खान सहित दोनों मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रीन फील्ड अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट

**शीहि टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सीबीएसई बोर्ड परिणाम 2025 ग्रीन फील्ड अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीरुमादरा रामनगर का शत प्रतिशत रहा। ग्रीन फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निर्देशक शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में अपने छात्रों की उत्कृष्ट सफलता को साझा करते हुए बहुत खुश हैं, जिसमें कक्षा X और कक्षा XII दोनों में 100 प्रतिशत उत्तीर्ण दर है। यह मील का पत्थर हमारे छात्रों, शिक्षकों और पूरे ग्रीनफील्ड अकादमी परिवार की अटूट लगन, कड़ी मेहनत और सहयोगी भावना को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 के टोपर्स हेमंत चमोली 95,नेहा 90.6,अदिति रावत 90.4 प्रतिशत अंक रहे। कक्षा 12 के टोपर्स नीतू चमोली 89,कासन सलीम 86,धरना 82 प्रतिशत अंक हासिल किए। ग्रीनफील्ड अकादमी के लिए हेमंत चमोली कक्षा 10 और नीतू चमोली कक्षा 12 हमारे स्कूल के टॉपरों ने ना केवल उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वाले हैं, बल्कि भाई-बहन भी हैं, जो एक ही परिवार में शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभा और प्रतिबद्धता का उदाहरण हैं।शिशुपाल सिंह रावत प्रबंध निदेशक और कंचन बिष्ट प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों और संकाय सदस्यों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उत्कृष्टता के लिए अथक प्रयास की सराहना की और सभी को भविष्य में और भी अधिक लक्ष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि ग्रीनफील्ड अकादमी की शैक्षणिक उत्कृष्टता, मूल्य-आधारित शिक्षा और समग्र विकास के प्रति समर्पण का एक शक्तिशाली प्रमाण है।कहा कि हम एक साथ मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे।




# नियमित योग तनाव और चिंता को कम करने में सहायक: घिल्डियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** स्किल हंटर्स रामनगर द्वारा भारत योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वाधान में एमपी इंटर कॉलेज रामनगर के ऑडिटोरियम हॉल में हुआ। योगासन खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश भर से 700 से अधिक प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजस्व उप निरीक्षक तारा चन्द्र घिल्डियाल ने कहा कि नियमित योग तनाव और चिंता को कम करने में सहायक होता है। प्रतियोगिता का उद्घाटन और समापन तारा चन्द्र घिल्डियाल ने किया। जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। तारा चन्द्र घिल्डियाल ने कहा कि नियमित योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कहा कि योग ने अपनी महत्वता को हर वर्ग में साबित किया है और इस तरह की प्रतियोगिताएं इसे और



भी लोकप्रिय बना रही हैं। प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजन समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने में सहायक सिद्ध होंगे।इस प्रतियोगिता ने साबित कर दिया कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि यह एक जीवन की दिशा और मानसिक संतुलन को स्थापित करने का सबसे बेहतरीन तरीका है। विजेताओं को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए तारा चन्द्र घिल्डियाल द्वारा पुरस्कृत किया गया, जो सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं।रामनगर की कृपा डंगवाल,श्रुति तड़ियाल, प्रसिद्धि , अवनी बिष्ट, मानस बिष्ट,मृदुल रजवार, आकृति नेगी ,मानसी बिष्ट ,विधि, दीक्षा, उदिता गोस्वामी, पूर्णिमा ईशानी,तनुजा, काशीपुर से पियूष खंसीली,जैनी राणा, रुद्रपुर से आदित्य बिष्ट, हार्दिक बिष्ट, कृतिका नेगी, रुद्राक्षी बिष्ट, हल्द्वानी से वर्षिता नेगी ,हर्ष पांडे, काव्यांजलि,रूपा, निर्मला पांडे,तनुजा रावत,निर्मला रावत, हर्षिका रिखाड़ी, अल्मोड़ा से कविता बिष्ट, हरिद्वार से विशाल शर्मा, ऋषिकेश से अभिषेक, वंशिका, टिहरी से सुमित, पौड़ी से अद्धविक सिंह सभी प्रथम स्थान पर रहे और नेशनल के लिए चयन हुआ।इस दौरान कार्यक्रम में भुवनेश जोशी निदेशक स्किल हंटर्स, प्रेम सिंह बोरा प्रबंधक स्किल हंटर्स, अंकित कश्यप, इशांत चंद्रा, जगदीप भट्ट, कविता बोरा, देवेंद्र दत्त शर्मा, दीपा वर्मा, दिव्यानी मित्तल, नकुल बिष्ट, पूजा तड़ियाल, प्रियांशु शर्मा, प्रदीप कुमार, महक कोहली, शुभम राणा,उपासना चौहान प्रसून श्रीवास्तव, भावना भट्ट, प्रधानाचार्य संजीव शर्मा, हेमचंद्र पांडे गणेश रावत, बसंत लाल वर्मा, नवेंदु जोशी, नवीन चंद तिवारी, प्रभात ध्यानी, विनोद पपने आदि मौजूद रहे।

## 99 प्रतिशत अंकों के साथ माउंट लिट्रा के वैभव नेगी ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** माउंट लिट्रा जी स्कूल, रुद्रपुर ने एक बार फिर अकादमिक उत्कृष्टता का परचम लहराया। इस वर्ष कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में छात्र वैभव सिंह नेगी ने सर्वोच्च अंक (99 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

वैभव ने कठिन परिश्रम, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से न केवल उनकी माता बीना नेगी, पिता ओमप्रकाश नेगी एवं सभी शिक्षक गौरवान्वित हैं, बल्कि समस्त विद्यालय परिवार को भी अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप नैथानी ने वैभव को बधाई देते हुए कहा यह उपलब्धि वैभव की लगन, मेहनत और समर्पण के साथ-साथ हमारे विद्यालय के उच्च शैक्षिक मानकों और शिक्षकों के अथक प्रयासों का परिणाम है। विद्यालत के चेयरमैन आशीष पांडेय ने बोर्ड परीक्षा में वैभव के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा ष्हमें वैभव जैसे प्रतिभाशाली छात्रों पर गर्व है। वैभव की इस सफलता ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है और यह उपलब्धि उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सशक्त कदम है। माउंट लिट्रा जी स्कूल, रुद्रपुर अपने प्रतिभाशाली छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# पुरातन छात्र समिति का हुआ पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की पुरातन छात्र समिति उत्तराखण्ड सरकार के सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण पोर्टल पर पंजीकृत हो चुकी है। हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य प्रो.एमसी.पाण्डे ने बताया कि पुरातन छात्र समिति का पंजीकरण होना महाविद्यालय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।जिसका लाभ महाविद्यालय को भविष्य में अवश्य मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस समिति के माध्यम से महाविद्यालय के पूर्व छात्र छात्राओं के अनुभवों से महाविद्यालय के विकास में प्रगति होगी। रामनगर महाविद्यालय स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है।महाविद्यालय में पुरातन छात्र समिति की संयोजक डॉ.लोतिका अमित को बनाया गया है और सदस्य डॉ.देव आशीष, डॉ.मनोज नैलवाल व डॉ.हिमावती पन्त को बनाया गया है।

समिति द्वारा अधिक से अधिक पूर्व विद्यार्थियों को समिति में जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। सोसाइटी पंजीकरण प्रमाणपत्र पुरातन छात्र समिति के अध्यक्ष गणेश रावत द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य को सोंपा गया।इस अवसर पर प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे, चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस.एस. मौर्या,प्रो.अनीता जोशी,प्रो.जे.एस.नेगी, डॉ.लवकुश चौधरी, डॉ.प्रमोद जोशी, डॉ.योगेश चन्द्रा, डॉ.डी.एन. जोशी आदि ने बधाई दीं।

वहीं पुरातन छात्र समिति के अध्यक्ष गणेश रावत ने



बताया कि पुरातन छात्र समिति के पंजीकृत होने से महाविद्यालय के विकास में सहयोग प्राप्त होगा।

महाविद्यालय को पचास वर्ष हो चुके हैं इस अवधि में विभिन्न छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय से अपना अध्ययन पूर्ण करने के पश्चात अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस समिति के माध्यम से पूर्व छात्रों को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास किया जाएगा और महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए उनसे सहयोग की अपील की जाएगी।

# मांगों को लेकर महिला एकता मंच ने दिया धरना

■ मांगों के समाधान को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** महिला एकता मंच द्वारा मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुरूप एक्स-रे, मशीन, अल्ट्रासाउंड, इमरजेंसी, सर्जन, निश्चेतक, बाल रोग विशेषज्ञ व पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति आदि मांगों का समाधान निकालने के लिए उपजिलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वरिष्ठ चिकित्सक डा. प्रशांत कौशिक ने बताया कि मालधन अस्पताल में परिचारिका के 10 के पद सृजित हैं जिसके मुकाबले 5 परिचारिका ही नियुक्त की गई हैं। डा. यादव को गेठिया अस्पताल से सम्बद्ध करने के कारण इमरजेंसी सुविधा मात्र 3 दिनों के लिए ही उपलब्ध है, जिसे छह दिन करने का प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, निश्चेतक व रेडियोलॉजिस्ट के पद भी रिक्त पड़े हैं। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 150 मरीज आ रहे हैं।जिला प्रशासन से सप्ताह में छह दिनों के लिए अल्ट्रासाउंड वैन की मांग की है। सरकार नई नियुक्ति दुर्गम




स्थानों पर कर रही है। मालधन साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुगम में होने के कारण यहां पर नियुक्तियां नहीं की जा रही हैं। डा. कौशिक ने बताया कि फीजिशियन व प्रसुति रोग विशेषज्ञ का भी मालधन से पिथौरागढ़ के लिए ट्रांसफर होने वाला है। इसकी सूचना हमने विधायक को भी दे दी है। एक्सरे मशीन टेक्नीशियन न होने के कारण चालू नहीं है।महिला एकता मंच ने भाजपा सरकार पर मालधन की जनता की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मालधन अस्पताल से डाक्टरों का ट्रांसफर किसी भी शर्त पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकार 34 एक्सरे टेक्नीशियन नियुक्त कर रही है इनमें से एक मालधन के लिए भी नियुक्त किया जाना चाहिए।

पुष्पा ने कहा कि जनता के आंदोलन से फीजिशियन प्रसूति रोग विशेषज्ञ, पांच परिचारिका, एंबुलेंस व पैथोलॉजी लैब की सुविधाएं जनता को उपलब्ध हुई हैं।भाजपा सरकार इन्हें छीनकर शराब की दुकान खोल रही है।

सरस्वती जोशी ने कहा कि महिला एकता मंच का नशा नहीं इलाज दो अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा आयोजित वार्ता में वरिष्ठ चिकित्सक मालधन सरकारी अस्पताल डॉक्टर प्रशांत कौशिक, महिला एकता मंच की सरस्वती जोशी, ममता, पुष्पा उपपा नेता प्रभात ध्यानी आदि मौजूद रहे।

## कौशलम एक्सपो में छाए विद्यार्थियों की उद्यमशीलता के हुनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** एनईपी 2020 के विजन पर आधारित विद्यार्थियों में उद्यमशील मानसिकता के विकास हेतु कौशलम कार्यक्रम परवान चढ़ने लगा है। डायट लोहाघाट में जिला कौशलम एक्सपो 2025 का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें बिजनेस सपोर्ट फंड से लाभान्वित विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। समन्वयक डा. कमल गहतोड़ी ने बताया कि समस्त विकासखंडो से 44 विद्यार्थियों तथा 22 मार्गदर्शक शिक्षकों ने शानदार बिजनेस प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया। बच्चों ने विभिन्न उत्पादों से संबंधित आइडिया के मार्केटिंग संबंधी संभावनाओं का बेहतरीन प्रस्तुतीकरण भी किया। इस अवसर पर नौ उद्यमशील शिक्षकों मीनाक्षी विश्वकर्मा, चंद्रकला टम्टा, शोभना पंत, लोकेश पोखरिया, कमल किशोर बोहरा, दीपा पांडेय, जानकी चतुर्वेदी, पुष्पा पाठक, गीता बोहरा को सम्मानित किया गया। प्राचार्य दिनेश खेतवाल, डॉ पारुल शर्मा, मनोज भाकुनी और शिवराज तड़ागी ने निर्णायक तथा डा. अवनीश शर्मा, नवीन उपाध्याय, दीपक सोराडी, लक्ष्मी शंकर यादव, प्रकाश चन्द्र उपाध्याय तथा डीएलएड प्रशिक्षुओं ने सहयोग प्रदान किया।



# बहुगुणा ने किया पुलिया निर्माण का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** गोठा व गुरुनानकनगरी को जोड़ने के लिए बैगुल व जलपनिया नाले में पुलिया का निर्माण व जलपनिया नाले के कटाव को रोकने के लिए तटबंध की दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। जलपनिया नाले पर पुलिया का निर्माण वन विभाग ने शुरू किया है। मंगलवार की सायं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पुलिया का शिलान्यास कराया।

बरसात के दिनों में बैगुल नदी में बाढ़ आने से हर वर्ष गोठा, गुरुनानकनगरी आदि गांवों का सीधा सम्पर्क टूट जाता था। हर वर्ष ह्यम पाइप डाले जाते थे। जो बाढ़ आने पर बह जाते थे। जलपनिया नाले के बाढ़ से कटाव भी होता था। गांवों के कई घरों में बाढ़ से जान-माल का खतरा रहता था। यहां तक कि वन विभाग की गश्त भी रुक जाती थी। दशकों से ग्रामीण पुलिया व तटबंध बनाने की मांग कर रहे थे। लेकिन वन अधिनियम के कारण योजनाओं को मंजूरी नहीं मिल पाती थी। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ग्रामीणों की मांग पर जिला योजना में वन विभाग से प्रस्ताव तैयार करवाया। जिला योजना में पुलिया निर्माण व जलपनिया नाले के कटाव को रोकने के लिए तटबंध निर्माण को मंजूरी दिलायी। निर्माणदायी संस्था वन विभाग की ओर से टैंडर प्रक्रिया पूरी कराकर मंगलवार को पुलिया निर्माण व तटबंध बनाने का कार्य शुरू किया। यहां सभा को सम्बोधित करते हुए मंत्री बहुगुणा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों का हर वर्ष बरसात में सम्पर्क कट जाता था। उनकी पीड़ा को दूर करने के लिए जिला योजना से योजना को मंजूरी दिलायी है। इससे बरसात में कटाव भी रुकेगा।

## शराब का ठेका खोलने का लोगों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वार्ड 14 भदईपुरा आबादी क्षेत्र में शराब का ठेका खोलने का लोगों ने विरोध किया है। बुधवार को लोगों ने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को ज्ञापन सौंपकर शराब के ठेके को अन्य जगह खोलने की मांग की है। बुधवार को वार्ड 14 भदईपुरा के पार्षद जगदीप भाटिया के नेतृत्व में लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि भदईपुरा में सरकारी शराब का ठेका खोलने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे यहां के लोगों में रोष बना हुआ है। उनका कहना है कि जिस जगह शराब का ठेका खोलने का प्रयास किया जा रहा है, वहां से बच्चे बसों में बैठकर स्कूल जाते हैं। ढकपअझढचझढ/चझढचझउन्होंने कहा कि इस जगह के आसपास धार्मिक स्थल और स्कूल भी हैं।

# समय से पहले सभी तैयारियां पूरी करें

## वित्त आयोग की टीम के प्रस्तावित भ्रमण से पहले जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को जिले के विकास खण्ड भीमताल के ग्राम चाफी एवं अलचोना (जहां वित्त आयोग की टीम का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है) का भ्रमण कर तैयारियां का जायजा लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल श्री पूर्णानंद तिवारी राजकीय इंटर कालेज चाफी के साथ ही अन्य जगहों का स्थलीय निरीक्षण कर विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान बताया कि इंटर कालेज में कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। जिसके लिए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से पहले सभी तैयारी पूरा करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि आयोग के भ्रमण कार्यक्रम के दिन विद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों महिला स्वयं सहायता समूह, उद्यान तथा कृषि आदि विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

कहा कि स्टालों में मुख्य रूप से अच्छी पैकेजिंग वाले पहाड़ी उत्पाद आदि प्रमुखता से रखे जाएं। विभिन्न स्कूलों द्वारा तैयार किए गए माडल आदि की भी प्रदर्शनी लगाई जाए। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने इन विभागों से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए यथासमय सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल में आवश्यक व्यवस्था के अतिरिक्त क्षेत्र के सभी सड़क मार्गो को दुरुस्त करने और पेच वर्क का कार्य करने के निर्देश लोनिवि के अधिकारीयों को दिए। साथ ही नैनीताल व भवाली नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान और स्वच्छता हेतु जिला पंचायत एवं नगर विकास के अधिकारीयों को समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को गाँव में हो रहे भू कटाव की रोकथाम हेतु बाढ़ सुरक्षा के कार्य कराए जाने तथा क्षतिग्रस्त सिंचाई गूल की मरम्मत व स्थाई समाधान हेतु पीवीसी पाइप लगाए जाने व जल जीवन मिशन के तहत अधूरी पाईप लाइन को पूर्ण करने व पेयजल टेंक का निर्माण कराने व क्षतिग्रस्त पैदल पुल की मरम्मत आदि समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने मौके से ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी वंदना ने इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं से भी कक्षा में जाकर पठन-पाठन के बारे में जानकारी ली साथी उन्हें बेहतर भविष्य की टिप्स दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गांव में फूलों की खेती आदि का कार्य कर रहे प्रगतिशील काश्तकारों के बगीचे में जाकर किए जा रहे कार्यो जानकारी ली। इसके पश्चात 16वें वित्त आयोग की भ्रमण की पूर्व तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने नैनीताल क्लब में शासन से आए अपर सचिव हिमांशु खुराना एवं विभागों के अधिकारीयों के साथ बैठक कर तैयारियों को लेकर चर्चा की जिसमें आयोग की टीम के आवाजाही के रूट प्लान की तैयारियों, आयोग द्वारा पर्यटन और उद्योग के हितधारकों के साथ प्रस्तावित बैठक की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने आयोग की टीम के प्रस्तावित कार्यक्रमों के तहत 18 मई तक सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश अधिक. ारीयों को दिए। इस दौरान कई विभागीय अधिकारी व प्रशासन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

## अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन बुधवार को 313वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत बुधवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में ठहरे पर्यटकों ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पौधारोपण किया वहीं कुमाऊं मंडल विकास निगम पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने मानसरा. ेवर यात्री वाटिका में पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि यह आंदोलन जारी रहेगा। अब यहां आने वाले आदि कैलाश की यात्रा में जाने वाले पर्यटकों को भी पौधारोपण आंदोलन से जोड़ते हुए उनके माध्यम से भी पौधारोपण कराया जाएगा।

# एनयूजेआई की नैनीताल कार्यकारिणी की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) उत्तराखंड के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष गौरव जोशी ने नगर कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। अध्यक्ष गौरव जोशी ने बताया की शहर महामंत्री अजमल हुसैन सिद्दीकी को बनाया गया है। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश सागर व उपाध्यक्ष अमित पड़लिया भीमताल, सुरेश कांडपाल और प्रदीप कुमार (धारी) को मनोनीत किया गया है। इसके अतिरिक्त सचिव कैलाश नेगी (गरमपानी), संगठन मंत्री मुनिब उर रहमान, उप सचिव नीरज जोशी (भवाली) और कोषाध्यक्ष गणेश कांडपाल को नियुक्त किया गया है। संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र पांडेय शरविश को बनाया गया है। साथ ही कैलाश



जोशी, कांता पाल, नीरज तिवारी, इंद्र सिंह नेगी, तनुज पांडे को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। कार्यकारिणी बनने पर राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी, प्रदेश के मुख्य संरक्षक संजय तलवार, प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष डा. गिरीश रंजन तिवारी, प्रदेश महामंत्री डा. नवीन चंद्र जोशी, कुमाऊं प्रभारी दिनेश जोशी, जिलाध्यक्ष अफज़ल हुसैन फौजी, जिला महासचिव राजू पांडेय, सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एरीज और इरडे के बीच अनुबंध




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** देश की अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ाने को लेकर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) व इंस्ट्रूमेंट्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंस्टालमेंट (इरडे) देहरादून के बीच अनुबंध हुआ है। अनुबंध के तहत इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स प्रणालियों के साथ होगा खगोलीय तकनीकी विकास संभव हो सकेगा।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग (एआई व एमएल) का विकास भी अनुबंध का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। मामले में एरीज के निदेशक डा. मनीष नाजा ने बताया कि अनुबंध के तहत मिशन का नाम अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता दिया गया है। अंतरिक्ष की निगरानी और डेटा प्राप्त करना व दोनों संस्थानों में मौजूद सुविधाओं का उपयोग किया जा सकेगा। तकनीकी विकास को लेकर यह महत्वपूर्ण करार है जिससे अंतरिक्ष के रहस्य उजागर किए जा सकेंगे। खगोल विज्ञान के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जा सकेगी तथा डेटा विश्लेषण में मदद मिलेगी और ज्ञान विनिमय व प्रशिक्षण गति. विधियाँ और वैज्ञानिक क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। डा. मनीष नाजा ने इस करार को तकनीकी अनुसंधान और विकास के लिए जरूरी बताया। इस अवसर पर इरडे के निदेशक डा. अजय कुमार, डा बृजेश कुमार, डा. टीएस कुमार, रूमा ढाका, डा. सुधीर खरे, डा. मनवेंद्र सिंह तथा अभिजीत चक्रवर्ती व भरत राम मीणा मौजूद थे।

## रोहिताश शर्मा बने ईओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रदेश सरकार की ओर से रोहिताश शर्मा (सहायक निदेशक शहरी विकास निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून) को जनहित/कार्यहित में तत्काल प्रभाव से अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नैनीताल के पद पर तैनात किया गया है। मामले में शहरी विकास विभाग के उप सचिव प्रदीप कुमार शुक्ल ने श्री शर्मा को निर्देशित किया है कि वह तत्काल अपनी नवीन तैनाती स्थल पर योगदान करते हुए तद्विषयक योगदान आख्या शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बता दें नैनीताल पालिका में अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात दीपक गोस्वामी को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हरिद्वार के पद पर तैनात किया गया है। बता दें रोहिताश शर्मा नैनीताल पालिका में कई वर्षो तक अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात रहे हैं।

# ज़मीनी विवादों को जल्द सुलझाया जाए

## उधम सिंह नगर के प्रकरणों को लेकर मंडल आयुक्त दीपक रावत ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने बुधवार को कमिश्नरी कार्यालय नैनीताल में जनपद उधम सिंह नगर के जमीनी विवाद, धोखाधड़ी तथा अतिक्रमण से संबंधित विभिन्न मामलों पर एक बैठक की। बैठक में उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन भदोरिया समेत डिप्टी कलेक्टर जीवन सिंह नग्न्याल, डीएफओ किच्छा तथा उपजिलाधिकारी रुद्रपुर, उपजिलाधिकारी किच्छा व ईई पीडब्ल्यूडी किच्छा तथा निद. ेशक पंतनगर यूनिवर्सिटी आदि उपस्थित रहे। बैठक में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने ऊधम सिंह नगर में चल रहे विभिन्न जमीनी




विवादों पर चर्चा करते हुए जिला. धिकारी उधम सिंह नगर को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों में भू राजस्व नक्शा निकलवाकर उनका अवलोकन कर जमीनी विवाद को वैधानिक रूप से साक्ष्य के आधार पर सुलझाया जाए। उन्होंने कहा किसी भी विवादित जमीन के प्रकरण में उससे संबंधित दस्तावेजों को जुटाकर उसकी ठीक प्रकार जांच कर लें और लैंडफ्रॉड करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर हुए कब्जे को तत्काल हटाते हुए अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। भूमि धोखाधड़ी वाले प्रकरणों में तत्काल एफआई आर दर्ज की जाए। बैठक में उधम सिंह नगर से सम्बंधित विभिन्न भूमि विवादों आदि प्रकरणों पर चर्चा की गई। जिला. धिकारी ऊधम सिंह नगर ने बताया कि वन विभाग,राजस्व विभाग तथा पंतनगर विश्वविद्यालय तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए संयुक्त निरीक्षण में नगला आरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित किए गए जिनको अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी कर दिया गया है।

## परीक्षाफल में बड़बड़ी पर एनएसयूआई खफा

**बागेश्वर।** परीक्षाफलों में लगातार हो रही गड़बड़ी पर एनएसयूआई ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज छात्रों ने सोबन सिंह जीना विवि के कुलपति को ज्ञापन भेजा है, जिसमें त्रुटियां जल्द ठीक नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष कमलेश गड़िया के नेतृत्व में छात्र बुधवार को बीडी पांडे कैंपस में पहुंचे। यहां कैंपस निदेशक से मुलाकात की। उन्हें कुलपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों का कहना है कि विवि द्वारा जितने भी परीक्षाफल घोषित किए हैं उनमें से लगभग 60 प्रतिशत परीक्षाफलों में गड़बड़ियां हैं। पूर्व में भी वह कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन विवि कर्मचारियों पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। लगातार गड़बड़ियां मिल रही हैं। परीक्षाफलों में सुधार नहीं होने से छात्र-छात्राएं प्रवेश फार्म भी नहीं भर पा रहे हैं। न ही परीक्षा के लिए आवेदन कर पा रहे हैं। छात्रों के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है। इस तरह की गड़बड़ियों को अब सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कुलपति से जल्द समस्या के समाधान की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन का बिगुल बजा दिया जाएगा। इस मौके पर प्रेम दानू, सागर जोशी, पंकज पपोला, ललित कुमार, राहुल बाराकोटी, नीरज जोशी आदि मौजूद रहे।

## आवासगृह में लिफ्ट का शुभारम्भ

**नैनीताल।** कुमाऊँ मण्डल विकास निगम के पर्यटक आवास गृह तल्लीताल में अतिथियों की सुविधा के लिए लगाई गई लिफ्ट का शुभारंभ निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर एवं महाप्रबंधक विजय कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। अन्य अधिकारियों में निगम की प्रभारी पर्यटन विकास अधिकारी व प्रबंधक पर्यटक आवास गृह तल्लीताल भगवती लोहनी, सहायक अभियंता दीप जोशी, हेमंत जोशी तथा निगम के बिजनेस डेवलप्मेंट मैनेजर दीपक पांडे आदि मौजूद रहे।

## मणिमाला के निधन पर शोक

**अल्मोड़ा।** नंदा देवी मंदिर समिति की ओर से बुधवार को एक शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें समिति के संरक्षक केसी बाबा की धर्मपत्नी मणि माला सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रख मृतक आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। यहां शोक सभा में अध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव मनोज सनवाल, उपाध्यक्ष तारा जोशी, अनूप साह, किशन गुरुरानी, नरेंद्र वर्मा, जीवन गुप्ता, दिनेश गोयल, हरीश बिष्ट, रिक्खू साह, अर्जुन बिष्ट, मंटू भंडारी, नवीन वर्मा, करण साह, सीपी वर्मा, महेंद्र बिष्ट, राजकुमार, जगत तिवारी, दीपक वर्मा आदि रहे।

## नारायण ओली ने किया नाम रोशन



**नैनीताल।** सीबीएसई हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में सनवाल पब्लिक स्कूल नैनीताल के छात्र रुद्र नारायण ओली ने 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। बता दें कि जिला एवं मंडल मुख्यालय से मात्र 12 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम नैना गांव निवासी रूद्र नारायण ओली की इस सफलता पर सभी सगे संबंधी मित्रों एवं शुभचिंताकों ने उसे बधाई दी है। रूद्र नारायण ओली के पिता भुवन चंद्र ओली जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में प्रधान सहायक के पद पर सेवारत हैं और माता चंद्रा ओली ग्रहणी हैं। अपने पुत्र की कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त हुए करते हुए श्री ओली ने बताया कि उनका बेटा काफी लगनशील और मेहनती है।

# कौशलम प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पेश किए स्टार्टअप प्रोटोटाइप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** डायट भीमताल में बुधवार को माध्यमिक स्तर पर संचालित कौशलम कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय प्रदर्शनी-2025 का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में उद्यमशील मानसिकता और 21वीं सदी के कौशलों का विकास कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम में जनपद के 40 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 80 विद्यार्थियों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्थानीय उत्पादों पर आधारित प्रोटोटाइप मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का उद्घाटन कुमाऊं विश्वविद्यालय भीमताल परिसर के निदेशक प्रो. एलके सिंह और डायट प्राचार्य सुरेश आर्या ने किया। मुख्य अतिथि प्रो. सिंह ने छात्रों को लगातार प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी और कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। प्रथम स्थान राइका कसियालेख, द्वितीय राइंका बानना और तृतीय स्थान राइका पदमपुर मीडार चोरलेख की टीम ने प्राप्त किया। विजेताओं को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। ये टीमें अब राज्य स्तरीय कौशलम एक्सपो में जनपद नैनीताल का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर डा. विनीत वैरागी, पूजा नेगी, हेमा जोशी, दीपा रैकवाल सहित 10 चयनित उद्यमशील शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। मूल्यांकन का कार्य डा. ज्योतिर्मय मिश्र और डा. शैलेन्द्र धपोला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डीएलएड प्रशिक्षुओं सहित संस्थान के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# डाक्टर बनना चाहती है जानवी



**हल्द्वानी।** सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग की छात्रा जानवी रौतेला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विज्ञान संकाय की छात्रा जानवी ने अपने दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत से यह सफलता हासिल की है। जानवी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच उनकी सफलता की कुंजी रही। जानवी अब चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं और एक डाक्टर बनकर समाज की सेवा का संकल्प रखती हैं। जानवी के पिता कृपाल सिंह रौतेला रियल स्टेट कारोबारी हैं जबकि माता दीपा रौतेला गृहणी हैं। उनकी इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने हर्ष जताते हुए कहा कि जानवी ने संस्थान और शहर का नाम रोशन किया है।

## जयवर्धन ने किया नाम रोशन



**हल्द्वानी।** आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग हल्द्वानी के कक्षा दसवीं के मेधावी छात्र जयवर्धन ने सीबीएसई परीक्षा में 98 फीसदी अंक हासिल किए हैं। उन्होंने 500 में से 489 अंक अर्जित किए। जयवर्धन के मुताबिक सफलता की कुंजी है निरंतरता। चाहे आप केवल दो घंटे पढ़ाई करें लेकिन पूरी लगन से करें। सकारात्मक रहें व खुद पर विश्वास रखें और अपने ऊपर तथा अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। जववर्धन के पसंदीदा विषय गणित और विज्ञान हैं। वह शतरंज खेलने, पहेली हल करने, अंग्रेजी उपन्यास पढ़ने के शौकीन हैं।

# तहरीर में पीड़िता की मां का नाम उजागर

## मल्लीताल कोतवाल की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, आयुक्त से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के मल्लीताल के कोतवाल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले में जिला बार एसोसिएशन के सचिव दीपक रु बाली ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कोतवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि कोतवाल ने एक नाबालिग के परि. जनों की पहचान उजागर कर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण



अधिनियम (पोक्सो एक्ट) का उल्लंघन किया है। जिला बार एसोसिएशन के सचिव दीपक रुवाली ने पत्र में लिखा है कि कोतवाल ने अभियुक्त के दबाव में आकर पीड़िता की मां का नाम एफआईआर में जानबूझकर उजागर किया जिससे की समाज में उन्हें अपमानित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कानूनन पीड़िता और उसके परिवार की पहचान गोपनीय रखना अनिवार्य है और मां का नाम सार्वजनिक करने से पीडिता की पहचान स्वत: स्पष्ट हो जाती है जो कि पोक्सो के तहत एक गंभीर अपराध है। कहा कि जिस पुलिस विभाग कर्तव्य समाज व कानून में न्याय बनाना है वहीं जब संवेदनशील कानूनों की अनदेखी करता दिखे तो चिंता और भी गहरी हो जाती है कहा कि पीड़ित के न्याय के लिए पुलिस प्रशासन कितना गम्भीर है इस बात पर प्रश्न चिन्ह उठता है? कहा कि यह न केवल प्रशासनिक दृष्टि से गंभीर अपराध है बल्कि नैतिक व संवैधानिक दृष्टि से भी अत्यंत चिंतापूर्ण है। पत्र में इस कृत्य को जानबूझकर किया गया गंभीर उल्लंघन बताते हुए मल्लीताल कोतवाल के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पत्र की प्रतिलिपि कुमाऊं आयुक्त और जिलाधिकारी को भी भेजी गई है। पुलिस की ओर से पीड़िता या उसके परिजनों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। मुकदमे में न तो महिला का पूरा नाम है, और न ही पता खोला गया है। नैनीताल के कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने कहा है कि पुलिस की ओर से पीड़िता या उसके परिजनों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। मुकदमे में न तो महिला का पूरा नाम है और न ही पता खोला गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरी तरह गोपनीयता बनाई गई है।

# लोकतंत्र पर निबंध प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में मतदाता साक्षरता क्लब और स्वीप के तत्वावधान में जागरूक मतदाता मजबूत लोकतंत्र थीम पर निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभार भ प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने किया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना था। प्राचार्य प्रो. विद्यालंकार ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वेच्छा से मतदान कर अपने राष्ट्रधर्म का पालन करे। उन्होंने गिरते मतदान प्रतिशत पर निराशा व्यक्त की तथा स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए शतप्रतिशत मतदान को आवश्यक बताया। नवीन मतदाता बने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि




वे मतदान के कर्तव्य के प्रति स्वयं भी संकल्प लें तथा समाज में सभी को जागरूक करने का प्रयास करें। निबंध प्रतियोगिता में रश्मि भंडारी, आरती व प्रतिभा को क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान एवं पोस्टर प्रतियोगिता में सुनील कुमार, संजना व पूजा जोशी को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। अंत में प्राचार्य ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। निर्णायक मंडल में डा. जयति दीक्षित, डा. इप्सिता सिंह, डा. दीपक व डा. निर्मला शामिल रहे। प्रतियोगिता का संचालन डा. तरुण कुमार आर्य ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त कार्मिक सहित कै पस ए बेसडर व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## धूप खिलने के बाद बढ़ा तापमान

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार को सुबह से ही धूप खिली हुई है जिसके चलते तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बीते दिन से खिली धूप के बाद तापमान में बढ़ौतरी हुई है और दोपहर में काफी गर्मी महसूस हो रही है। कुछ दिन पहले बारिश के चलते जहां शहर का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था वहीं अब शहर के तापमान में बढ़ौतरी हुई है। हालांकि मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी 16 मई से दोबारा मौसम खराब होने की संभावना जताई है।

# फर्राटा दौड़ में आरव संधु ने जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के प्रतिष्ठित सेंट जोजफ कालेज का 135वां वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर

■ सेंट जोजफ कॉलेज के वार्षिकोत्सव में कार्यक्रमों की धूम

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मुख्य अतिथि एयर वाइस मार्शल (रिटायर्ड) नीरज नैनवाल ने वर्षभर अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में चारों सदनों के आकर्षक मार्च पास्ट से हुआ। तत्पश्चात दौड़ प्रतियोगिताओं में सौ मीटर फर्राटा दौड़ प्रतियोगिता में आरव संधु ने गोल्ड, अंतरिक्ष चंद्रा ने



सिल्वर व सिद्धार्थ पांडे ने ब्रॉन्स मेडल जीता।

एथलीट प्रतियोगिताओं के उपरांत जूनियर छात्राओं की ड्रिल व पीटी आयोजित की गई। इस अवसर पर देश की एकता व अखंडता पर आधारित देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। सीनियर छात्राओं ने स्वास्थ जागरूकता को लेकर नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। इस बीच रस्सा खींच प्रतियोगिता भी की गई। जिसमें पूर्व व वर्तमान छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एयर वाइस मार्शल (रिटायर्ड) नीरज नैनवाल ने कहा कि सेंट जोजफ कालेज का गौरवमय इतिहास रहा है। उन्होंने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की खूब प्रशंसा की और ओवर आल विजेता रहे टैगोर हाउस को ट्राफी प्रदान की।

समारोह के अंत में प्रधानाचार्य ब्रदर जेरोम ने विद्यालय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आल सेंट्स कालेज कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्ड, सेंट मैरी कॉन्वेंट प्रधानाचार्य सिस्टर मंजूषा, बिड़ला विद्या मंदिर प्रधानाचार्य अनिल शर्मा, लौंग व्यू पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, सेंट जॉन्स की प्रधानाचार्या विनीता रावत, वीरेंद्र मनराल, ब्रदर निको, ब्रदर लॉरेंस, निखिल आर्या, हर्ष नागपाल, अमित ढेला, राकेश भट्ट, मनोज तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, सिस्टर जेम्स, कार्थर नाइट, विनीता बोरा समेत अभिभावक व शिक्षक मौजूद थे। संचालन भावना सनक व मैरिल डिकोस्टा ने किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)**

Email:conagarpalikaramnagar@gmail.com Website:www.nagarpalikaramnagar.in

पत्रांक 1086 /04—सा0स्वा0अनु0/2025—26, रामनगर दिनांक 14/05/2025

**अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्रान्तर्गत स्लॉटर हाऊस का संचालन प्रारम्भ किये जाने हेतु संचालन के दौरान भैंस/भैंसा आदि के वध से उत्सर्जित होने वाले गैर उपभोज्य अपशिष्ट को पालिका के शर्तों के अनुसार निस्तारण हेतु अधिकृत फर्मो से कोटेशन के माध्यम से प्रति पशु की दरें प्राप्त की जानी है। कोटेशन सूचना प्रकाशन की तिथि से दिनांक 17.05.2025 की अपरान्ह 2 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय के स्वास्थ्य अनुभाग में प्राप्त करवाये जा सकते है। निर्धारित समयावधि के भीतर प्राप्त कोटेशन दिनांक 17.05.2025 की सांय 4 बजे मा0 अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामनगर के समक्ष खोले जायेंगे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त कोटेशनों पर विचार नही किया जायेगा।

इस सम्बन्ध में नियम व शर्ते किसी भी कार्यदिवस में पालिका के स्वास्थ्य अनुभाग अथवा पालिका की वेबसाइट www.nagarpalikaramnagar.in से प्राप्त की जा सकती है।

(आलोक उनियाल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद् रामनगर

(मो0 अकरम)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् रामनगर

**सम्मन**

व अदालत सिविल जज (जू०डि०) बरेली
मुकदमा नं०/इजराय सं० 45 सन् 1988
श्रीमती सुरजा देवी आदि बनाम कन्हई लाल

**बनाम**

(2) चन्द्रपाल पुत्र देवकी निवासी मंगल पढ़ाव पुलिस चौकी के पास हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखंड)
(3) चन्द्र प्रकाश पुत्र देवकी निवासी मंगल पढ़ाव पुलिस चौकी के पास हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखंड)
(4) विजय कुमार पुत्र देवकी निवासी मंगल पढ़ाव पुलिस चौकी के पास हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखंड)
(8) गिरधर गोपाल (9) सोनू पुत्रगण रामदेई निवासी नई सब्जी मण्डल उत्तरा गोला जाली गोल्डन फर्नीचर के सामने कालोनी हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखंड)

चूंकि मुसम्मी श्रीमती सुरजा देवी आदि ने आपके नाम एक एक नालिश वास्ते इजराय के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 16.05.2025 असालतन या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से वखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

**आज बतारीख 13.05.2025 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।**
**आदेशानुसार**
**मुन्सरिम**
**सिविल जज (जू0डि0) तृतीय बरेली।**

## आईपीएलः नए शेडयूल ने रोमांचक बनाई लीग

# आखिरी दो दिन तय करेंगे प्लेऑफ की पोजिशन




**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने 12 मई को आईपीएल का नया शेड्यूल रिलीज किया। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं। नए शेडयूल ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पाट भी तय होंगे। गुजरात 11 मैचों में 8 जीत से 16 पाइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर जीटी टॉप-2 में अपनी पोजिशन कन्फर्म कर लेगी। बेंगलुरु के भी 11 में से 8 जीत से 16 पाइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। आरसीबी को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से 1 ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है। टॉप-2 में फिनिश करना है तो आरसीबी को भी बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत और एक बेनतीजा मैच से 15 पाइंट्स हैं। टीम को राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है। पीबीकेएस को प्लेऑफ में जगह कन्फर्म करने के लिए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। 17 पाइंट्स के साथ अगर टीम को क्वालिफाई करना है तो दिल्ली को हराना ही होगा। पंजाब ने अगर कैपिटल्स को हरा दिया तो दिल्ली या मुंबई में से कोई एक टीम ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी, क्योंकि दोनों को आपस में भी भिड़ना है। पंजाब को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए तीनों मैच जीतने होंगे, साथ ही गुजरात या बेंगलुरु के 1 मैच में हारने की दुआ करनी होगी। मुंबई इंडियंस ने शुरुआती 5 में से 1 ही मैच जीता था, लेकिन टीम ने आखिरी 7 में से 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बना ली। ड्प 12 में से 7 मैच जीतकर 14 पाइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। 5 बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है, तो दिल्ली और पंजाब के खिलाफ बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। एमआई एक भी मैच हार गई तो प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दूसरी टीमों के भरोसे छोड़ देगी। दिल्ली ने टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार 5 मैच जीतकर की, लेकिन टीम ने पिछले 6 में से 4 मुकाबले गंवा दिए। कैपिटल्स 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। डीसी के 3 मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब से हैं, तीनों टॉप-4 में है। यहां से अगर कैपिटल्स को क्वालिफाई करना है तो तीनों मैच जीतने ही होंगे। टीम ने अगर मुंबई और पंजाब को हरा दिया तो 2 जीत से भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता को 12 मैचों में महज 5 जीत मिली, टीम का 1 मैच बेनतीजा भी रहा, इनसे 11 पाइंट्स लेकर कोलकाता छठे नंबर पर है। ज्ञ्ज्ञ्त के 2 मैच बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। टीम एक भी मैच हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। 2 मैच जीतने के बाद भी ज्ञ्ज्ञ्त को प्लेऑफ में पहुंचना है तो पंजाब, मुंबई और दिल्ली

# आईपीएल में वापसी के लिए तैयार रोहित शर्मा

● **मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर बहाया पसीना, लीग स्टेज पर मुंबई के बचे दो मैच**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर चुके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 के बचे हुए सत्र में वापसी के लिए तैयार हैं। बुधवार को उन्हें मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाते देखा गया, जिसका वीडियो टीम ने आधिकारिक हैंडल से जारी किया है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद आईपीएल के बचे हुए 17 मैचों का कार्यक्रम का जारी हो चुका है। 17 मई से टूर्नामेंट की दोबारा शुरुआत होगी जबकि तीन जून को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

लीग स्टेज पर मुंबई अब तक 12 मैच खेल चुकी है। 13वां मुकाबला 21 मई को खेला जाएगा, जिसमें पांच बार की विजेता टीम का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच मुंबई में ही खेला जाएगा। फिलहाल मुंबई इंडियंस अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और लीग स्टेज पर उनके दो मैच बाकी हैं। इनमें जीत के साथ टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करना चाहेगी। आगामी मैच के लिए मुंबई इंडियंस ने अभ्यास शुरू कर दिया है। बुधवार को हार्दिक पांडया की अगुआई वाली टीम वानखेड़े पहुंची। यहां रोहित शर्मा को कर्ण शर्मा, रॉबिन मिंज, अश्विनी कुमार और तिलक वर्मा के साथ नेट्स पर समय बिताते देखा गया। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले 11 मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 300 रन बनाए हैं।

### डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे सत्र की शुरूआत यूएई राष्ट्रीय दिवस से होगी

**दुबई, वार्ता।** डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टी-20 लीग के चौथे संस्करण की शुरुआत यूएई के राष्ट्रीय दिवस दो दिसंबर से होगी। इस टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच 34 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चार जनवरी 2026 को होगा। इस अवसर पर आईएल टी-20 के अध्यक्ष अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरोनी ने कहा कि हमें यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 चौथ सत्र यूएई नेशनल डे 'ईद-अल-एतिहाद' पर शुरू होगा, जो यूएई कैलेंडर पर सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। उन्होंने कहा कि यूएई राष्ट्रीय दिवस वह दिन है जिस दिन हम संयुक्त अरब अमीरात का जश्न मनाते हैं जो दुनिया भर के लोगों का घर है, जिसमें लाखों क्रिकेट प्रशंसक शामिल हैं।

# भारत ने नेपाल को 4-0 से हराया




**सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप**

**मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए**

**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश), वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम नेपाल पर 4-0 से बड़ी जीत दर्ज कर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रही। गोल्डन जुबली स्टेडियम में मंगलवार की रात खेले गए मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए। भारत के लिए रोहेन लसह चपहामायुम ने (28वें, 76वें) मिनट में गोल किए, जबकि स्थानीय खिलाड़ी ओमंग डोडम ने (29वें) और डैनी मेइतेई ने (84वें) मिनट में एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप बी में दो मैचों में छह अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं नेपाल दो मैचों में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम शुक्रवार को ग्रुप ए के उपविजेता मालदीव से भिड़ेगी, जबकि ग्रुप ए विजेता बांग्लादेश उसी दिन नेपाल से सेमीफाइनल खेलेगी।

# आईपीएल के शेष हिस्से में खेलेंगे बोल्ट




● **पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों का इंतजार**

**मुम्बई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष हिस्से में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल के इस सत्र में 8-49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर चार विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनओसी 25 मई तक वैध है। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आईपीएल में भाग लेने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को 29 मई से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज़ के लिए समय पर लौटने का निर्देश दिया है।

# पुरुष जिम्नास्ट को लक्ष्य हासिल करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरतः आशीष

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रमंडल खेल 2010 में रजत और कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले जिम्नास्ट आशीष कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पुरुष जिम्नास्ट को अपनी इच्छाशक्ति को जगाना होगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की प्रतिभा पहचान एवं विकास समिति (टीआईडीसी) के सदस्य आशीष कुमार ने कहा कि इस आयोजन ने एथलीटों को बेहतरीन अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि जोश भीतर से आना चाहिए। आप खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और उपकरण दे सकते हैं, लेकिन अगर उनमें 'अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने' की अंदर कुछ बड़ा करने का जोश नहीं है तो कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। कई लोग राष्ट्रीय स्तर पर ही पदक जीतने के बाद ही संतुष्ट हो जाते हैं। इस मानसिकता को बदलना होगा। खेलो इंडिया योजना ने शुरुआती किशोरावस्था में जिम्नास्टिकों के लिए नए द्वार खोले हैं और अब खिलाड़ियों, कोचों और फेडरेशन पर इस सफलता का लाभ उठाने और इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हां, हम एथलीटों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन असली काम अब शुरू होता है उचित विकास सुनिश्चित करना होगा, खासकर लड़कों के बीच।ह टीआईडीसी उन प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिन्हें खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) के रूप में शामिल किया जा सकता है और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में प्रशिक्षित किया जा सकता है। उनका मानना है कि सब-जूनियर वर्ग, 14 वर्ष के कम उम्र के जिम्नास्ट के लिए प्रशिक्षण के स्तर में व्यापक बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस उम्र (14 वर्ष की) में शरीर जल्दी ठीक हो जाता है। इसलिए, शुरुआती वर्षों से ही हमें उचित शक्ति और कंडीशनिंग शेड्यूल के साथ उनकी सहन शक्ति बढ़ाने पर जोर देना होगा। अगर हम शुरुआत में ही इन चीजों को हल्के में लेंगे, तो 25 साल की उम्र तक उनका शरीर कार्यक्षमता को संभालने में सक्षम नहीं होगा। विदेशी कोच व्लादिमीर चेर्टकोव के तहत प्रशिक्षण के अपने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जब हम 2010 में राष्ट्रमंडल शिविर में थे, तो कोच व्लादिमीर ने हमें अपनी क्षमता से आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने हमें सिखाया कि बार-बार तनाव को झेलने में सक्षम शरीर का होना कितना महत्वपूर्ण है। जैसे किसी परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए आप 20-30 बार याद करते हैं। जिमनास्टिक में भी यही होता है आप तब तक अपनी शारीरिक गतिविधियों को दोहराते हैं जब तक कि आपका शरीर उस लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम न हो जाये। उन्होंने कहा कि पुरुष जिम्नास्टिक में सुधार की जरूरत है। हमने हाल ही में महिलाओं के बीच सफलता देखी है, लेकिन पुरुषों को अभी लंबा रास्ता तय करना है। यहीं पर खेलो इंडिया सबसे बड़ा प्रभाव डाल सकता है क्षमतावान लड़कों की पहचान करके और उन्हें लंबे समय के लिए तैयार कर सकते हैं।

# श्नाइडर को हराकर पाओलिनी इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

**पाओलिनी ने मैच में 6-7(1-7), 6-4 व 6-2 से जीत दर्ज की**

**रोम, वार्ता।** इटली की टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी ने रूस की डायना श्नाइडर को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने मंगलवार को खेले गए वर्षा बाधित मुकाबले में रूस की श्नाइडर पर 6-7 (1-7) 6-4 6-2 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वह 2014 के बाद अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली इटली की महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई। सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पाओलिनी ने कहा कि यह वास्तव में कठिन मैच था। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने मुकाबला जीता, लेकिन यह एक रोलर कोस्टर था। हर कदम पर मैंने एक नई तरकीब खोजी। मैंने अंत तक संघर्ष किया। निश्चित रूप से दर्शकों ने मेरी मदद की। इसलिए मैं जीत से वास्तव में बहुत खुश हूं।

# स्टार्क की पत्नी ने बताई धर्मशाला में ब्लैक आउट की कहानी



**मैसेज मिलाः यहां से तुरंत निकलो, फाफ ने शूज तक नहीं पहने मिसाइल हमले की अफवाह थी**

**मेलबर्न, वार्ता।** डीसी के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने धर्मशाला में ब्लैकआउट की रात की कहानी बताई है। उन्होंने एक पाडकास्ट में बताया कि मिसाइल हमले की अफवाह के बीच कैसे धर्मशाला स्टेडियम को खाली कराया गया और कैसे प्लेयर्स और उनके परिवार वालों को सुरक्षित होटल तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान हीली ने विलो टाक पाडकास्ट कहा कि वहां डर का माहौल था और स्थिति काफी खराब हो गई थी। जब अचानक एक व्यक्ति आया और कहा यहां से तुरंत निकलो। उसका चेहरा सफेद हो गया था।

वहां मिसाइल हमले की अफवाह फैल गई थी। 8 मई को पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बीच धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच बीच में रोक दिया गया था। फिर 20 मिनट के अंदर स्टेडियम खाली करा दिया गया था। फिर खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टॉफ को एक बस के जरिए होटलों में वापस ले जाया गया। बीसीसीआई ने अगले दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से सभी को दिल्ली पहुंचाया। क्योंकि, सभी उड़ाने रद्द कर दी गई थी। एलिसा हीली की 3 बातें- जब खेल रोका गया था, एलिसा उस समय अन्य खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों के साथ स्टैंड में मौजूद थीं। यह मानते हुए कि यह एक मामूली समस्या है एलिसा और उनके साथ मौजूद अन्य लोग पहले तो शांत रहे, लेकिन फिर चीजें हाथ से निकल गईं। बिजली के कुछ टावर की बत्ती गुल हो गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बिजली गुल हो गई है।

हमारे साथ परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टॉफ का एक बड़ा समूह था। अगले ही मिनट एक आदमी (जो हमारे ग्रुप के साथ था और हमारा ध्यान रखता था।) आता है और कहता है कि हमें तुरंत निकलना होगा। उसका चेहरा सफेद पड़ गया था।' अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। वहां स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। हम पंजाब के कुछ खिलाड़ियों के साथ बस में बैठे थे। मुझे लगता है कि श्रेयस मेरी बस में था।

# रेलवे के सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में जीता आयरमैन चैलेंज

**दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक को पूरा किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** पश्चिम रेलवे (प रे) के वरिष्ठ अधिकारी सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में आयरनमैन चैलेंज जीत लिया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक की ओर से बुधवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव सचिन अशोक शर्मा (आईआरटीएस 2008) ने पोर्ट मैक्वेरी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक आयरनमैन ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया। आयरनमैन शारीरिक और मानसिक धीरज की अंतिम परीक्षा है, जिसमें 3-8 किमी पानी में तैराकी, 180 किमी साइकिल चलाना और 42.2 किमी की पूर्ण मैराथन दौड़ शामिल है, जिसे 17 घंटे के भीतर पूरा किया जाना था। श्री शर्मा ने आयरनमैन ट्रायथलॉन को 12 घंटे, 26 मिनट और 52 सेकेंड में सफलतापूर्वक पूरा किया और इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले वे पहले भारतीय रेलवे अधिकारी बन गए।

भारी बारिश और सुरक्षा चिंताओं के कारण नाटकीय घटनाक्रम में आयोजकों को ट्रायथलॉन के तैराकी चरण को रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नतीजतन, दौड़ सुबह 0945 बजे 180 किलोमीटर के बाइक सेगमेंट के साथ शुरू हुई, जिसमें एथलीटों को प्रशांत महासागर के किनारे जंगल से गुज़रते हुए एक आश्चर्यजनक लेकिन चुनौतीपूर्ण मार्ग से गुजरना पड़ा। 1,800 मीटर की ऊंचाई के साथ, इस कोर्स को आयरनमैन सर्किट पर सबसे सुंदर और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कोर्स के सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक मैथ्यू फ्लिंडर्स ड्राइव था- जिसमें 17 प्रतिशत की ढलान थी।

# विराट कोहली के साथ खेलने का सपना अधूरा रह गयाः वार्नर




**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वार्नर ने कहा, विराट कोहली के साथ एक टीम में खेलने का सपना अधूरा रह गया। मैं आईपीएल में भी विराट के साथ नहीं खेल सका। वहीं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा, विराट के जल्दी संन्यास लेने से निराश हूं, उनमें बहुत क्रिकेट बचा था। टीम इंडिया के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 36 साल की उम्र में रेड बाल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद कई दिग्गजों ने कहा कि उन्होंने जल्दबाजी में यह फैसला लिया।

## विराट के जल्दी संन्यास ने निराश किया, उनमें बहुत क्रिकेट बचाः जावेद अख्तर

विराट टेस्ट में 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर सके, उन्होंने 30 सेंचुरी लगाकर 9230 रन बनाए। डेविड वार्नर ने रेव्जस्पोर्ट्ज को दिए इंटरव्यू में कहा, विराट के खिलाफ मैंने 1 दशक तक क्रिकेट खेला, शुरुआती मैचों में ही मुझे पता चल गया कि वे कितने चौलेंजिंग है। तेंदुलकर, द्रविड़, लक्ष्मण जैसे प्लेयर्स के संन्यास के बाद बाद विराट ने टीम की जिम्मेदारी संभाली। मैंने हमेशा उनके खिलाफ खेलना एंजाय किया। प्ल्स में जब भी उनके सामने खेला तो उनकी एनर्जी ने मुझे प्रभावित किया। मेरा सपना था कि किसी मौके पर विराट के साथ एक ही टीम में खेलूं। मुझे यह बात हमेशा सताएगी। डेविड वार्नर और विराट कोहली 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार एक-दूसरे के खिलाफ भिड़े थे। वार्नर ने आगे कहा, श्टेस्ट और वनडे में विराट के रिकॉर्ड बेहतरीन रहे। रन चेज करते हुए तो उनका आसपास भी कोई नहीं। इंडिया के लिए खेलते हुए कभी भी उनकी एनर्जी कम नहीं हुई। विराट की कप्तानी ने उन्हें बाकियों से अलग बनाया, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में बताया कि वे क्यों खास हैं। कई प्लेयर्स ने कहा कि विराट को थोड़ा और खेलना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि विराट को पता है कि कब उन्हें खेलना बंद करना है। वे अपने गेम के बखूबी जानते हैं, इसलिए मैं उनके फैसले का सपोर्ट करता हूं। वे हमेशा बेहतरीन लीडर के रूप में पहचाने जाएंगे। हिंदी फिल्मों के गीतकार और कहानी लेखक जावेद अख्तर भी विराट के संन्यास से निराश नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि विराट निश्चित रूप से ज्यादा जानते हैं, लेकिन एक फैन के रूप में मुझे उनके टेस्ट से जल्दी संन्यास ने निराश किया। मुझे लगता है कि उनमें अब भी बहुत क्रिकेट बचा है। मैं उनसे विनती करता हूं कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। वरुण ग्रोवर ने लिखा, कोहली टेस्ट के सबसे बड़े किरदार स्टैंड-अप कामेडियन और मसान जैसी फिल्में लिखने वाले वरुण ग्रोवर ने सोशल मीडिया पर कहा, श्टेस्ट क्रिकेट बाकी खेलों से अलग है क्योंकि ये नैरेटिव का खेल है। इतने सारे वैरिएबल- 4 पारियां, 5 दिन, 22 स्पेशलिस्ट, रोज बदलता मौसम, कई बार एक दिन में 3 बार बदलता मौसम, हवा की नमी, पिच की तबीयत, सिक्के से लिखी किस्मत, और हर पल बदलती मानसिक संभावनाएं। वैसे तो हर खेल अपने आप में जीवन के किसी पहलू का पर्याय होता है लेकिन टेस्ट क्रिकेट किसी लिटरेसी उपन्यास सा है- कई सारी विधा एक ही स्याही में समेटे हुए। इसलिए टेस्ट क्रिकेट में वही सफल हुए, जिनके पास कहने को कोई कहानी थी। लंबी कहानी जो गीली, सूखी, देशी, विदेशी हर पिच पर लिख के भी खत्म न हो। विराट कोहली इस उपन्यास के पिछले दशक के सबसे बड़े किरदार हैं। उन्होंने न सिर्फ इस उपन्यास के सारे रसों को जिया, बल्कि इसे और समृद्ध भी बनाया।

## मंगलौर के पास हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा

# ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई कार, दो दोस्तो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलवार देर रात दिल्ली-देहरादून हाइवे पर मंडावली एक फैक्टरी के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ हैं। एक कार आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार चक्कर मार दी जिसमें कार का अगल हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार दो दोस्तो की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

**❖मेरठ निवासी कार सवार दोनों मृतक हरिद्वार जा रहे थे, आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई कार**



पुलिस के अनुसार उत्तरप्रदेश के शिवनगर मोदीपुरम मेरठ निवासी शुभम गोयल अपने दोस्त हर्ष डागर निवासी मेरठ के साथ मंगलवार की रात को कार में सवार होकर हरिद्वार गंगा स्नान करने जा रहे थे। बताया गया हैं कि कार सवार जैसे ही नेशनल हाईवे स्थित मंडावली के पास एक फैक्ट्री के पास पहुंचे तो इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ट्राली के नीचे घुस कर क्षतिग्रस्त हो गई। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों दोस्तों को कार से बमुश्किल बाहर निकाला। शुभम गोयल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हर्ष डागर गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्मार्टम के भेज दिए हैं। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन सिविल अस्पताल पहुंच गए हैं। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में ले लिए है। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि सड़क हादसे में दो दोस्तो की मौत हुई हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

# एक नशा तस्कर गिरफ्तार 124 नशीले कैप्सूल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 124 नसीले कैप्सूल बरामद हुए हैं। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने जानकारी देते हए बताया ड्रग्स फ्री देव भूमि मिशन 2025 अभियांन को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार को नशा मुक्त करने के लिए अवैध शराब स्मेंक चरस गांजा आदि तस्करो के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीमों के द्वारा 14 मई 2025 को मुखबीर की सूचना पर चेकिंग करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 124 अवैध नसीले कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम सावेज पुत्र तालिम निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी कोत वाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला उप निरीक्षक विरेंद्र सिंह नेगी कांस्टेबल सतपाल राणा विरेंद्र तोमर शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# शांति व्यवस्था भंग करने में तीन धरे

**भगवानपुर।** हरिद्वार पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही में आज 3 आरोपियों को हिरासत में लिया है। उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत मे लड़ झगड़ कर शांति भंग करने पर 03 आरोपियों के विरुद्ध अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। नाम पता आरोपी 1. मांगेराम पुत्र श्यामलाल ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार।2-अमरीश पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार। 3-वीरेन्द्र पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार हैं।

# खेत से मिट्टी उठाते 5 ट्रैक्टर व एक पोखलाइन पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** खेत से मिट्टी उठाते 5 ट्रेक्टर एक पोखलाईन पर पुलिस ने कार्यवाही की है। झबरेड़ा क्षेत्र में शेरपुर खेलमऊ के एक खेत से पोखलाईन द्वारा मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा दूसरी जगह डाले जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस ने किसी तरह की परमिशन ना दिखाए जाने पर थाने में खड़े करने के बाद कार्यवाही शुरू कर दी है



जानकारी के अनुसार झबरेड़ा थाना क्षेत्र के शेरपुर खेलमऊ के जंगल मे एक खेत मे किसी प्लांट के लगाने की तैयारी की जा रही है जिसमे पोखलाईन द्वारा खेत की मिट्टी को बिना परमिशन के खोदकर दूसरे स्थान पर डाली जा रही थी जिसकी सूचना प्रशासन को दिए जाने के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आया और झबरेड़ा पुलिस ने मौके पर पहुँच कर 5 ट्रेक्टर ट्रॉली पर कार्यवाही करते हुए पोखलाईन की चाबी साथ ले आई और खनन को अंजाम देने वाले लोगो पर कार्यवाही करना शुरू कर दी है। वही एस पी देहात शेखरचन्द सुयाल ने बताया कि पूरे मामले में ट्रेक्टर ट्रॉली को थाने में लाया गया है और उन पर जाँच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## बीएसएम पीजी कॉलेज रुड़की में शुरू हुआ

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध विषय पर हस्ताक्षर अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम पीजी कॉलेज, महाविद्यालय में एक युद्ध नशे के विरुद्ध विषय पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के गृह मंत्रालय और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के खिलाफ एक सशक्त पहल के रूप में राष्ट्रीय मादक पदार्थ हेल्पलाइन मानस जिसका नंबर 1933 है का शुभारंभ किया गया।




महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर गौतम वीर ने हस्ताक्षर कर इस अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के खतरे से जागरूक करना, उनको सुरक्षित मंच प्रदान करना और पुनर्वास सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। डॉक्टर गौतम वीर ने कहा कि नशा एक ऐसी लत है जो व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से बर्बाद कर देती है। शराब, तंबाकू, गांजा, चरस, अफीम, हीरोइन जैसे मादक पदार्थों का सेवन युवाओं को पहले आकर्षित करता है और फिर धीरे-धीरे उन्हें विनाश की ओर ले जाता है। नशा मुक्ति अभियान की कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर अलका तोमर बताया कि महाविद्यालय ड्रग्स फ्री कैंपस के रूप में परिभाषित हो चुका है।आप सभी से अनुरोध है कि इस हेल्पलाइन नंबर को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं। नशा मुक्ति अभियान की सदस्या डॉक्टर सुनीता कुमारी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा की नशा नहीं शिक्षा चुनो, उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ो। हमें भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाते हुए छात्रों का विकास करना चाहिए, जिससे समाज में एक सकारात्मक वातावरण उत्पन्न हो सके। इस अवसर पर अंशु, दिव्यांशी सिंह, आकांक्षा, आरती, सलोनी, अबरार, रिया, नाज, विशाल, साजल ने विषय से संबंधित पोस्टर भी बनाएं। इस अवसर पर डॉक्टर सुरजीत सिंह, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर इंदु अरोड़ा, डॉ अर्चना त्यागी, डॉक्टर शिखा जैन, डॉक्टर रीमा सिन्हा, डॉ राजेश पालीवाल के साथ-साथ इल्मा, नूजाहट नियाजी, शाहगुल, अबरार, गुलनार, अनुशा पुंडीर, रजत कुमार, सरफराज, गुलफाम आदि सहित समस्त छात्र उपस्थित रहे।

# हरिद्वार विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस तथा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर एक संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन विश्व विद्यालय के ऑडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिद्वार विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. धर्मबीर के द्वार की गई उन्होंने अपने संबोधन में सेवा और सोच के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे सेवा का भाव और वैज्ञानिक सोच समाज को बेहतर दिशा में ले जा सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रो-वाइस चांसलर डॉ रमा भार्गव ने भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के समय में नर्सिंग और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में किस प्रकार एक क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है। कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या प्रो. सोनिया शर्मा ने नर्सिंग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक नर्स केवल स्वास्थ्य तंत्र की एक इकाई नहीं है, बल्कि वह पूरे तंत्र की रीढ़ की हड्डी के समान है, जो जिम्मेदारी के साथ पूरे तंत्र को संभालती है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से श्री विजय मंडल, सहायक प्रोफेसर ने "पदहे वा प्ददवअंजपवद पद प्दकपं" विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने भारत में तकनीकी नवाचार की संभावनाओं और उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम प्रो0 विनिता पाण्डेय, प्रो0 मानसी मोर्य आदि के साथ बी.टेक एवं नर्सिंग संकाय के सभी छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## बठिंडा छावनी की जासूसी का मामला

# खुफिया विभाग अलर्ट, रकीब के परिजनों से की पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बठिंडा छावनी की जासूसी मामला में सैन्य सूचनाएं लीक करने पर खुफिया विभाग अलर्ट हो गया है। इसी के चलते रकीब के परिजनों से की पूछताछ की जा रही है।

पंजाब के बठिंडा में सैन्य छावनी में सैन्यकर्मियों की वर्दी की सिलाई करने वाले रकीब निवासी ग्राम डौसनी कोतवाली लक्सर के जासूसी कर सैन्य सूचनाएं पाकिस्तानी नंबरों पर भेजे जाने के आरोप में उत्तराखंड के रकीब को भी गिरफ्तार किया गया है। बठिंडा सैन्य छावनी की जासूसी कर सैन्य सूचनाएं पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव नंबरों पर भेजने के आरोप में गिरफ्तार डौसनी गांव निवासी रकीब को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद उसके परिवार के तीन सदस्यों से भी खुफिया विभाग और पुलिस पूछताछ कर रही है। इनमें उसका भाई भी शामिल है। वह, अमृतसर में सेना के कपड़ों की सिलाई का कार्य करता है। पंजाब के बठिंडा में सैन्य छावनी में सैन्यकर्मियों की वर्दी की सिलाई करने वाले रकीब निवासी ग्राम डौसनी कोतवाली लक्सर के जासूसी कर सैन्य सूचनाएं पाकिस्तानी नंबरों पर भेजे जाने के आरोप में गिरफ्तार होने की जानकारी मिलने पर पुलिस और खुफिया विभाग हरकत में आ गया। विभागीय अधिकारियों ने रकीब के परिवार के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ ही उसके सगे व चचेरे भाई सहित परिवार के तीन सदस्यों से पूछताछ की है। रकीब का भाई भी अमृतसर में सेना की वर्दी सिलाई करने का कार्य करता है। वह एक दिन पहले ही अमृतसर से घर लौटा था। जबकि उसका चचेरा भाई अपने पिता के रायवाला में काम करता है। जबकि भतीजा लंढौरा में सैलून चलाता है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस और खुफिया विभाग उनसे रकीब के क्रिया कलापों और उसके संपर्क में रहने वाले लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रहा है। परिवार के सदस्यों के मोबाइल फोन के डेटा और कॉल रिकार्ड आदि की भी जांच की जा सकती है। शेखर चंद्र सुयाल, पुलिस अधीक्षक देहात ने कहा कि सैन्य सूचनाओं से संबंधित होने के कारण मामला संवेदनशील है। स्थानीय पुलिस अपने स्तर से गिरफ्तार आरोपी के परिजनों से जानकारी कर रही है।

# 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा बेचने वाले तस्कारों के खिलाफ छापेमारी करते हुए दोनों तस्कर गिरफ्तार किए हैं उनसे 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पकड़े गए दोनों तस्करो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए दोनों शराब तस्कारों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर के द्वारा जानकारी पर बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थो की अवैध तस्करी बिक्री पर अंकुश लगाए जाने के लिए जनपद की सभी कोतवाली प्रभारी थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो नसा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उनसे 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पूछताछ करने पर उन व्यक्तियों ने अपने नाम अनुज पुत्र असपाल निवासी ग्राम शिवगढ़ थाना पथरी जनपद हरिद्वार धीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम नथू खेड़ी कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार बताया। उनको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में सुलतानपुर पुलिस चौकी प्रभारी विरेंद्र सिंह नेगी हेड कांस्टेबल मनोज मिनान सुरवीर सिंह कांस्टेबल अनुप पोखरीयाल कविंदर सिंह शामिल रहे। पकड़े गए दोनों तस्करो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए दोनों शराब तस्कारों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# निरंकारी श्रद्धालुओं ने समर्पण दिवस पर बाबा हरदेव को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पुण्य स्मृति मे निरंकारी भक्तजनो ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करके समर्पण दिवस का आयोजन बी,एस,एम,तिराहे के पास निरंकारी सत्संग भवन मे मनाया गया। इस अवसर पर ब्रांच के शिक्षक चंद्र शेखर कोठारी ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की शिक्षाओ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे इन शिक्षाओ को जीवन मे ग्रहण करना चाहिए। इस अवसर पर युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पुण्य स्मृति में निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा मे भी एक भावनात्मक वर्चुअल संत समागम का आयोजन किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता जी के दिव्य सान्निध्य में आयोजित इस समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन सहभागिता की। सतगुरु माता जी ने स्पष्ट किया कि सच्चा आदर और प्रेम केवल वाणी से नहीं, बल्कि कर्मों से प्रकट होता है। यदि हम बाबा जी की शिक्षाओं को केवल सोशल मीडिया तक सीमित रखते हैं, तो वह सच्चा समर्पण नहीं। समर्पण का वास्तविक रूप तभी प्रकट होता है जब हम अपने भीतर झांकें और आत्म-विश्लेषण करें क्या हम वास्तव में विनम्रता, क्षमा और प्रेम जैसे गुणों को जी रहे हैं? उन्होंने अपने जीवन के हर पहलू पर साध संगत को महत्ता दी। समर्पण दिवस के अवसर पर, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के कर-कमलों द्वारा 'हरदेव वचनामृत' का विमोचन किया गया। यह एक सटीक और सारगर्भित संकलन है, जिसमें युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी के दिव्य विचार, उपदेश और सत्संग वचनों को संयोजित किया गया। इस संकलन में प्रेम, सेवा, विनम्रता, एकत्व और निरंकार से जुड़ाव जैसे मूल तत्वों को सरल एवं मार्मिक भाषा में प्रस्तुत किया गया है। नि:संदेह, बाबा हरदेव सिंह जी की दिव्य छवि हर श्रद्धालु के अंतर्मन में एक अमिट स्मृति बन चुकी है। उनके अनगिनत उपकारों के लिए संपूर्ण निरंकारी संसार सदा कृतज्ञ रहेगा।

# जूता बचाने को गंगनहर में लगा दी छलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जूता बचाने के चक्कर मे एक व्यक्ति ने बुधवार को गंगनहर में छलांग लगा दी जो बाद में डूबकर लापता हो गया जिसकी तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार भंगेडी निवासी मुंतजीर पुत्र निसार जूता बेचने का काम करता है। बुधवार बाजार में उसका जूता नहर में गिर गया जिसे बचाने के चक्कर में मुंतजीर ने नहर में छलांग लगा दी। वहीं खडे जलवीर मोनू ने भी नहर में छलांग लगायी लेकिन वह उसकी पकड से बाहर निकल गया। पता नहीं चल पाया मौके पर सिविल लाईन पुलिस भी पहुंची। उन्होने भी मुंतजीर को खोजने का बहुत प्रयास किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। तलाश जारी है।

# प्रतिबंधित मांस के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक घेर में छापा मारा। छापे में पुलिस को 160 किलो मांस, कटान उपकरण बरामद हुए। साथ ही आरोपी गिरफ्तार हुआ है। दूसरे आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वाड के उपनिरीक्षक शरद सिंह, कांस्टेबल पूरन दानू, राजेंद्र, ब्रजकिशोर, पवन कुमार, प्रवीण सैनी, लखमीरी पंचम और सुरेश तोमर ने मुखबिर की सूचना पर बंदा रोड स्थित एक घेर में छापा मारा। छापे में आशु कुरैशी निवासी सती मोहल्ला को 160 किलो पशु मांस के साथ गिरफ्तार किया गया। कटान उपकरण भी पुलिस ने बरामद किए हैं। बाबू कुरैशी मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकाने पर दबिश दी जा रही है।

# 45 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के कुंजा बहादरपुर गांव निवासी तीन दिनों से परिवार से नाराज होकर कंपनी में गार्ड की नौकरी कर रहा था जिसके शव को इकबालपुर शराब के ठेके के सामने से बरामद किया गया। इकबालपुर चौकी प्रभारी नितिन बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की के सिविल अस्पताल भेजा जा रहा है ।मौत केकारणों की सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी ।पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुनेश पुत्र इंद्रजीत प्रजापति निवासी कुंजा बहादुरपुर उम्र लगभग 45 वर्ष अपने घर से कई दिनों से नाराज होकर किसी कंपनी में काम कर रहा था आज लगभग 6:15 बजे पुलिस को जानकारी मिली कि इकबालपुर ठेके के सामने कोई व्यक्तिअचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसे पुलिस ने जाकर देखा तो वह मृत पड़ा हुआ था ।शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर उसके परिजनों को सूचना दे दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए रूड़की के सिविल अस्पताल को भेज दिया।

# भाजपाइयों ने फूंका विधायक उमेश का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर विधायक उमेश कुमार व पूर्व विधायक कुवंर प्रणव सिंह के बीच हुए विवाद को लेकर भाजपाईयों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोवर्धनपुर गांव में विधायक उमेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनकी गिरफ्तारी तथा विधानसभा अध्यक्ष से उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद खानपुर विधायक का पुतला फूंक अपना विरोध प्रकट किया।



खानपुर के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार और पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन के बीच छह दिन पूर्व गाड़ी में साइड मारने को लेकर विवाद हो गया था। दोनों नेताओं के बीच हुए विवाद को लेकर भाजपाई कुवंर प्रणव सिंह चौम्पियन के सर्मथन खानपुर विधायक उमेश कुमार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को खानपुर विधानसभा के गोवर्धनपुर गांव में मंडल भगत सिंह के नेतृत्व में एकत्र हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने खानपुर विधायक उमेश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि खानपुर विधायक और उनके समर्थकों ने लंढौरा में पूर्व विधायक कुवंर प्रणव सिंह चौंपियन पर पत्थर फेंककर जानलेवा हमला किया है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि खानपुर विधायक पर कई आपराधिक मामले पहले से ही दर्ज चल रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने विधायक उमेश कुमार की गिरफ्तारी किए जाने तथा विधानसभा अध्यक्ष से उनकी सदस्यता रद किए जाने की मांग करते हुए सरकार से पूर्व विधायक कुवंर प्रणव सिंह चौम्पियन के शस्त्र बहाल करने तथा उनकी सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में खानपुर मंडल अध्यक्ष भगत सिंह, मनोज नायक, विकास पाल,अशोक कुमार पांडे, नवनीत शर्मा, ईश्वरपाल, पूजा उपाध्याय, भीमसिंह, चौधरी चरण सिंह, सुभाष चौधरी,नवाब सिंह, कुश सैनी, राजपाल सिंह, राजबीर सिंह, विरेंद्र प्रधान, ईश्वर पाल, नकली सिंह, सलामत खान, पुजा उपाध्याय, पूनम, सुमन, अजमेर सिंह, रेखा चौहान, नरेश कश्यप, दीपीका, नवनीत शर्मा, प्रवीण प्रधान, अमित चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय सेना के समर्थन में शांति समिति बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** जिला मजिस्ट्रेट व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर थाना बुग्गावाला पुलिस ने भारतीय सेना के समर्थन में शांति समिति बैठक एवं पद यात्रा का आयोजन किया गया।



जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में शांति समिति बैठकों व पद यात्राओं के आयोजन के निर्देश के क्रम में थाना बुग्गावाला परिसर में भारतीय सेना के समर्थन व हौंसला अफजाई के उद्देश्य से एक सर्वधर्म सभा शांति समिति बैठक एवं पद यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी समुदायों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में भारत-पाकिस्तान के बीच वर्तमान तनावपूर्ण हालात के दृष्टिगत उपस्थित नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने गांवों और परिवारों, विशेषकर युवाओं व बच्चों को सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश/अफवाहें फैलाने से रोकें और स्वयं भी ऐसे संदेशों से सतर्क रहें। सभी को गांवों में शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई, साथ ही बताया गया कि किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह से बचने के लिए जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के उपरांत कस्बा बुग्गावाला में भारतीय सेना के सम्मान में एक पद यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे समाज में एकता, देशप्रेम और आपसी सौहार्द का संदेश प्रसारित हुआ।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 15 मई 2025

## आखिर जवान की वापसी

22 अप्रैल का पहलगाम हत्याकांड, उसके बाद पाकिस्तान के भारत के तीन राज्यों पर ड्रोन और चाइना मेड मिसाइलों से हमले तथा इन हमलों का भारत की ओर से दिए गए जवाब व इसके बाद सीजफायर के बीच भारत के लिए एक और राहत भरी खबर आई है। पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार को रिहा कर दिया है। इस बात की पुष्टि बीएसएफ ने भी की है। हालांकि पाकिस्तान का एक रेंजर अभी भारत के कब्जे में है। उल्लेखनीय है कि जब 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था, वह भी उनसे उनका धर्म पूछकर। इसके अगले ही दिन यानि 23 अप्रैल को बीएसएफ का जवान पूर्णम कुमार गलती से पाकिस्तान बॉर्डर की तरफ चला गया था, तब से वह पाकिस्तानी सेना के कब्जे में था, जिसे आज अटारी-बाघा बार्डर पर भारतीय बीएसएफ को सौंपा गया। इस तरह की अदला-बदली सेना के माध्यम से अपने-अपने देश को मोहब्बत का पैगाम देती है। क्योंकि यदि पाकिस्तान चाहता तो कुलभूषण की तरह ही उसे भी नहीं छोड़ता, लेकिन जिस प्रकार से अघोषित युद्ध के बीच बीएसएफ के जवान को भारत को सौंपा है, उससे साफ है कि पाकिस्तान की सेना कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहती, जिससे उनके देश में अमन चैन को बाधा पहुंचे। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या पूर्णम कुमार को फौरन ड्यूटी पर वापस ले लिया जाएगा। इस का उत्त्तर है नहीं, क्योंकि सेना के कुछ नियम होते हैं, जिन्हें फालो करना होता है। जैसा कि विंग कमांडर अभिनंदन के मामले में हुआ था। दरअसल, बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मारकर जब मिग-21 भारत लौट रहा था, तब उस समय विंग कमांडर जिस मिग-21 को उड़ा रहे थे, वह रास्ते में क्रैश हो गया और यह भारतीय फाइटर जेट पाकिस्तानी सरहद से करीब 10-12 किलोमीटर अंदर जा गिरा था। तब पाकिस्तानी रेंजर्स ने विंग कमांडर अभिनंदन को बंदी बना लिया था। हालांकि, बाद में विंग कमांडर अभिनंदन को पाकिस्तान ने पूरे सम्मान के साथ भारत को सौंप दिया था, लेकिन उन्हें अपने वतन वापस आने के बाद फौरन बाद फिर से ड्यूटी की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी। इससे पहले उन्हें कुछ प्रोटोकॉल्स से गुजरने होते हैं। कुछ समय के लिए उस जवान को ग्राउंडेड कर दिया जाता है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, सामान्य तौर पर जब एक पायलट विमान से बाहर की तरफ कूदता है तो सुरक्षा प्रोटोकॉल के मद्देनजर कुछ समय के लिए उनको ग्राउंडेड कर दिया जाता है। इस तरीके की घटना के बाद पाकिस्तान से लौटे किसी भी जवान की नौकरी भी नहीं छिनी जानी जाती है। हालांकि, कुछ दिनों के लिए उनको किसी भी ऑपरेशन में बाकी जवानों के साथ नहीं रखा जाता है। ऐसा उनकी सुरक्षा और मेंटल हेल्थ के लिहाज से किया जाता है। खैर अब पाकिस्तान समझ गया है कि भारत से उलझना एक टेढ़ी खीर है। इसलिए उसकी सेना ने ऐसा कदम उठाया है, जिसकी भारत में तारीफ हो रही है। भारत और पास्तिान के बीच तनाव का मामला नया नहीं है।

## धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी



आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा, पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है, जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है, इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाक पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70 -75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं, पाक ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है, आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल लेगा, खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# टीआरपी की खातिर 'जमूरा' कुछ भी करेगा






**निर्मल रानी**

**देश का मजबूत होना जरूरी है, परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखे इसमे सिवाय चीखने चिल्लाने, बदतमीजी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदजुबानी से पेश आने, हिन्दू-मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, खालिस्तान, झूठ, अफवाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नजर नहीं आता**

अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टीवी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित ख़बरों को उनके चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्रा ने कहा था कि सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब अस्पष्टता की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी। गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया।

सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी मांगी और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सच्चाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इजाफा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाए विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाए विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं 'जमूरों' ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है।

यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीख़ने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदज़ुबानी से पेश आने, हिन्दू मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, ख़ालिस्तान, झूठ, अफ़वाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीखेज़ सुर्ख़ियां बनाईं व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलाई गईं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा 'भारत का फ़ाइनल अटैक! आधा पाकिस्तान तबाह' आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया। निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृति भी शामिल हो जाए तो न्यूज़ ऐंकर तो पूरी तरह 'जमूरे' के किरदार में ही नज़र आता है।

यही नहीं बल्कि इसी 'जमूरा गिरोह' द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध और यहां तक कि वीडियो गेम फ़ुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिए थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर, अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी। परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं, जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी, गोदी, दलाल, चरण चुम्बक, भक्त मीडिया जैसे 'अलंकरण' से 'नवाज़ा' जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था, आख़िर किस आधार पर इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया। बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गईं। जैसे 'पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला' जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रुरत ही क्या ? हम तो 'विश्वगुरु भारत' के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं। गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो रेखाएं गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामोशी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किए। जबकि देश की अदालतों ने एक नहीं अनेक बार मीडिया को उसकी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारणों के चलते आइना भी दिखाया, निर्देश भी दिए परन्तु इनकी बेशर्मी जस की तस क़ायम रही। और इसी विभाजनकारी एजेंडे के बल पर अपनी टीआरपी बढ़ती देख मीडिया उसी ढर्रे पर चलता रहा। और इसी बेलगामी का परिणाम यह रहा कि भारतीय मीडिया भारत-पाक तनाव के दौरान भ्रामक समाचार,सनसनीखेज़ कवरेज, ग़लत सूचना आदि प्रसारित करता रहा। और मीडिया के इसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना रवैय्ये ने इसकी विश्वसनीयता पर विश्व स्तर पर सवाल उठाए। कुछ आउटलेट्स ने संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन समग्र रूप से मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही। इतनी बदनामी व अपमान सहने के बाद आज भी मीडिया अपने ढर्रे पर क़ायम है। गोया इनकी नज़रों में यही पत्रकारिता है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# उन्नत रक्षा तकनीक और रिसर्च के नए रास्ते...



**पवन सिंह**

**भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे, भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन व अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है, हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है**


भारतीय सेनाओं ने भारत-पाक संघर्ष में अपनी युद्धकला का जिस तरह से मुजाहिरा किया है वह पूरे विश्व के हथियार बाजार के स्वरूप को बदल कर रख देगा। दुनियां की सबसे प्रोफेशनल और समर्पित व युद्ध की अनेकानेक जबरदस्त पैतरेबाजी में माहिर भारतीय सेनाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन, संयमित व संतुलित मीडिया ब्रीफिंग के जरिए बहुत कुछ नए मानदंड स्थापित किए हैं। दुनियां की सभी सैन्य निर्माता कंपनियां इस सैन्य संघर्ष का बहुत ही बारीकी से अध्ययन कर रही हैं। दो-दो देशों द्वारा पाक की 'बैक डोर हथियार मदद' के बावजूद जिस तरह से भारतीय सेनाओं ने अपनी सीमा में बैठे-बैठे पाक द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 'उधार के हथियारों' की बैंड बजाई है, वह वैश्विक स्तर पर युद्ध विज्ञान, अनुसंधान और निर्माण की दिशा-दशा को नए आयाम देगी। निकट भविष्य में भारत में सैन्य तकनीक और विकास का एक नया दौर तेजी से बहुत सारे अवसर खोजे लेगा। देश के युवाओं के लिए निजी और सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में जबरदस्त कार्य के अवसर खुलेंगे। रक्षा शोध और विकास संगठन ( **Defence Research and Development Organisation DRDO** ) भारत ने पहले ही इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। डीआरडीओ ने निजी क्षेत्र को भविष्य की सैन्य तकनीक विकसित करने में मदद के लिए नई नीतियों बनाई हैं और उस पर अमल भी शुरू कर दिया है।

प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत मौजूदा सैन्य उत्पादों व प्रणालियों को और अधिक उन्नत व संवेदनशील बनाने के लिए वित्तीय सहायता और विशेषज्ञता प्रदान की जा रही है। डीआरडीओ ने अपनी सभी सैन्य प्रयोगशालाओं को इस तरह से डेवलप किया है कि रक्षा प्रौद्योगिकियों और उत्पादों को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि वह भविष्य में होने वाले युद्धों का पासा पलट सके। रक्षा मंत्रालय अपनी टीडीएफ योजना के तहत इस बात पर जोर दे रहा है कि सैन्य उपकरणों/हथियारों की उत्पादन लागत भी कम हो और वो तेज व अचूक हों। भारत-पाकिस्तान के इस टकराव ने बता दिया है कि स्पीड और एक्युरेसी का तालमेल बाजी पलट सकता है। रक्षा मंत्रालय ने दिसम्बर, 2024 तक टीडीएफ योजना के अंतर्गत लगभग 335 करोड़ लागत की 80 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जो जानकारी सूत्रों से मिली है उसके अनुसार रक्षा क्षेत्र में जो भारतीय उद्योग सक्रिय हैं उन्होंने 18 सैन्य तकनीकों पर बेहतरीन कार्य को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका में डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी (**DARPA**) और डीआरडीओ ने हाथ मिला लिया है और रक्षा क्षेत्र में भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों के साथ मिल कर कुछ बड़े अनुसंधानों पर कार्य आरंभ हो चुके हैं। रक्षा उत्पादन और रिसर्च के लिए **MSME** और **TART-UP** के तहत करीब 930 करोड़ रुपये की राशि की 264 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

वैश्विक रक्षा बाजार बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है और भारत अब अपने सैन्य हथियारों की बिक्री के लिए इस बाजार में घुस चुका है। वर्तमान में अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार विक्रेता है। अमेरिका के बाद फ्रांस व रूस हथियारों के बड़े सौदागर हैं। जबकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार खरीदी करने वाला देश है। भारत के बाद यूक्रेन व सऊदी अरब अन्य बड़े हथियार खरीददार हैं। भारत अब विदेशी हथियारों की निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रहा है और वह निर्यातकों की सूची में शामिल हो चुका है। हथियारों के वैश्विक बाजार का आकार वर्ष, 2022 में 62.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह 96.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर को भी पार कर जायेगा। भारत नेक्ष वैश्विक हथियार बाजार में एक छोटा कदम ही सही लेकिन बतौर हथियार निर्यातक देश, एक कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे।

भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन और अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है। हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है। भारत जहां मिसाइल तकनीक में महारथ हासिल कर चुका है वहीं लड़ाकू विमानों के अनुसंधान, विकास और उत्पादन के मामले में बहुत कुछ विदेशी खरीद पर निर्भर है। यह एक गंभीर चुनौती है और रक्षा मंत्रालय इस बड़ी चुनौती से कैसे निपटा है, यह समय बताएगा। फिलहाल बहुत तेजी से निजी क्षेत्र की भारतीय कंपनियों ने सैन्य उपकरणों, हथियारों के विकास की ओर कदम बढ़ाए हैं। टाटा स्पेन की कंपनी के साथ सैन्य विमान के निर्माण की ओर कदम बढ़ा चुका है। टाटा की इस औद्योगिक इकाई में सी 295 विमान बनाए जाएंगे जिसे स्पेनिश कंपनी **CASA** ने डिजाइन किया है और यह मध्यम सामरिक परिवहन विमान है। भारत की एक निजी क्षेत्र की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के शेयर अचानक आसमान चढ़े हैं। यह कंपनी भारतीय सेना के लिए हैंड ग्रेनेड, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर से लेकर मिसाइल तक बना रही है। इस कंपनी ने वर्ष, 2011 में डिफेंस सेक्टर में कदम रखा था और यह ब्रह्मोस मिसाइल का बूस्टर बनाने वाली पहली निजी क्षेत्र की कंपनी है। इसके अलावा टाटा एडवांस सिस्टम, एलएंडटी डिफेंस, पारस डिफेंस, महेंद्रा जैसी कई कंपनियां रक्षा क्षेत्र में सामने आई हैं। भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं वहीं रक्षा उपकरणों पर विदेशी निर्भरता कम होगी। यानी आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और निर्माण की दिशा पर बहुत तेजी से कार्य करने की जरूरत है। पढ़ेगा इंडिया रिसर्च करेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया।

# चीन और पाकिस्तान के बीच फंसता नेपाल





**यशोदा श्रीवास्तव**

**पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है, लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई**

पहलगाम आतंकी हमले का दंश नेपाल को भी झेलना पड़ा है। बुटवल के एक नागरिक सुदीप न्योपाने को उस हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी थी। वे अपनी मां और बहन बहनोई के साथ कश्मीर घूमने गए थे। नेपाली लोग अमूमन किसी अन्य हिल स्टेशन पर नहीं जाते क्योंकि नेपाल स्वयं एक हिमालयी देश है जहां की वादियां और पहाड़ कश्मीर सरीखे ही हैं। लेकिन इधर कश्मीर निसंदेह आतंक मुक्त था इसलिए वहां पर्यटकों की आवाजाही में इजाफा होने लगा था। टुरिस्ट व्यवसाय से जुड़ा हर कश्मीरी खुशहाल हो रहा था। पहलगाम हमले से कश्मीर का टूरिस्ट उद्योग एक बार फिर छिन्न-भिन्न हुआ है। जाहिर है कश्मीर में जो शांति का माहौल था उससे भारत ही नहीं विदेशों के पर्यटक भी प्रभावित हो रहे थे। सुदीप न्योपाने और उनका परिवार भी उसमें से एक था। लेकिन इस परिवार को जो जख्म मिला, वह शायद ही फिर कभी इन्हें कश्मीर की ओर आकर्षित करने में कामयाब हो।

कश्मीर में सुदीप न्योपाने की हत्या से नेपाल में भी गम का माहौल था। ओली के नेतृत्व वाली हुकूमत ने भी इस पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आतंकियों की खूब मजम्मत की। आतंक के खिलाफ भारत के हर कदम पर खड़ा रहने का भरोसा भी दिया। लेकिन यह कैसा भरोसा था कि जब पहलगाम का बदला लेने के लिए भारत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा था तब पाकिस्तान के ग्यारह सैन्य अफसर नेपाल में प्रशिक्षण के लिए पंहुच गए। माना कि पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई। वे कहते हैं कि नेपाल सरकार अपनी धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए कदापि नहीं करने देगी तो क्या नेपाल में प्रशिक्षित पाकिस्तान के सैनिक भारत पर फूल बरसाते। भारत के लिए यह घटना चौंकाने वाली हो सकती है कि पाकिस्तान सशस्त्र बलों के विभिन्न संस्थानों में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नेपाली सेना के पूर्व सैनिकों का एक सम्मेलन काठमांडू स्थित पाकिस्तान दूतावास में आयोजित किया गया।

इसके पहले पाकिस्तान के 11 सदस्यीय सैन्य अफसर नेपाल में 15 मई तक प्रशीक्षण पर हैं। नेपाली सेना के अनुसार पाकिस्तान के नेशनल सिक्योरिटी एंड वार कालेज के ये 11 पाकिस्तानी सैन्य अफसर 4 मई को एयर कमोडोर साद मंसूर अंसारी के नेतृत्व में नेपाल आए हैं। ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर 15 मई तक नेपाली सेना माउंटेन वार फेयर कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। काठमांडू स्थित पाक दूतावास पर आयोजित इस सम्मेलन में ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाली सेना के पूर्व प्रमुख गौरव शमशेर राणा थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सेना प्रमुख राजेन्द्र क्षेत्री भी उपस्थित थे। सम्मेलन में पाकिस्तान दूतावास के सैन्य सलाहकार कर्नल मुहम्मद अली अल्वी ने नेपाल और पाकिस्तान के सैनिकों के बीच संबंधों और प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'पाकिस्तानी सशस्त्र बल नेपाली सेना की क्षमता निर्माण में भविष्य में भी सहयोग करता रहेगा'। इतना ही नहीं नेपाल के पूर्व सेना प्रमुख राणा ने यह तक कहा कि पाकिस्तानी संस्थानों के माध्यम से नेपाली सेना की क्षमता वृद्धि जैसे कार्यक्रम संस्था और इसमें भाग लेने वाले दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेपाल में पाकिस्तान के राजदूत अबरार एच. हाशमी ने कहा कि नेपाल और पाकिस्तान के बीच संबंध आपसी विश्वास और हितों पर आधारित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों देशों के बीच वर्तमान सैन्य संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे और नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।

यह भी गौरतलब है कि ओली भारत के विरोध में हो सकते हैं, नेपाल की जनता भी हो, ऐसा नहीं है और तमाम सारे विपक्षी दल भी ओली के सुर में सुर मिलाएं, ऐसा भी नहीं है। नेपाल में पाकिस्तानी सैन्य अफसरों की मौजूदगी की निंदा काठमांडू में खूब हुई। तमाम विरोधी दलों के नेताओं ने ओली के इस कदम को गैरवाजिब ठहराया। नेपाल प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य अभिषेक प्रताप शाह ने कहा है कि नेपाल सरकार को ऐसे किसी भी आयोजन से बचना चाहिए जो पड़ोसी राष्ट्र की भावनाओं को आहत करता हो। यह बताने की जरूरत नहीं है कि नेपाल चीन की गोद में बैठने को बेताब है और भारत पाक के बीच युद्ध जैसे हालात के दरम्यान चीन की क्या भूमिका थी? लेकिन भारत चीन के पहले नेपाल का न केवल पड़ोसी बल्कि बड़े भाई जैसा मित्र राष्ट्र है। ओली को इतना तो जरूर सोचना चाहिए था कि यदि पाकिस्तान के सैन्य अफसरों का नेपाल में प्रशिक्षण जरूरी है तो वह इसे कम से कम भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे फायरिंग के समय तक होल्ड कर सकते थे। नेपाल में कोई भी सरकार हो,सभी कहते हैं कि नेपाल की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा। लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाता। नेपाल की धरती से छिटपुट आतंकी घटनाओं को नजरंदाज भी कर दें तो 1999 में काठमांडू हवाई अड्डे से आतंकियों द्वारा भारतीय यात्रियों से भरे भारतीय जहाज का अपहरण कैसे भूला जा सकता है? अभी बुद्ध पूर्णिमा के दिन भारत सीमा से सटे भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी से ओली ने शांति, प्रेम और करुणा पर खूब लंबा चौड़ा ज्ञान बांटा। काश नेपाल के प्रधानमंत्री ओली बुद्ध के दिखाए मार्ग पर थोड़ा भी चल पाते!

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# चेहरे की खूबसूरती बरकरार रखने में फायदेमंद हो सकती है फिटकरी



चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन गर्मियों में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि गर्म हवाओं की वजह से फेस पर अलग-अलग तरह की परेशानियां हो सकती हैं। जिससे महिलाएं परेशान हो जाती हैं। वहीं अगर आपको गर्मी के मौसम में स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, आप घर पर ही अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकती हैं। चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है।

### फिटकरी से बनाएं टोनर

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो आप फिटकरी से टोनर भी बना सकती हैं। इसके लिए फिटकरी को एक कंटेनर में डाल दें। अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर कुछ देर के लिए रख दें। अब इस पानी को स्प्रे बॉटल में छानकर भर लें। फिर इस पानी से फेस पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें। इसको फेस पर स्प्रे करने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें।

### ऐसे बनाएं फेस पैक

आप फिटकरी की सहायता से घर पर फेसपैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। फेस पैक बनाने के लिए एक कंटेनर में सबसे पहले थोड़ा सा फिटकरी पाउडर लें। अब इसमें हनी मिक्स करें और राइस फ्लोर मिक्स करें। अब इसमें रोज वॉटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस तरह से फेस पैक बनकर तैयार हो जाएगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

इसको फेस पर अप्लाई करके 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे आपकी त्वचा ग्लोइंग हो सकती है और डार्क स्पॉट्स भी हल्के हो सकते हैं। फेस पर इसको अप्लाई करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। चेहरा धोने के बाद ही फिटकरी का इस्तेमाल करें।

# तुर्की को पर्यटन व्यवसाय में भारत से करारा झटका

## 270 करोड़ का व्यवसाय चौपट

**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले तुर्की और अजरबैजान का हुक्का-पानी बंद करना शुरू कर दिया है। जिन भारतीयों ने इन देशों की यात्रा के लिए बुक किए थे, उन्होंने अपने टिकट रद्द करने शुरू कर दिए हैं। मेक माय ट्रिप के प्रवक्ता ने बताया कि बीते एक हफ्ते में भारतीय यात्रियों ने इन देशों के लिए काफी कम उत्साह दिखाया है। अजरबैजान और तुर्की के लिए बुकिंग में 60 फीसदी की कमी आई है, जबकि इसी अवधि के दौरान टिकट के रद्द होने में 250 फीसदी उछाल आया है। प्रवक्ता ने कहा, अपने देश के साथ एकजुटता और अपने सशस्त्र बलों के प्रति गहरे सम्मान के कारण हम इस भावना का मजबूती से समर्थन करते हैं और सभी को अजरबैजान और तुर्की की सभी गैर-जरूरी यात्रा न करने सलाह देते हैं।

हमने अपने प्लेटफार्म पर इन दोनों गंतव्यों पर पर्यटकों को जाने के लिए प्रोत्साहित करने वाले सभी विज्ञापन और आफर पहले ही बंद कर दिए हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की पूर्व अध्यक्ष ज्योति मयाल ने कहा, भारत और पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की के ड्रोन इस्तेमाल करना हमारी भावनाओं के खिलाफ गया। हमने पर्यटन के क्षेत्र में इन दोनों देशों की बहुत मदद की है। खासतौर पर कोरोना महामारी के बाद तो हमने इनका और भी ज्यादा समर्थन किया। पिछले साल भारत से तुर्की 3,30,000 लोग गए। तुर्की की अर्थव्यवस्था में हमारा करीब चार हजार करोड़ का निवेश है। यहां तक कि हमारे बीच व्यापार का आकार भी बहुत बड़ा है। लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उनको लगा है कि तुर्की और अजरबैजान बिल्कुल नहीं जाना चाहिए। 50 फीसदी बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। हमारे बड़े टूर आपरेटर्स ने टिकट बेचना बंद कर




दिया है, क्योंकि पर्यटन शांति और लोगों के आपसी संबंधों के बारे में है। पिछले महीने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। इनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए आपरेशन सिंदूर शुरू किया।




तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी पत्नी गीता हैदराबाद के चौमहल्ला पैलेस में मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगियों के साथ भव्य रात्रिभोज के दौरान।

## प्राकृतिक संसाधन समझौते को अंतिम रूप दे रहा यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन ने मंगलवार को अमेरिका को एक आधिकारिक नोट सौंपा, जिसमें द्विपक्षीय प्राकृतिक संसाधन सौदे के लिए अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं के पूरा होने की पुष्टि की गई है, जो यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए एक संयुक्त निवेश कोष की स्थापना करेगा। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन की प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने कीव में अमेरिकी दूतावास में प्रभारी डी एफ़ेयर एआई जूली डेविस को नोट सौंपा। गौरतलब है कि यूक्रेन के खनिज संसाधनों, गैस और तेल पर नई रॉयल्टी द्वारा आंशिक रूप से वित्तपोषित इस कोष की स्थापना के लिए समझौते पर 30 अप्रैल को वाशिगटन, डीसी में सु. स्विरीडेंको और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। सु. स्विरीडेंको के अनुसार दोनों देश इस कोष का सह-प्रबंधन और सह-वित्तपोषण करेंगे, जबकि यूक्रेन अपने खनिज और ऊर्जा संसाधनों पर स्वामित्व तथा पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगा।

## चीन के शीर्ष अधिकारियों ने भारत, पाकिस्तान के राजदूतों से की मुलाकात

**बीजिंग/इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद चीन के शीर्ष अधिका. रियों ने बीजिंग में भारतीय और पाकिस्तानी राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात की। चीन के विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के महा. निदेशक लियू जिनसोंग ने सोमवार को चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने चीन-भारत संबंधों और साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। वहीं मंगलवार को चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग ने पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी से उनके अनुरोध पर मुलाकात की। वेदोंग और पाक राज. दूत की मुलाकात में दोनों ने संबंधों और क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय हालात पर चर्चा की। वेदोंग ने भारत-पाक के बीच पूर्ण और स्थाई संघर्ष-विराम का समर्थन करते हुए बातचीत के जरिए मतभेद सुलझाने की अपील की और क्षेत्रीय शांति में चीन की रचनात्मक भूमिका जारी रखने की बात कही।

## अमेरिकी-सऊदी में 12.1 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**रियाद।** अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार को 142 बिलियन डालर (12.1 लाख करोड़ रुपये) की डिफेंस डील पर साइन किए। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है। इस समझौते में सऊदी अरब को C-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लाकहीड मार्टिन, बोइंग, और नार्थराप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे। वे चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं, फिर कतर और UAE जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने डील के पेपर एक्सचेंज किए। क्राउन प्रिंस डठै से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कुछ ही दिन पहले ही मेरी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर मध्यस्थता की। मैंने ऐसा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प ने फोरम के मंच से घोषणा की कि वह सीरिया से लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं, ताकि देश को आर्थिक जीवनदान मिल सके। ट्रम्प बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। ट्रम्प ने कहा वो ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रस्ताव ठुकराया गया तो वो ईरान का आयल एक्सपोर्ट जीरो कर देंगे। ट्रम्प ने कहा- उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब भी अब्राहम अकार्ड में शामिल होगा। यह समझौता 2020 में अमे. रिकी की मध्यस्थता में इजरायल, UAE, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हुआ था।

## उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का निधन

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस पेपे मुजिका का मंगलवार को 89 वर्ष की आयु में मोंटेवीडियो में निधन हो गया। उरुग्वे के राष्ट्रपति यामांडू ओरसी ने इसकी पुष्टि की। मुजिका ने जनवरी में घोषणा की थी कि उनका एसोफैजियल कैंसर जिसका पहली बार अप्रैल 2024 में निदान किया गया था उनके लीवर में फैल गया है। उन्होंने कहा कि वह आगे का इलाज नहीं करवाएंगे।

ओरसी ने सोशल मीडिया पर लिखा, गहरे दुख के साथ हम अपने साथी पेपे मुजिका-पूर्व राष्ट्रपति, कार्यकर्ता, नेता और मार्गदर्शक के निधन की घोषणा करते हैं। हम आपको बहुत याद करेंगे पुराने दोस्त। आपने हमें जो कुछ भी दिया और अपने लोगों के लिए आपके गहरे प्यार के लिए धन्यवाद। गौरतलब है कि स्थानीय साप्ताहिक बुस्केदा के साथ एक साक्षात्कार में मुजिका ने कहा था।

# बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का ऐलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया, तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

मीर यार बलूच ने कहा कि दुनिया को पाकिस्तान के एकतरफा बयान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। पाकिस्तान बलूचिस्तान के नेता के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर और 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान के पाकिस्तान में शामिल होने के समारोह में अंतर्राष्ट्रीय या तीसरे देश की भागीदारी को साबित करने वाला एक भी कागज और कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि एक बार जब हमें संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता और स्वतंत्रता मिल जाएगी तो हम अपने आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मैत्रीपूर्ण और दीर्घकालिक संबंध बनाएंगे, शांति बनाए रखेंगे और वैश्विक आर्थिक मंदी को रोकने, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने में मदद करेंगे।

## आईएमएफ ने पाक को जारी की दूसरी किश्त

**रु. 8400 करोड़ की किश्त जारी**

**इस्लामाबाद।** इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को 1.02 अरब डॉलर (करीब 8400 करोड़ रुपये) की दूसरी किश्त बुधवार को जारी कर दी है। आईएमएफ ने इससे पहले 9 मई को पाकिस्तान को एक बिलियन डॉलर का कर्ज दिया था। पाकिस्तान को यह फंड एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) प्रोग्राम के तहत दी गई है। पाकिस्तान को सितम्बर 2024 में 7 बिलियन डालर का 37महीने का ईएफएफ मंजूर हुआ था, जिसमें 1 बिलियन डालर तुरंत जारी किया गया था। आज की रकम जोड़ दें, तो आईएमएफ से पाकिस्तान को ईएफएफ प्रोग्राम के तहत 3.1 बिलियन डालर की रकम मिल चुकी है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने कहा कि दूसरी किश्त की राशि 16 मई तक आ जाएगी। वहीं, पाकिस्तान में भारतीय हमले में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। पाकिस्तान ने मंगलवार को कबूल किया था कि भारत की ओर से लान्च किए गए आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी सेना के 11 जवान मारे गए हैं। इसके अलावा 78 सैनिक घायल भी हुए थे। इन्हीं घायलों में से आज 2 की मौत हुई है।



## उधमपुर, कठुआ के कुछ हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान खुले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य होने के साथ ही उधमपुर और कठुआ जिले के कुछ हिस्सों सहित गैर-सीमावर्ती क्षेत्रों में बुधवार को सभी शैक्षणिक संस्थान फिर से खुल गए। अधिकारियों ने यहां बताया कि नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया था और करीब एक सप्ताह बाद शैक्षिणिक संस्थानों को आज फिर से खुल दिया गया।

## पेरू के प्रधानमंत्री एड्रियनजेन ने दिया इस्तीफा

**लीमा।** पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनज़ेन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविज़न पर अपने संबा. धन में कहा, राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफ़ा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूं। एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थी, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।

## ऑपरेशन सिंदूर पाक कब्जे के लिए नहीं था

**अमेरिकी एक्सपर्ट बोले: रणनीतिक मकसद के लिए था, भारत ने चार दिन में पूर्ण किया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिलिट्री एक्सपर्ट जान स्पेंसर ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने रणनीतिक मकसद को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह आपरेशन पीओके पर कब्जे या फिर पाकिस्तान की सत्ता बदलने की मकसद से नहीं शुरू किया गया था। एक्सपर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। कुछ लोग इसे सीजफायर कह सकते हैं, लेकिन यह विराम नहीं है। फिलहाल भारत ने एक बड़ी जीत हासिल कर ली है। स्पेंसर के मुताबिक भारत ने पहले की तरह न तो संयुक्त राष्ट्र का दरवाजा खटखटाया और न ही पाकिस्तान को चेतावनी दी। भारत ने सीधे लड़ाकू विमान भेजे और सटीक हमला किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस आपरेशन के जरिए आतंक के खिलाफ उसकी रणनीति को नए स्तर पर पहुंचाया और पाकिस्तान को भी साफ संदेश दिया है कि आतंक का जवाब युद्ध से मिलेगा। जान स्पेंसर मार्डन वार इंस्टिट्यूट में चेयरमैन हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन एयर फोर्स ने 7 मई को पाकिस्तान में 9 ठिकानों पर सटीक हमला किया था। इससे पाकिस्तान और पीओके में मौजूद अहम आतंकी शिविर तबाह हो गए।

# पाक सेना के समर्थन में जुटे हजारों आतंकवादी

## पहले कराची में निकाली रैली, भारत विरोधी भाषण दिए

**इस्लामाबाद।** कराची में 12 मई को हजारों कट्टरपंथी नेताओं और आतंकवादियों ने पाकिस्तान सेना के समर्थन में रैली की। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा और अहले सुन्नत वल जमात शामिल थे। दोनों ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी संगठन घोषित हैं। ऑपरेशन बनयान-उन- मर्सूस का जश्न मनाते हुए रैली में आतंकियों और कट्टरपंथी नेताओं ने बुलेटप्रूफ ग्लास के पीछे खड़े होकर भारत विरोधी भाषण दिए। पाकिस्तान की दिफा-ए-वतन काउंसिल की दिफा-ए-वतन रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। यह रैली भारतीय सेना के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के ऑपरेशन का जश्न मनाने के लिए निकाली गई थी। दिफा-ए-वतन नाम की इस रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। पाकिस्तान के कराची में दिफा-ए-वतन काउंसिल के तहत जमा हुए कट्टरपंथी नेताओं ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ की। यहां भारत विरोधी भाषण दिए गए और दोनों देशों के तनाव को धर्म से जोड़कर पेश किया गया। इस रैली में प्रतिबंधित समूह लश्कर-ए-तैयबा और अहल-ए-सुन्नत वल जमात के आतंकी शामिल हुए। दिफा-ए-वतन काउंसिल पाकिस्तान के धार्मिक और राजनीतिक संगठनों का गठबंधन है। इसका मकसद देश की रक्षा करना है। इस रैली में कई कट्टरपंथी मौलाना भी शामिल भी शामिल हुए। इन्होंने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबा. जी की और दोनों देशों के संघर्ष को धर्म से जोड़कर पेश किया। कट्टरपंथी मुफ्ती तारिक मसूद ने कहा कि पाकिस्तान के गद्दार PAK आर्मी को सेक्युलर कहते हैं, जबकि हमारे दुश्मन हमारी आर्मी को मजहबी आर्मी कहते हैं।

इस युद्ध को जीतने के बाद यह तय हो गया है कि हमारी सेना सेक्युलर नहीं है। यह एक ऐसी सेना है जो शहादत (बलिदान) का जुनून रखती है और मजहब और इस्लाम के नाम पर, अल्लाह के नाम पर अपनी जान कुर्बान कर देती है। जमीयत



उलेमा-ए-इस्लाम (सिंध) के महासचिव अल्लामा राशिद महमूद ने भारत को खुलेआम धमकी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी आर्मी ने इजराइली ड्रोनों को गिराकर उसका घमंड चकनाचूर कर दिया। फ्रांस के राफेल जेट को मार गिराया और रूस में बनें -400 डिफेंस सिस्टम को भी तबाह कर दिया। इससे रूस को भी पता चल गया है कि पाकिस्तान से पंगा लेने से पहले तुम्हें सौ बार सोचना चाहिए।

## 3 महीने से गाजा में अनाज का दाना नहीं

**गाजा।** गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की है।

इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि उनके पास खाने



गाजा में कुपोषण से जूझती एक बच्ची, जो नवंबर में जन्मी है, इसने सिर्फ युद्ध ही देखा है।

का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में WFP के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने की बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का भोजन ही बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है।

अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 13 मई को एक बयान में कहा कि वे हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे।